खण्ड–508, अंक–02
शुक्रवार, 28 आषाढ़, शक संवत् 1941
(19 जुलाई, 2019 ई0)

उत्तर प्रदेश विधान सभा

की

कार्यवाही

-: 0 :-

(अधिकृत विवरण)

(सत्रहवीं विधान सभा, द्वितीय सत्र, 2019)

(खण्ड 508 में 07 अंक हैं)
उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय (कार्यवाही अनुभाग) द्वारा प्रकाशित

मुद्रक :
निदेशक, राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, लखनऊ (भारत)
2019

मूल्य : बिना महसूल 16.75 रुपये, महसूल सहित 21.00 रुपये।
वार्षिक चन्दा : बिना महसूल 586.25 रुपये, महसूल सहित 724.25 रुपये।

विषय सूची

विषय			पृष्ठ-संख्या
उपस्थित सदस्य	...	...	1-6
नेता विरोधी दल द्वारा नियम-311 कें अन्तर्गत प्रदेश की कानून व्यवस्था तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री मो0 आजम खां पर दर्ज मुकदमे का प्रकरण उठाने का प्रयास	...	...	7-9
जनपद सोनभद्र में जमीनी विवाद में मारे गये व्यक्तियों तथा घायलों के प्रति मा0 मुख्यमंत्री की संवेदना	...	...	9-12
मा0 अध्यक्ष द्वारा सदस्यों को बैनर और प्लेट्स अपने कार्यालय में रखकर सदन में आने का निदेश	...	...	12
प्रश्नोत्तर	...	...	12-75
नेता विरोधी दल द्वारा नियम-311 के अन्तर्गत प्रदेश की कानून व्यवस्था तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री मो0 आजम खां पर दर्ज मुकदमे का प्रकरण (क्रमागत)	...	...	75-82
कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएँ	...	...	82-94
उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-01 सन् 2019) (सदन के पटल पर रखा गया)	...		94
उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-02 सन् 2019) (सदन के पटल पर रखा गया)	...		94
उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-03 सन् 2019) (सदन के पटल पर रखा गया)...			95
उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियम) (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-04 सन् 2019) (सदन के पटल पर रखा गया)	...	...	95
लखनऊ मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड का वार्षिक विवरण वित्तीय वर्ष 2016-17 (सदन के पटल पर रखी गयी)	...	...	95
लखनऊ मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड का वार्षिक विवरण वित्तीय वर्ष 2017-18 (सदन के पटल पर रखी गयी)	...	...	95

आ

विषय	पृष्ठ-संख्या
उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण (चौदहवां संशोधन) नियमावली, 2019 (सदन के पटल पर रखी गयी)	95
उत्तर प्रदेश सूचना आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन 2017-18 (सदन के पटल पर रखा गया)	96
लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) (सदन के पटल पर रखा गया)	96
भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मदिरा के उत्पादन और बिक्री के मूल्य निर्धारण (राज्य आबकारी विभाग) का प्रतिवेदन (सदन के पटल पर रखा गया)... ...	96
भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन (आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र) 31 मार्च, 2017 (सदन के पटल पर रखा गया)	96
लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश का विशेष प्रतिवेदन संख्या-1-2007 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) (सदन के पटल पर रखा गया)	97
श्री राज्यपाल महोदय का संदेश	97
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2018 (श्री राज्यपाल की अनुमति की सूचना)	97
उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2019 (श्री राज्यपाल की अनुमति की सूचना)	98
दण्ड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2018 (श्री राज्यपाल की अनुमति की सूचना)	98
श्री रोशन लाल वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद शाहजहांपुर से सम्बन्धित 2 याचिकायें (उपस्थित की गयीं)	98
श्री मूलचन्द्र सिंह निरंजन, सदस्य, विधान सभा की जनपद जालौन से सम्बन्धित 3 याचिकायें (उपस्थित की गयीं)	99
नेता विरोधी दल का माइक बन्द होने की शिकायत पर श्री अध्यक्ष द्वारा दिखवाने के निदेश	99
श्री बाबू राम पासवान, सदस्य, विधान सभा की जनपद पीलीभीत से सम्बन्धित 2 याचिकायें (उपस्थित की गयीं)	100

विषय	पृष्ठ-संख्या
कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन को कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव (स्वीकृत)	101
उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2019 (पुरःस्थापित)	102
उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा अधिकरण विधेयक, 2019 (पुरःस्थापित) ...	103
लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्मारक विश्वविद्यालय घोषित करते हुए केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने विषयक डॉ0 नीरज बोरा द्वारा दिनांक 19 मई, 2017 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	104
जनपद-फिरोजाबाद के विश्व प्रसिद्ध कांच उद्योग में गर्म कांच की भट्ठियों एवं बर्नरों पर काम करने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य बीमा कार्ड (जारी) किये जाने विषयक श्री मनीष कुमार असीजा द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	104
जनपद कुशीनगर के सेवरही दुदही एवं तमकुहीराज के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को जनहित में संयुक्त चिकित्सालय का दर्जा प्रदान कर सारी चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान किये जाने विषयक श्री अजय कुमार लल्लू द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	104
जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र-131, कटरा के अन्तर्गत ग्रामीण युवाओं के लिये स्पोर्ट्स स्टेडियम की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	105
जनपद फिरोजाबाद के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु 400 के0वी0 क्षमता के विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष असीजा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	105
जनपद प्रतापगढ़ के गरीब बेरोजगारों के पलायन को रोकने हेतु उद्योग/लघु उद्योग तथा कुटीर उद्योग की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में डा0 आर0के0 वर्मा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	105

विषय	पृष्ठ-संख्या
जनपद कुशीनगर के तमकुहीराज विधान सभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर के मनझरिया स्केप व सिद्धपुरा स्केप को नहर का स्वरूप देते हुये पक्का कराये जाने विषयक श्री अजय कुमार लल्लू द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	106
पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी जनपद में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की एक अन्य खण्डपीठ की स्थापना किये जाने विषयक श्री संजय गर्ग द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	106
जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र-131, कटरा के अन्तर्गत नगर पंचायत कटरा को नगर पंचायत बनाये जाने विषयक श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प (निरस्त) ...	107
प्रदेश के गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले आवास विहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराये जाने विषयक श्रीमती नीलम करवरिया द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	107
जनपद फिरोजाबाद में बड़ी संख्या में कैंसर रोग से पीड़ित नागरिकों को उपचार हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से निर्माणाधीन मेडिकल कालेज मे एक कैंसर अस्पताल/विंग/यूनिट की स्थापना कराये जाने विषयक श्री मनीष असीजा द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	107
औद्योगिक रूप से पिछड़े जनपद गोरखपुर में नये उद्योगों की स्थापना के लिये पूर्व मुख्य मंत्री द्वारा बनाई गई नीति गीडा के अन्तर्गत नये उद्योगों के लिये भूमि अधिग्रहीत कर उपलब्ध कराये जाने विषयक श्री फतेह बहादुर सिंह द्वारा, दिनांक 21 दिसम्बर, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	107
जनपद झांसी के गुरूसराय कस्बे में एक राजकीय महाविद्यालय की स्थापना कराये जाने विषयक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा दिनांक 21 दिसम्बर, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	108
जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा के अन्तर्गत एक उप मण्डी की स्थापना कराये जाने विषयक श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 2019 को प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (निरस्त) ...	108

विषय	पृष्ठ-संख्या
खेती में प्रयोग किये जा रहे खतरनाक रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों से होने वाले भयंकर रोगों जैसे कैंसर, हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं पक्षाघात की जागरूकता विषयक जानकारी शिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल किये जाने विषयक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	108
जनपद-प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र सोरांव में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु 25 पानी की टंकियां स्थापित कराये जाने विषयक डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज द्वारा प्रस्तुत संकल्प (व्यपगत) ...	109
प्रदेश में ऊर्जा विभाग एवं पावर कम्पनियों द्वारा बिना किसी अनुबन्ध के किसानों की जमीनों से हाईटेंशन लाइन बिछा कर करोड़ों की कमाई कराने के एवज में सम्बन्धित किसानों को मासिक किराया मुफ्त बिजली कनेक्शन एवं विद्युत दुर्घटना से समुचित मुआवजा दिलाये जाने विषयक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	109
लखनऊ-सीतापुर रेल प्रखण्ड पर भिटौली के पास पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अण्डरपास का निर्माण कराये जाने विषयक डा0 नीरज बोरा द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	109
जनपद-बांदा के विधान सभा क्षेत्र तिन्दवारी की तहसील पैलानी के ग्राम-जसपुरा में एक फायर स्टेशन की स्थापना कराये जाने विषयक श्री बृजेश कुमार प्रजापति द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी) ...	109
जनपद-वाराणसी के सेवापुरी में गंगातीरी गायों के उपचार हेतु पशु चिकित्सालय का निर्माण कराये जाने विषयक श्री नील रतन सिंह 'नीलू' द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर चर्चा (जारी)	110
नियम-51 के अन्तर्गत सूचनायें	110
उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा की गई पी0सी0एस0 2015 की भर्ती की सी0बी0आई0 जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य (स्थगित)	113
जनपद श्रावस्ती के तहसील भिनगा के ग्राम दयाली में राप्ती नदी के किनारे खनन हेतु की गयी ई-टेण्डरिंग में हुयी अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री श्याम धनी द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य	113

विषय	पृष्ठ-संख्या
जनपद रायबरेली के ग्राम बल्ला हरचन्द्रपुर नवोदय मार्ग पर 400 के0वी0 विद्युत गृह स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में श्री राकेश सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर ऊर्जा मंत्री का वक्तव्य ...	115
जनपद शाहजहांपुर के कतिपय तहसीलों में राजस्व विभाग द्वारा स्थानान्तरण नीति में की जा रही अनियमितताओं के सम्बन्ध में श्री रोशन लाल वर्मा द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य	117
जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली में कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के अन्तर्गत सामाजिक कार्य करवाये जाने के सम्बन्ध मे श्री दलवीर सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर ऊर्जा मंत्री का वक्तव्य	118
प्रदेश की तहसीलों में ऑनलाइन खतौनी दर्ज किये जाने में की जा रही अनियमितताओं के सम्बन्ध में श्री राकेश प्रताप सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य	119-123
प्रदेश में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन का भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम चन्द्र यादव द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर आयुष मंत्री का वक्तव्य	123-136
जनपद बांदा के नगर पालिका परिषद् अतर्रा के प्रभारी अधिशासी अधिकारी को मुख्यालय से सम्बद्ध किये जाने एवं इनके द्वारा की जा रही वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रकाश द्विवेदी द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर नगर विकास मंत्री का वक्तव्य मा0 सदस्यों के अनुरोध पर (स्थगित)	137
जनपद बस्ती के भूमिधरी आराजी संख्या-579, 580, 542/80 तथा 542/12 पर अवैध कब्जा हटा कर पैमाइश कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य	137
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित अभ्यर्थियों को राज्य स्तरीय सेवा में जोड़े जाने के सम्बन्ध में श्री उज्जवल रमण सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य	138
उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक बनाये जाने हेतु न्यायोचित निर्णय लिये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती जय देवी द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर बेसिक शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य	139

विषय	पृष्ठ-संख्या
जनपद सिद्धार्थनगर के विधान सभा क्षेत्र इटवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में जलभराव एवं चहारदीवारी के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का केवल वक्तव्य	140
जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा में स्थित सहकारी चीनी मिल तिलहर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी फंड का भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' द्वारा, नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री का केवल वक्तव्य	141
जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद के संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में डा0 मुकेश चन्द्र वर्मा द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का केवल वक्तव्य	142
नियम-301 के अन्तर्गत सूचनाएं	143-146
जनपद सिद्धार्थनगर के विधान सभा क्षेत्र इटवा के ब्लाक भनवापुर में राजकीय कन्या इण्टर कालेज खुलवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	146
जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र फरीदपुर के ग्राम पंचायत भुता में राजकीय कन्या इण्टर कालेज खुलवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	146-147
जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन के ग्राम नलहेडागुर्जर, चांदनपुर मार्ग पर सूरी सिंह देवता के पास पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में, नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	147
जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र मीरगंज अन्तर्गत एन0एच0-24 से टेक्सटाइल पार्क तक रोड का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	147
जनपद पीलीभीत के तहसील बीसलपुर के अन्तर्गत बस अड्डे का उच्चीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में, नियम-301 के अन्तर्गत सूचना ...	147

विषय	पृष्ठ-संख्या
जनपद फिरोजाबाद में ट्रामा सेन्टर के लिए आधुनिक उच्च क्षमता युक्त एम0आर0आई0 मशीन एवं सम्बन्धित मानव संसाधन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	147-148
जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद में मोहल्ला आदर्शनगर के अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	149
जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मोहनलालगंज में राजकीय नलकूप की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	149
जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के कतिपय अस्पतालों में डाक्टर, स्टाफ एवं अन्य सुविधायें यथाशीघ्र चालू कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	149-150
जनपद उन्नाव के विकास खण्ड हिलौली के अन्तर्गत दुन्दपुर नहर पुलिया का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	150
उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम द्वारा जेल में राशन सप्लाई में राशन माफियाओं का हस्तक्षेप रोके जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	150-151
जनपद उन्नाव के ब्लाक मियागंज से पनापुर भखरा खेड़ा में पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना ...	151
जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नजीबाबाद के किसान सहकारी चीनी मिल के प्रदूषित जल से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	152
जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम के कतिपय गांवों में विद्युत की समस्याओं का निराकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	152-153
जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर में कतिपय मार्गों का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	153
जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रूदौली के अन्तर्गत तमसा नदी पर स्थायी पुलियों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	154

विषय	पृष्ठ-संख्या
प्रदेश में भू-गर्भ जल के बढ़ते संकट के निराकरण हेतु गठित उ0प्र0 जल प्रबन्धन एवं नियामक आयोग को सक्रिय कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	154-155
जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र आलापुर के जन्दुआई कला बिजली घर में एक अतिरिक्त फीडर निकसपुर के नाम से लगवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	155
जनपद गाजीपुर के विधान सभा क्षेत्र जमानियाँ में ताड़ीघाट बारा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	155
जनपद आगरा के विधान सभा क्षेत्र फतेहाबाद के ग्राम पतईयापुर में प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना	156
जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र कोल के कतिपय ब्लाकों में नलकूपों की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना ...	156
नत्थियां	158-178

उत्तर प्रदेश विधान सभा

सत्रहवीं विधान सभा

शुक्रवार, दिनांक 19 जुलाई, 2019 ई0

(विधान सभा की बैठक सभा मण्डप लखनऊ में दिन के 11 बजे अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित की अध्यक्षता में आरम्भ हुई)

उपस्थित सदस्य-349

1-अगयश राम सरन वर्मा, श्री पीलीभीत
2-अजय कुमार, डॉ0 इलाहाबाद
3-अजय कुमार सिंह ''अजय सिंह'', श्री बस्ती
4-अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, श्री सम्भल
5-अजीत पाल त्यागी, श्री गाजियाबाद
6-अजीत पाल सिंह, श्री कानपुर देहात
7-अतुल गर्ग, श्री गाजियाबाद
8-अनिल कुमार, श्री बुलन्दशहर
9-अनिल कुमार दोहरे, श्री कन्नौज
10-अनिल पाराशर, श्री अलीगढ़
11-अनिल राजभर, श्री वाराणसी
12-अनिल सिंह, श्री उन्नाव
13-अनीता, श्रीमती अम्बेडकर नगर
14-अनीता लोधी राजपूत, डा0 बुलन्दशहर
15-अनुपमा जायसवाल, श्रीमती बहराइच
16-अनुराग सिंह, श्री मिर्जापुर
17-अनूप प्रधान, श्री अलीगढ़
18-अबरार अहमद, श्री सुल्तानपुर
19-अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, श्री प्रतापगढ़
20-अभिजीत सिंह सांगा, श्री कानपुर नगर
21-अमिताभ बाजपेई, श्री कानपुर नगर
22-अम्बरीश सिंह पुष्कर एडवोकेट, श्री लखनऊ
23-अरुण कुमार, डॉ0 बरेली
24-अर्चना पाण्डेय, श्रीमती कन्नौज
25-अवस्थी बाला प्रसाद, श्री खीरी
26-अविनाश त्रिवेदी, श्री लखनऊ
27-अशोक कुमार राणा, श्री बिजनौर
28-असलम अली, श्री हापुड़
29-आजाद अरिमर्दन, श्री आजमगढ़
30-आनन्द स्वरुप शुक्ल, श्री बलिया
31-आर0के0 वर्मा, डॉ0 प्रतापगढ़
32-आराधना मिश्रा 'मोना', श्रीमती प्रतापगढ़
33-आलमबदी, श्री आजमगढ़
34-आशीष कुमार सिंह ''आशू'', श्री हरदोई
35-आशुतोष उपाध्याय, श्री देवरिया
36-इकबाल महमूद, श्री सम्भल
37-इकराम कुरैशी, हाजी मुरादाबाद
38-इरफान सोलंकी, हाजी कानपुर नगर
39-उज्जवल रमण सिंह, श्री इलाहाबाद
40-उदयभान सिंह, चौ0 आगरा
41-उपेन्द्र तिवारी, श्री बलिया
42-उमाशंकर सिंह, श्री बलिया
43-उमेश मलिक, श्री मुजफ्फरनगर
44-ओमकार सिंह, श्री बदायूं
45-ओम प्रकाश राजभर, श्री गाजीपुर
46-कपिल देव अग्रवाल, श्री मुजफ्फरनगर
47-कमल रानी, श्रीमती कानपुर नगर
48-कमलेश शुक्ल, श्री देवरिया
49-करण सिंह पटेल, श्री फतेहपुर
50-कल्पनाथ पासवान, श्री आजमगढ़
51-कारिन्दा सिंह, श्री मथुरा
52-काली प्रसाद, श्री देवरिया
53-किशन लाल राजपूत, श्री पीलीभीत
54-कुशाग्र सागर, श्री बदायूं

55-कृष्णपाल मलिक, श्री बागपत
56-कृष्णा पासवान, श्रीमती फतेहपुर
57-केसर सिंह, श्री बरेली
58-कैलाश नाथ शुक्ल, श्री बलरामपुर
59-कैलाश नाथ सोनकर, श्री वाराणसी
60-कैलाश सिंह राजपूत, श्री कन्नौज
61-गंगा, श्री कुशीनगर
62-गरिमा सिंह, श्रीमती अमेठी
63-गिरीश चन्द्र यादव, श्री जौनपुर
64-गुलाब देवी, श्रीमती सम्भल
65-गौरी शंकर, श्री जालौन
66-चन्द्रपाल कुशवाहा, श्री बांदा
67-चन्द्र प्रकाश उर्फ
सीए चन्द्र प्रकाश शुक्ल, श्री बस्ती
68-चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, श्री चित्रकूट
69-चेतन चौहान, श्री अमरोहा
70-चेतराम, श्री शाहजहांपुर
71-छत्रपाल सिंह गंगवार, श्री बरेली
72-जगदीश सोनकर, श्री जौनपुर
73-जटाशंकर त्रिपाठी, श्री कुशीनगर
74-जन्मेजय सिंह, श्री देवरिया
75-जमुना प्रसाद सरोज, डॉ0 इलाहाबाद
76-जय कुमार सिंह (जैकी), श्री फतेहपुर
77-जय देवी, श्रीमती लखनऊ
78-जयप्रकाश निषाद, श्री देवरिया
79-जय प्रताप सिंह, श्री सिद्धार्थनगर
80-जयमंगल, श्री महाराजगंज
81-जवाहर लाल राजपूत, श्री झांसी
82-जितेन्द्र पाल सिंह उर्फ बिल्लू, श्री मेरठ
83-जितेन्द्र वर्मा, श्री आगरा
84-जी0एस0 धर्मेश, डॉ0 आगरा
85-ज्ञान तिवारी, श्री सीतापुर
86-ज्ञानेन्द्र, श्री महाराजगंज
87-डी0सी0 वर्मा, डॉ0 बरेली
88-डेनजिल जे0 गोडिन, डॉ0 नाम-निर्देशित
89-तसलीम अहमद, श्री बिजनौर
90-तेजपाल सिंह नागर, श्री गौतमबुद्ध नगर
91-त्रिवेणी राम, श्री गाजीपुर
92-दयाराम चौधरी, श्री बस्ती
93-दल बहादुर, श्री रायबरेली
94-दलवीर सिंह, श्री अलीगढ़
95-दारा सिंह चौहान, श्री मऊ
96-दिग्विजय नारायण उर्फ
जय चौबे, श्री सन्तकबीर नगर
97-दिनेश चौधरी, श्री जौनपुर
98-दीनानाथ भाष्कर, श्री भदोही
99-दुर्गा प्रसाद यादव, श्री आजमगढ़
100-देवमणि द्विवेदी, श्री सुल्तानपुर
101-देवेन्द्र कुमार निम, श्री सहारनपुर
102-देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री कासगंज
103-देवेन्द्र सिंह राजपूत, श्री कासगंज
104-देवेन्द्र सिंह लोधी एडवोकेट, श्री बुलन्दशहर
105-धनन्जय कन्नौजिया, श्री बलिया
106-धर्मपाल सिंह, श्री बरेली
107-धर्मराज सिंह यादव उर्फ
सुरेश यादव, श्री बाराबंकी
108-धर्म सिंह सैनी, डॉ0 सहारनपुर
109-धर्मेन्द्र कुमार सिंह शाक्य
''पप्पू भइया'', श्री बदायूं
110-वीरेन्द्र बहादुर सिंह, श्री रायबरेली
111-धीरेन्द्र सिंह, श्री गौतमबुद्ध नगर
112-नईम उल हसन, श्री बिजनौर
113-नन्द किशोर गुर्जर, श्री गाजियाबाद
114-नन्द गोपाल गुप्ता ''नन्दी'', श्री इलाहाबाद
115-नफीस अहमद, श्री आजमगढ़
116-नरेन्द्र पाल सिंह, कुं0 जालौन
117-नरेन्द्र सिंह वर्मा, श्री सीतापुर
118-नरेश सैनी, श्री सहारनपुर
119-नवाब जान, श्री मुरादाबाद
120-नसीर अहमद खां, श्री रामपुर
121-नागेन्द्र सिंह राठौर, श्री फर्रुखाबाद
122-नाहिद हसन, श्री शामली

123-नितिन अग्रवाल, श्री हरदोई
124-निर्मला संखवार, श्रीमती कानपुर देहात
125-नीरज बोरा, डॉ0 लखनऊ
126-नीलकण्ठ तिवारी, डॉ0 वाराणसी
127-नीलम करवरिया, श्रीमती इलाहाबाद
128-नील रतन सिंह पटेल ''नीलू'' श्री वाराणसी
129-नीलिमा कटियार, श्रीमती कानपुर नगर
130-पंकज गुप्ता, श्री उन्नाव
131-पंकज सिंह, श्री गौतमबुद्ध नगर
132-पक्षालिका सिंह, रानी आगरा
133-पल्टूराम, श्री बलरामपुर
134-पारसनाथ यादव, श्री जौनपुर
135-पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, श्री आगरा
136-पूरन प्रकाश, श्री मथुरा
137-प्रकाश चन्द्र द्विवेदी, श्री बांदा
138-प्रतिभा शुक्ला, श्रीमती कानपुर देहात
139-प्रतीक भूषण सिंह, श्री गोण्डा
140-प्रभात कुमार वर्मा, श्री गोण्डा
141-प्रभाष कुमार, श्री हरदोई
142-प्रभुनारायण सिंह यादव, श्री चन्दौली
143-प्रमोद उटवाल, श्री मुजफ्फरनगर
144-प्रवीण कुमार सिंह, श्री इलाहाबाद
145-प्रेम नारायण पाण्डेय, श्री गोण्डा
146-प्रेमसागर पटेल, श्री महाराजगंज
147-फतेह बहादुर, श्री गोरखपुर
148-फागू चौहान, श्री मऊ
149-बजरंग बहादुर सिंह, श्री महाराजगंज
150-बम्बा लाल, श्री उन्नाव
151-बल्देव सिंह औलख, श्री रामपुर
152-बहोरन लाल मौर्य, श्री बरेली
153-बाबा गोरखनाथ, श्री फैजाबाद
154-बाबू राम पासवान, श्री पीलीभीत
155-बावन सिंह, श्री गोण्डा
156-बिमला सिंह सोलंकी, श्रीमती बुलन्दशहर
157-बिहारीलाल आर्य, श्री झांसी
158-बीरेन्द्र सिंह राणा, श्री हाथरस
159-बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू भइया, श्री महोबा
160-बृजेश कठेरिया, इंजी0 मैनपुरी
161-बृजेश कुमार, श्री उन्नाव
162-बृजेश कुमार प्रजापति, श्री बांदा
163-बैजनाथ रावत, श्री बाराबंकी
164-ब्रजेश पाठक, श्री लखनऊ
165-ब्रिजेश, श्री सहारनपुर
166-भगवती प्रसाद सागर, श्री कानपुर नगर
167-मंजू त्यागी, श्रीमती खीरी
168-मनीष असीजा, श्री फिरोजाबाद
169-मनीषा अनुरागी, श्रीमती हमीरपुर
170-मनोज कुमार पाण्डेय, श्री रायबरेली
171-मनोहर लाल, श्री ललितपुर
172-मन्जू शिवाच, डॉ0 गाजियाबाद
173-ममतेश शाक्य, श्री कासगंज
174-मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री रायबरेली
175-मसूद अख्तर, श्री सहारनपुर
176-महेन्द्र पाल सिंह, श्री गोरखपुर
177-महेन्द्र प्रताप सिंह, श्री सीतापुर
178-महेन्द्र सिंह खडगवंशी, श्री अमरोहा
179-महेश कुमार गोयल, श्री आगरा
180-महेश चन्द्र गुप्ता, श्री बदायूं
181-माधवेन्द्र प्रताप, कुंवर हरदोई
182-माधुरी वर्मा, श्रीमती बहराइच
183-मानवेन्द्र सिंह, श्री शाहजहांपुर
184-मुकुट बिहारी, श्री बहराइच
185-मुकेश चन्द्र वर्मा, श्री फिरोजाबाद
186-मूलचन्द्र सिंह, श्री जालौन
187-मो0 मुजतबा सिद्दीकी, श्री इलाहाबाद
188-मोहम्मद असलम ''राइनी'' (एडवोकेट), श्री श्रावस्ती
189-मोहम्मद रिजवान, श्री मुरादाबाद
190-मो0 फईम इरफान, श्री मुरादाबाद
191-मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खां, श्री रामपुर
192-योगेन्द्र उपाध्याय, श्री आगरा

193-योगेश धामा, श्री बागपत
194-योगेश वर्मा, श्री खीरी
195-रजनीकान्त मणि त्रिपाठी, श्री कुशीनगर
196-रजनी तिवारी, श्रीमती हरदोई
197-रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भइया, श्री फतेहपुर
198-रत्नाकर मिश्र, श्री मिर्जापुर
199-रफीक अन्सारी, श्री मेरठ
200-रमापति शास्त्री, श्री गोण्डा
201-रमाशंकर सिंह, श्री मिर्जापुर
202-रमेश चन्द्र दिवाकर, श्री औरैया
203-रमेश चन्द्र मिश्र, श्री जौनपुर
204-रवि कुमार सोनकर, श्री बस्ती
205-रविन्द्र नाथ त्रिपाठी, श्री भदोही
206-रवि शर्मा, श्री झांसी
207-रवीन्द्र जायसवाल, श्री वाराणसी
208-रवेन्द्रपाल सिंह, श्री अलीगढ़
209-राकेश कुमार गोस्वामी, श्री महोबा
210-राकेश प्रताप सिंह, श्री अमेठी
211-राकेश राठौर, श्री सीतापुर
212-राकेश सिंह, श्री रायबरेली
213-राकेश सिंह बघेल, श्री सन्तकबीर नगर
214-राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री सिद्धार्थनगर
215-राज करन कबीर, श्री बांदा
216-राजकुमार अग्रवाल, श्री हरदोई
217-राजकुमार उर्फ राजू यादव, श्री मैनपुरी
218-राजबाला, श्रीमती रामपुर
219-राजमणि कोल, श्री इलाहाबाद
220-राजीव तरारा, श्री अमरोहा
221-राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भईया, श्री बदायूं
222-राजीव सिंह ''पारीछा'', श्री झांसी
223-राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती, श्री प्रतापगढ़
224-राजेश अग्रवाल, श्री बरेली
225-राजेश कुमार सिंह (चुन्नू), श्री मुरादाबाद
226-राजेश गौतम, श्री सुल्तानपुर
227-राधा कृष्ण शर्मा, पं0 बदायूं
228-राधा मोहन दास अग्रवाल, डॉ0 गोरखपुर
229-राम अचल राजभर, श्री अम्बेडकर नगर
230-राम कृष्ण भार्गव, श्री सीतापुर
231-रामगोपाल पप्पू लोधी, श्री फिरोजाबाद
232-राम गोविन्द चौधरी, श्री बलिया
233-राम चन्द्र यादव, श्री फैजाबाद
234-राम नरेश अग्निहोत्री, श्री मैनपुरी
235-राम नरेश रावत, श्री रायबरेली
236-रामपाल वर्मा, श्री हरदोई
237-राम प्रताप सिंह, श्री आगरा
238-राम प्रताप उर्फ शशिकांत वर्मा, श्री बलरामपुर
239-राम फेरन पाण्डेय, श्री श्रावस्ती
240-रामरतन कुशवाहा, श्री ललितपुर
241-रामवीर उपाध्याय, श्री हाथरस
242-रामानन्द बौद्ध, श्री कुशीनगर
243-रितेश कुमार गुप्ता, श्री मुरादाबाद
244-रोशन लाल वर्मा, श्री शाहजहांपुर
245-लक्ष्मी नारायण, श्री मथुरा
246-लाखन सिंह, श्री औरैया
247-लाल जी वर्मा, श्री अम्बेडकर नगर
248-लाल बहादुर, श्री कौशाम्बी
249-लीना तिवारी, श्रीमती जौनपुर
250-लोकेन्द्र प्रताप सिंह, श्री खीरी
251-विकास गुप्ता, श्री फतेहपुर
252-विक्रम सिंह, श्री फतेहपुर
253-विक्रम सिंह, श्री मुजफ्फरनगर
254-विजय कुमार कश्यप, श्री मुजफ्फरनगर
255-विजय पाल (आढ़ती), श्री हापुड़
256-विजेन्द्र सिंह, श्री बुलन्दशहर
257-विनय कुमार द्विवेदी, श्री गोण्डा
258-विनय शंकर तिवारी, श्री गोरखपुर
259-विपिन कुमार 'डेविड', श्री एटा
260-विपिन सिंह, श्री गोरखपुर
261-विमलेश पासवान, डा0 गोरखपुर

262-विरेन्द्र कुमार यादव, श्री गाजीपुर
263-वीर विक्रम सिंह, प्रिंस शाहजहांपुर
264-वीरेन्द्र, श्री एटा
265-वीरेन्द्र सिंह सिरोही, श्री बुलन्दशहर
266-वेद प्रकाश गुप्ता, श्री फैजाबाद
267-शरद कुमार अवस्थी, श्री बाराबंकी
268-शशांक वर्मा, श्री खीरी
269-शशांक त्रिवेदी, श्री सीतापुर
270-शाह आलम उर्फ
गुड्डू जमाली, श्री आजमगढ़
271-शिवपाल सिंह यादव, श्री इटावा
272-शीतल पाण्डेय, श्री गोरखपुर
273-शीतला प्रसाद ''पप्पू पटेल'' श्री कौशाम्बी
274-शुचिस्मिता मौर्या, श्रीमती मिर्जापुर
275-शैलेन्द्र यादव ललई, श्री जौनपुर
276-शैलेश कुमार सिंह ''शैलू'', श्री बलरामपुर
277-शोभा सिंह चौहान, श्रीमती फैजाबाद
278-श्याम धनी, श्री सिद्धार्थनगर
279-श्याम प्रकाश, श्री हरदोई
280-श्याम बिहारी लाल, डॉ0 बरेली
281-श्याम सुन्दर शर्मा, श्री मथुरा
282-श्रीकान्त शर्मा, श्री मथुरा
283-श्रीराम चौहान, श्री सन्तकबीर नगर
284-श्रीराम सोनकर, श्री मऊ
285-संग्राम यादव, डॉ0 आजमगढ़
286-संगीत सिंह सोम, श्री मेरठ
287-संगीता बलवन्त, डॉ0 गाजीपुर
288-संगीता यादव, श्रीमती गोरखपुर
289-संजय, श्री बुलन्दशहर
290-संजय कुमार, श्री कौशाम्बी
291-संजय गर्ग, श्री सहारनपुर
292-संजय प्रताप जायसवाल, श्री बस्ती
293-संजय यादव, श्री बलिया
294-संजय सिंह गंगवार, श्री पीलीभीत
295-संजीव कुमार दिवाकर, श्री एटा
296-संजीव राजा, श्री अलीगढ़
297-संजू देवी, श्रीमती अम्बेडकर नगर
298-संदीप कुमार सिंह, श्री अलीगढ़
299-सतीश चन्द्र शर्मा, श्री बाराबंकी
300-सतीश चन्द्र द्विवेदी, डॉ0 सिद्धार्थनगर
301-सतीश महाना, श्री कानपुर नगर
302-सत्यपाल सिंह राठौर, श्री कासगंज
303-सत्य प्रकाश अग्रवाल
''कैलाश डेरी वाले'', श्री मेरठ
304-सत्यवीर त्यागी, श्री मेरठ
305-सन्त प्रसाद, श्री गोरखपुर
306-सरिता भदौरिया, श्रीमती इटावा
307-साकेन्द्र प्रताप वर्मा, श्री बाराबंकी
308-साधना सिंह, श्रीमती चन्दौली
309-सावित्री कठेरिया, श्रीमती इटावा
310-सिद्धार्थ नाथ सिंह, श्री इलाहाबाद
311-सीताराम वर्मा, श्री सुल्तानपुर
312-सुखदेव राजभर, श्री आजमगढ़
313-सुचि, श्रीमती बिजनौर
314-सुनीता, श्रीमती गाजीपुर
315-सुनील कुमार शर्मा, श्री गाजियाबाद
316-सुनील दत्त द्विवेदी, मेजर फर्रुखाबाद
317-सुनील वर्मा, श्री सीतापुर
318-सुभाष त्रिपाठी एडवोकेट, श्री बहराइच
319-सुभाष पासी, श्री गाजीपुर
320-सुरेन्द्र नाथ सिंह, श्री बलिया
321-सुरेन्द्र नारायण सिंह, श्री वाराणसी
322-सुरेश कुमार, श्री शामली
323-सुरेश कुमार, श्री अमेठी
324-सुरेश कुमार खन्ना, श्री शाहजहांपुर
325-सुरेश कुमार श्रीवास्तव, श्री लखनऊ
326-सुरेश तिवारी, श्री देवरिया
327-सुरेश राही, श्री सीतापुर
328-सुरेश्वर सिंह, श्री बहराइच
329-सुशान्त सिंह, कुं0 बिजनौर
330-सुशील कुमार शाक्य, श्री फर्रुखाबाद
331-सुषमा पटेल, श्रीमती जौनपुर

332-सूर्य प्रताप शाही, श्री	देवरिया
333-सूर्यभान सिंह, श्री	सुल्तानपुर
334-सोमेन्द्र तोमर, डॉ0	मेरठ
335-सोवरन सिंह यादव, श्री	मैनपुरी
336-सोहिल अख्तर अंसारी, श्री	कानपुर नगर
337-सौरभ श्रीवास्तव, श्री	वाराणसी
338-सौरभ सिंह, श्री	खीरी
339-स्वाती सिंह, श्रीमती	लखनऊ
340-स्वामी प्रसाद मौर्य, श्री	कुशीनगर
341-हरगोविन्द भार्गव, डॉ0	सीतापुर
342-हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ रोमी साहनी, श्री	खीरी
343-हरिओउम यादव, श्री	फिरोजाबाद
344-हरीराम, श्री	सोनभद्र
345-हरेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ0	जौनपुर
346-हर्षवर्धन बाजपेयी, श्री	इलाहाबाद
347-हाकिम लाल बिन्द, श्री	इलाहाबाद
348-हेमलता दिवाकर कुशवाहा, श्रीमती	आगरा
349-हृदय नारायण दीक्षित	उन्नाव

नोट :- मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ), उप मुख्य मंत्री (श्री केशव प्रसाद मौर्य), ग्राम्य विकास, समग्र ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (डॉ0 महेन्द्र सिंह), पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, मुस्लिम वक्फ, हज राज्य मंत्री (श्री मोहसिन रजा) भी सदन में उपस्थित थे।

नेता विरोधी दल द्वारा नियम-311 के अन्तर्गत प्रदेश की कानून व्यवस्था तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री मो0 आजम खाँ पर दर्ज मुकदमे का प्रकरण उठाने का प्रयास

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य, स्थान ग्रहण करें।

***संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-**

माननीय अध्यक्ष जी।

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

माननीय अध्यक्ष जी, प्रदेश में नरसंहार हो रहे हैं, हत्यायें हो रही हैं। हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता मो0 आजम खाँ पर रोज फर्जी मुकदमे कायम किये जा रहे हैं। रोज डकैती, रोज रेप, अपहरण इस प्रदेश में हो रहा है और मो0 आजम खाँ के खिलाफ केवल एक राजनीतिक साजिश के तहत यह सरकार ऐसा कर रही है। मा0 अध्यक्ष जी, आजम खाँ हमारे सम्मानित नेता हैं, इमानदार हैं, कर्मठ हैं।

श्री अध्यक्ष-

आप बैठ जायें। आपकी ही की बात को मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी कहना चाहते हैं। आप उनको सुन लीजिए।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मा0 अध्यक्ष जी, जिस विषय पर अभी नेता प्रतिपक्ष इतनी जोर-जोर से बोल रहे थे। जनता ने तो अभी जल्दी इनको जवाब दिया। मेरा सबमिशन यह है कि जिस विषय पर यह बोल रहे थे और जो इनकी जिज्ञासा है। मा0 मुख्य मंत्री जी विशेष रूप से एक महत्वपूर्ण घटना पर वक्तव्य देना चाहते हैं। कृपया अनुमति दें।

श्री अध्यक्ष-

माननीय नेता सदन।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, ई0वी0एम0 माता के आशीर्वाद से यह आये हैं। जनता के वोट से नहीं आये हैं। पहले हम लोगों की बात आ जाने दीजिए। जब तक आप हमारी बात सुनेंगे नहीं तो मा0 मुख्य मंत्री जी कौन सा बयान देंगे। पहले हमको सुनिये।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता सदन को बोलने दीजिए।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

पहले हम लोगों की बात आ जाने दीजिए। उसके बाद मा0 मुख्य मंत्री जी का बयान आयेगा। अभी हम लोगों ने बोला नहीं तो मा0 मुख्य मंत्री जी का बयान कैसे आ सकता है।

श्री अध्यक्ष-

माननीय नेता सदन को बोलने दीजिए।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

नहीं मा0 अध्यक्ष जी। जब तक आप हमारी बात सुनेंगे नहीं और मुख्य मंत्री जी कौन सा बयान देंगे। पहले हमको सुनिये।

मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ)-

मेरी बात के बाद आपको कुछ पूछना हो तो आप अपनी बात कर सकते हैं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

पहले हमारी बात सुनिये तब मुख्य मंत्री जी उसका जवाब देंगे। जब हमने अपनी बात रखी नहीं तो मा0 मुख्य मंत्री जी किस बात का जवाब देंगे।

श्री अध्यक्ष-

यह परिपाटी है कि नेता सदन को सुना जाता है।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

जब हमने बात रखी ही नहीं तो मा0 मुख्य मंत्री जी किस बात का जवाब देंगे। यह अन्याय है विपक्ष के साथ। पहले हमारी बात सुन लीजिए तब मा0 मुख्यमंत्री जी उसका जवाब दें। यह परम्परा रही है। मा0 मुख्य मंत्री जी बाद में भाषण देते हैं। पहले विपक्ष अपनी बात रख देता है तब मा0 नेता सदन उसका उत्तर देते हैं।

श्री अध्यक्ष-

एक मिनट बैठिये। हमारी बात सुनें। मैं यह कह रहा हूँ कि नेता सदन अथवा नेता प्रतिपक्ष किसी भी समय बोलते रहे हैं। यह परिपाटी है और नेता सदन को सर्वोच्चता प्राप्त होती है। आप हम पुराने सदस्य हैं। अभी कोई चर्चा तो हो नहीं रही है कि पहले आप बोल लें। नेता सदन खड़े हो गये। परिपाटी के अनुसार हमने उनको अवसर दे दिया। उनकी बात आ जाये। संभव है कि आपका जो विषय है उसमें समाधान हो जाये। यह भी संभव है कि समाधान न हो।

श्री लाल जी वर्मा-

मा0 अध्यक्ष जी, प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर है और आये दिन 2244 इनकाउंटर के बाद भी अपराधियों का मनोबल कम नहीं हुआ है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है।

श्री अध्यक्ष-

मा0 मुख्य मंत्री जी।

(विपक्ष के कुछ सदस्यों के एक साथ बोलने पर व्यवधान)

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, हम लोगों की बात सुनिये।

श्री अध्यक्ष-

आपको तो सुनेंगे ही। अभी कोई चर्चा तो एलाउ हमने की नहीं। आप कृपया बैठ जायें।

(समाजवादी पार्टी के कई सदस्य सदन के वेल में आ गये)

श्री अध्यक्ष-

यह उचित नहीं है।

जनपद सोनभद्र में जमीनी विवाद में मारे गये व्यक्तियों तथा घायलों के प्रति मा0 मुख्य मंत्री की संवेदना

मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ)-

माननीय अध्यक्ष जी। दिनांक 17 जुलाई, 2019 को जनपद सोनभद्र की तहसील व थाना घोरावल स्थित ग्राम उम्भा में जमीनी विवाद को लेकर एक दुःखद घटना घटी, जिसमें 10 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा कुल 28 व्यक्ति घायल हुए। इस घटना के पीड़ितों के प्रति मेरी व राज्य सरकार की गहरी संवेदनाएं हैं।

(वेल में मौजूद समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्यों द्वारा ''सोनभद्र नरसंहार शर्म करो-शर्म करो'', ''कानून व्यवस्था ध्वस्त है, [xxx] ''आजम खां के झूठे मुकदमे वापस लो-वापस लो'' आदि नारे लगातार लगाये जाने पर घोर व्यवधान जारी रहा)

(घोर व्यवधान के मध्य)

मान्यवर, घटना की जानकारी प्राप्त होते ही मैंने पुलिस महानिदेशक को इस प्रकरण का व्यक्तिगत रूप से अनुश्रवण करने तथा दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देश दिये। इसी के साथ सोनभद्र के जिलाधिकारी को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार ने घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने का भी निर्णय लिया है। इसके अलावा, आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मिर्जापुर था अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन को संयुक्त

नोट :-[xxx] यह अंश श्री अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

रूप से घटना की जांच करने हेतु नामित करते हुए 24 घंटे में जांच आख्या प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस दो सदस्यीय जांच समिति द्वारा घटना के दिन ही स्थल का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित पक्षकरों के बयान आदि दर्ज किए गए। समिति द्वारा प्रदेश शासन को उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के अनुसार यह प्रकरण वर्ष 1955 से चला आ रहा है। दोनों पक्षों के बीच कई मुकदमें हैं, जो राजस्व न्यायालय में चल रहे हैं। इसके अलावा, आपराधिक वाद भी लम्बित है। पीड़ित पक्ष विवादित भूमि पर काफी लम्बे समय से कृषि कार्य करते चले आ रहे है। घटना की छानबीन से समिति को यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम प्रधान यज्ञदत्त कई व्यक्तियों के साथ ट्रैक्टरों से जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंचा, जिसका पीड़ित पक्ष द्वारा विरोध किया गया। इसके परिणामस्वरूप मौके पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसमें प्रधान पक्ष के व्यक्तियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिससे 10 व्यक्तियों की हत्या हो गई। इसके अलावा, पीड़ित पक्ष के 21 व्यक्ति तथा अभियुक्त पक्ष के 7 व्यक्ति घायल हुए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घायलों को सोनभद्र के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए अब तक 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्य अभियुक्त ग्राम प्रधान व उसका भाई भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके साथ ही 01 लाइसेंसी एस0बी0बी0एल0, 01 रायफल तथा 03 डी0बी0बी0एल0 गन व घटना में प्रयुक्त 06 ट्रैक्टरों की भी बरामदगी की जा चुकी है। इस घटना के सम्बन्ध में थाना घोरावल पर मुकदमा अपराध संख्या-78/19 धारा-34/147, 148, 149, 037, 302 भा0दं0सं0 व 325 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत 28 नामजद व 40-50 व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है। सम्पूर्ण जांच से समिति को यह स्पष्ट हुआ कि पीड़ित पक्ष विवादित भूमि पर लम्बे समय से खेती कर रहा है, परन्तु राजस्व अभिलेखों में इनका नाम दर्ज नहीं है। पीड़ित पक्ष द्वारा कई वर्षों से खेती करने के एवज में जिनके नाम जमीन दर्ज थी, को प्रति वर्ष कुछ धनराशि दी जा रही थी। लेकिन प्रधान पक्ष के द्वारा दिनांक 17 जुलाई, 2017 को भूमि क्रय करने के पश्चात् पीड़ित पक्ष द्वारा प्रतिफल दिया जाना बन्द कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि तहसीलदार के आदेश दिनांक 17 दिसम्बर, 1955 के द्वारा ग्राम उम्भा व सपही स्थित कुल 125 गाटा रकबा 1297-10-0 बीघा भूमि पर आदर्श को-ऑपरेटिव सोसाइटी, उम्भा, सपही का नाम दर्ज किया गया। रिपोर्ट के अनुसार यह आदेश पूरी तरह से संदिग्ध प्रतीत होता है और यह गहन जांच का विषय है। इसके साथ ही धारा-33/39 के अन्तर्गत परगनाधिकारी, राबर्ट्सगंज के आदेश दिनांक 06 दिसम्बर, 1989 और सहायक अभिलेख अधिकारी द्वारा पारित नामान्तरण आदेश दिनांक 27 फरवरी, 2019 की भी जांच को आवश्यक बताया गया है।

(घोर व्यवधान के मध्य)

जांच रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आया कि 145 सी0आर0पी0सी0 के अन्तर्गत दिनांक 12 अप्रैल, 2019 को प्रेषित रिपोर्ट पर उप जिलाधिकारी, घोरावल द्वारा 03 माह के अन्तर्गत समुचित एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गयी। यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों पक्षों के मध्य शान्ति भंग की आशंका लंबे समय से बनी हुई थी। इसके बावजूद प्रभारी निरीक्षक थाना-घोरावल, क्षेत्राधिकारी-घोरावल तथा उप जिलाधिकारी-घोरावल द्वारा समस्या का यथेष्ठ समाधान निकालने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किये गये। रिपोर्ट में उल्लिखित किया गया है कि इन तीनों अधिकारियों का दायित्व था कि वे मौके पर जाकर विवाद के निस्तारण तथा शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित प्रयास करते किन्तु उनके द्वारा इस प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। 02 सदस्यीय जांच समिति द्वारा तीनों अधिकारियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गयी। प्रदेश सरकार द्वारा जांच रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए सम्यक् विचारोपरान्त उप जिलाधिकारी-घोरावल, क्षेत्राधिकारी-घोरावल तथा प्रभारी निरीक्षक थाना-घोरावल को निलम्बित करने का निर्णय लिया गया है। इनके अलावा, हल्के के दरोगा तथा बीट कांस्टेबिल को भी निलम्बित किया गया है। इस प्रकरण से जुड़े राजस्व अभिलेखों की जांच के लिए शासन द्वारा अपर मुख्य सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में 03 सदस्यीय समिति गठित की गयी है। इस समिति में प्रमुख सचिव, श्रम तथा विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर के आयुक्त को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति राजस्व अभिलेखों की गहनता से जांच करेगी और यह पता लगाएगी कि भूमि के समय-समय पर नामान्तरण (दाखिल-खारिज) में विधि के अनुसार कार्रवाई हुई अथवा नहीं। इसके आधार पर पूर्व के राजस्व अधिकारियों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। सहायक अभिलेख अधिकारी, ओबरा, सोनभद्र के द्वारा किये गये नामान्तरण आदेश के संदर्भ में उनके विरुद्ध त्रिस्तरीय कमेटी विशेष रूप से जांच करेगी। प्रदेश सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि दिनांक 17 जुलाई, 2019 की घटना से पूर्व दोनों पक्षों के बीच जो आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और जो निरोधात्मक कार्रवाई हुई, उसमें यदि कोई त्रुटि हुई है, तो उसका उत्तरदायित्व निर्धारण अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन द्वारा किया जाएगा। मा0 अध्यक्ष जी, इस प्रकरण में प्रदेश सरकार द्वारा तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। आपके माध्यम से मैं माननीय सदन को यह अवगत कराना चाहूंगा कि दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार पीड़ितों को न्याय दिलाएगी। धन्यवाद।

(वेल में उपस्थित विपक्ष के सदस्य लगातार नारे लगाते रहे और बैनर लहराते रहे)

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य कृपया अपना-अपना स्थान ग्रहण करें। अपने-अपने स्थान पर चलकर जो कहना है कहिए।

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

मा0 अध्यक्ष जी, देश और प्रदेश जल रहा है, सोनभद्र में नरसंहार हुआ, संभल में पुलिस की हत्या कर रायफल लूट ली गयी।

श्री अध्यक्ष-

ये जो बोर्ड दिखाये जा रहे हैं, ये ठीक नहीं है। आप लोग अपनी जगह पर चलिए।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, चोरी, डकैती, छिनैती, अपहरण, बलात्कार और रेप की घटनाएं हो रही हैं, यह प्रदेश के लिए सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात है।

मा0 अध्यक्ष द्वारा सदस्यों को बैनर और प्लेट्स अपने कार्यालय में रख कर सदन आने का निर्देश

श्री अध्यक्ष-

मैं मा0 सदस्यों से आग्रह करता हूं कि आप लोग जो ये बैनर और प्लेट्स लेकर आए हैं, इसे अपने कार्यालय में रख आइए तब सदन की कार्यवाही में आइए।

***नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-**

मा0 अध्यक्ष जी, पहले विपक्ष की बात सुनिए।

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-

पहले तो यह बैनर लेकर यहां आना अनुचित है। मैं निर्देशित करता हूं कि ये बैनर आप अपने कार्यालय में रख कर आइए फिर कार्यवाही में उपस्थित होइए। मैं सदन की कार्यवाही 40 मिनट के लिए स्थगित करता हूं।

(घोर व्यवधान के मध्य 11 बजकर 14 मिनट पर श्री अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 40 मिनट के लिए स्थगित कर दी।)

(11 बजकर 54 मिनट पर मार्शल, विधान सभा ने सूचित किया कि श्री अध्यक्ष ने सदन का स्थगन 12 बजकर 20 मिनट तक बढ़ा दिया है।)

(12 बजकर 20 मिनट पर मार्शल, विधान सभा ने सदन को पुनः सूचित किया कि श्री अध्यक्ष ने सदन का स्थगन 15 मिनट के लिए और बढ़ा दिया है।)

प्रश्नोत्तर

नत्थी (क)

अल्पसूचित तारांकित प्रश्न

प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक धनराशि के विद्युत बिल भेजे जाने के सम्बन्ध में जानकारी

****1-श्री सुखदेव राजभर-**

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को अत्यधिक धनराशि के विद्युत बिल भेजे जाने की जानकारी सरकार को है ?

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की जांच कराकर बढ़ी धनराशि के बिलों को ठीक करायेगी ? हां, तो कब तक ? नहीं तो क्यों ?

ऊर्जा मंत्री (श्री श्रीकान्त शर्मा)-

विद्युत बिल त्रुटिपूर्ण होने की शिकायतें समय-समय पर प्राप्त होती हैं। ऐसे प्रकरणों में मीटर रीडिंग त्रुटिवश अंकित होने पर निर्गत बीजक संशोधित कर दिया जाता है।

जी हां।

उपभोक्ताओं के आवेदन पर त्रुटिपूर्ण बिल को ठीक किया जाना विभाग की नियमित प्रक्रिया है। त्रुटिपूर्ण बिलों का संशोधन विभाग द्वारा प्राथमिकता पर लिया गया है, त्रुटिपूर्ण बिलों को ठीक कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की फील्ड इकाइयों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। 1912 हेल्पलाइन नं0 पर भी त्रुटिपूर्ण बिलों की शिकायत दर्ज होती है। त्रुटिपूर्ण बिलों का संशोधन 07 दिनों के अंदर करने का मानक निर्धारित है, जिसका सतत् अनुश्रवण किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा केन्द्रों पर भी त्रुटिपूर्ण बिलों की समस्या की शिकायत पंजीकृत कराने की सुविधा प्रदान कर दी गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के जिलों में भूगर्भ जल के गिरते स्तर की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाये जाने की जानकारी

****2-श्री उज्जवल रमण सिंह, श्री अमन मणि त्रिपाठी, श्री जवाहर लाल राजपूत तथा श्री संजय गर्ग-**

क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने की कृपा करेंगें कि प्रदेश के कितने जिले एवं कितने ब्लाक भूगर्भ जल के गिरते हुए स्तर से प्रभावित हैं तथा उन स्थानों पर गिरते हुए भूगर्भ जल की रोकथाम के लिये सरकार कोई कार्ययोजना बनायेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई एवं सिंचाई (यांत्रिक) लघु सिंचाई मंत्री (श्री धर्मपाल सिंह)-

जी हां।

प्रदेश के सभी 75 जनपदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डों में भूजल स्तर में गिरावट परिलक्षित हुई है एवं विकास खण्डवार भूजल स्तर की स्थिति निम्नानुसार है :-

भूजल स्तर गिरावट की रेंज (सेमी0/वर्ष)	प्रभावित विकास खण्ड (संख्या)
∅ 1-20	486

* नोट :- उ0प्र0 विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-41 के अन्तर्गत सभी प्रश्न उत्तरित माने गये।

भूजल स्तर गिरावट की रेंज (सेमी0/वर्ष)	प्रभावित विकास खण्ड (संख्या)
∅ 20-40	161
∅ 40-50	14
∅ 50-60	6
∅ 60	41
विकास खण्ड जिसमें गिरावट परिलक्षित नहीं है	102
योग	**820**

भूगर्भ जल संरक्षण हेतु ''राज्य भूजल संरक्षण मिशन'' योजना के अन्तर्गत प्रदेश के कुल 271 विकास खण्डों (217 अतिदोहित, क्रिटिकल एवं सेमी क्रिटिकल तथा 54 विकास खण्ड बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र) तथा 22 शहरों में क्षेत्रवार माइक्रो प्लानिंग के आधार पर भूजल संसाधनों के समग्र अध्ययन एवं जल संचयन व प्रबन्धन के विविध उपायों को समेकित रूप से कन्वर्जेन्स के माध्यम से क्रियान्वित कर भूजल स्तर/भण्डारण में सुधार किये जाने का लक्ष्य है।

प्रदेश में गिरते हुए जल स्तर की समस्या के निदान हेतु बहुआयामी रणनीति अपनायी जा रही है। इसके अन्तर्गत विभिन्न सम्बन्धित कार्यदायी विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के अधीन वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज के विभिन्न कार्य कराये जाते हैं, जिनमें चेकडैम का निर्माण, तालाबों का निर्माण/जीर्णोद्धार, आन-फार्म हार्वेस्टिंग, मेड़बन्धी, वृक्षारोपण रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि संरचनाओं के कार्य सम्मिलित हैं।

राज्य भूजल संरक्षण मिशन योजना वर्ष 2017-18 से प्रारम्भ हुई है, जिसके अर्न्तगत कार्य योजना के अनुसार 05 वर्षों हेतु वर्षवार चयनित विकास खण्डों की संख्या निम्नानुसार है :-

वर्ष	विकास खण्ड	नगरीय क्षेत्र
प्रथम	25	-
द्वितीय	40	3
तृतीय	70	6
चतुर्थ	70	7
पंचम	66	6
योग	271	22

प्रश्न नहीं उठता।

नत्थी (ख)

तारांकित प्रश्न

प्रदेश में बिक रहे पोषक तत्वविहीन पेयजल की जाँच कराने एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की जानकारी

***1-श्री मो0 फईम इरफान-**

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिक रहे बोतलबंद जल या वाटर कूलरों द्वारा आपूर्ति जल व घरेलू जल शुद्धीकरण यंत्रों द्वारा तैयार पेयजल में पोषक तत्व पूरी तरह नष्ट होने के कारण उक्त जल का प्रयोग जन स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक होने की जानकारी सरकार को है ? यदि हां तो पोषक तत्व युक्त शुद्ध पेयजल उपलब्धता बढ़ाने एवं शुद्ध के नाम अशुद्ध पानी की बिक्री रोकने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो उक्त योजना का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ)-

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तत्सम्बन्धी खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं सहयोज्य) विनियम, 2011 के विनियम संख्या-2.10.8 में बोतलबंद पेयजल की परिभाषा एवं मानक वर्णित है, जिसका अनुपालन विभाग द्वारा सुनिश्चित कराया जाता है। प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य/पेय पदार्थों की सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत उक्त विनियमावली, 2011 के प्राविधानों को प्रवर्तित किया जाता है, जिसमें निरीक्षणों, छापों के माध्यम से सतत् नमूना संग्रहण एवं अन्य कार्यवाहियाँ की जाती हैं तथा समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाकर बोतलबन्द पेयजल के नमूने भी संग्रहीत किये जाते हैं। बोतलबन्द पेयजल के सम्बन्ध में माह जून, 2019 में निरीक्षण एवं छापे के माध्यम से निर्माताओं से 93 नमूने, थोक विक्रेताओं से 08 नमूने तथा फुटकर विक्रेताओं से 50 नमूने संग्रहीत किये गये।

प्रश्न ही नहीं उठता।

प्रदेश में करंट से मृत्यु पर मुआवजा बढ़ाने तथा धर्म स्थलों में विद्युत फ्री कनेक्शन देने की जानकारी

***2-हाजी इरफान सोलंकी-**

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार टूटे विद्युत तार या पोल में प्रवाहित करंट से मरे पशुओं का मुआवजा पशु की वास्तविक कीमत के बराबर तथा इंसानी मौत का मुआवजा दैवीय आपदा के मुआवजे की दरों के बराबर करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

त्रुटिपूर्ण विद्युत अधिष्ठापन के कारण करंट से मरने वाले पशुओं, बाहरी व्यक्तियों एवं आउटसोर्स के माध्यम से कार्य कर रहे संविदा श्रमिकों के सम्बन्ध में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन

लिमिटेड द्वारा मुआवजा/अनुग्रह धनराशि को समय-समय पर पुनरीक्षित किया जाता है तथा वर्तमान में निम्नलिखित प्राविधान है :-

(1) पशुओं की दुर्घटना होने पर

कारपोरेशन के आदेश सं0-4095-औसं/16, दिनांक 13.10.2016 द्वारा करंट से मरने वाले पशुओं की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था इस प्रकार है।

दुधारू पशु भैस/गाय/ऊंट/याक आदि की मृत्यु होने पर रु0 30,000/- की दर से अनुमन्य है।

(ब) भेंड़/बकरी/सुवर की मृत्यु होने पर रु0 3,000/- की दर से अनुमन्य है।

दुधारू पशुओं के अतिरिक्त पशु ऊंट/घोड़ा/बैल आदि रु0 25,000/- की दर से अनुमन्य है।

(ब) बछड़ा/गधा, खच्चर रु0 16,000/- की दर से अनुमन्य है।

(2) बाहरी व्यक्तियों की दुर्घटना होने पर

बाहरी व्यक्तियों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड के आदेश सं0-402, दिनांक 21.02.2019 के आधार पर न्यूनतम रु0 5.0 लाख अनुमन्य होता है, परन्तु व्यक्ति की विवाहित/अविवाहित स्थिति, आयु एवं परिवार की संख्या के आधार पर अधिकतम रु0 749400/- अनुमन्य किये जाने का प्राविधान है।

(3) आउट सोर्स के माध्यम से कार्य कर रहे संविदा श्रमिकों की दुर्घटना होने पर

आउटसोर्स के माध्यम से कार्य कर रहे संविदा श्रमिकों की दुर्घटना होने पर उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड के आदेश सं0-2269, दिनांक 01.05.2017 के आधार पर रु0 5.0 लाख की दर से अनुमन्य है।

(4) विभागीय कर्मचारी की विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होने पर

विभागीय कर्मचारी की कार्य के दौरान विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होने पर कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के प्राविधनों के अन्तर्गत मृतक की आयु के सापेक्ष क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब उपभोक्ताओं, घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के झोपड़ी तथा मलिन बस्तियों में बिजली के बिल में सब्सिडी दिये जाने के सम्बन्ध में

***3-सुश्री अदिति सिंह-**

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं तथा झुग्गी-झोपड़ी तथा मलिन बस्तियों के बी0पी0एल0 उपभोक्ताओं को उनके

बिजली बिल में सब्सिडी देने की कोई योजना सरकार ने लागू की है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिये सरकार द्वारा सब्सिडी उपलब्ध करायी जाती है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में इस मद में रु0 7920 करोड़ की सब्सिडी सरकार द्वारा आवंटित की गई है।

प्रश्न नही उठता।

प्रदेश में मंहगाई से राहत दिलाने की सरकार की कार्य योजना की जानकारी

***4-श्री वीरेन्द्र यादव तथा श्री मनोज कुमार पारस-**

क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की जनता को मंहगाई से राहत दिलाने की सरकार की कोई ठोस कार्य योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हाँ।

आवश्यक खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने के मुख्य कारण मांग एवं आपूर्ति में अन्तर, मौसमी कारण, बाढ़, सूखा आदि से फसल प्रभावित होना, खाद्य वस्तुओं के सम्बन्ध में सरकार की आयात नीति, आवश्यक जैसे की जमाखोरी, कालाबाजारी है जिससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती है। सामान्यतः जुलाई से अक्टूबर की अवधि में महत्वपूर्ण त्योहारों के कारण मांग बढ़ जाती है, जिससे कि दाम में समस्या उत्पन्न होती है।

मंहगाई का समाधान उत्पादन बढ़ाने का प्रयास अधिक खाद्यान्न की सरकारी खरीद, बफर स्टॉक का निर्माण, एन0एफ0एस0ए0 के अन्तर्गत आवश्यक खाद्य वस्तुओं के वितरण की व्यवस्था को मजबूत करना, चुनिंदा वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाना, खाद्यान्नों के भावी सौदे, व्यापार/सट्टा पर प्रतिबन्ध, चुनिंदा खाद्य वस्तुओं पर आयात से छूट, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को आयात की अनुमति, भारत सरकार द्वारा मूल्य स्थिरीकरण प्रकोष्ठ का गठन, ई0सी0 एक्ट 1955 के अन्तर्गत जमाखोरी एवं कालाबाजारी के विरुद्ध कार्यवाहियां, मंहगाई बढ़ने पर सस्ता गल्ला विक्रेता व व्यापार संघों, मंडी परिषद, हाफेड की मदद से रिटेल आउटलेट खोले जाने आदि कार्यवाहियां की जाती है।

प्रदेश में ई0सी0 एक्ट के अन्तर्गत गेहूं, चावल, दाल, दलहन, तेल, तिलहन व चीनी आदि पर सम्प्रति स्टॉक लिमिट व किसी प्रकार का लाइसेंस तथा देश के अन्दर आवागमन पर प्रतिबंध लागू नहीं है। इस क्रम में यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्त जिनसे फूड स्टफ के अन्तर्गत आती हैं, जोकि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1995 से आच्छादित है। असामान्य मूल्यों

में वृद्धि होने पर केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा स्टॉक लिमिट आदि एक निश्चित अवधि हेतु लागू करके मंहगाई नियंत्रित की जाती है।

खाद्यान्न की जमाखोरी/कालाबाजारी व मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में समस्त जनपदों में खाद्य विभाग, व्यापार कर, मण्डी व पुलिस विभाग के सहयोग से प्रभावी प्रवर्तन की कार्रवाई की जाती है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में बैटरी द्वारा संचालित बसों के सम्बन्ध में जानकारी

***5-श्री हर्षवर्धन बाजपेयी-**

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में परिवहन निगम द्वारा कितनी बसें संचालित की जा रही हैं ? क्या सरकार उक्त बसों को बैटरी द्वारा चलने वाली बसों में बदलेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ?

परिवहन, प्रोटोकाल, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री स्वतंत्र देव सिंह)-

परिवहन निगम के बस बेड़े में वर्तमान में कुल 12429 बसें है, जिसमें परिवहन निगम के स्वामित्व की 9723 बसें व अनुबन्धित 2706 बसें हैं।

तकनीकी रूप से डीजल इंजन संचालित बसों का बैटरी द्वारा संचालित बसों में बदलाव करना सम्भव नहीं है एवं सम्प्रति कोई योजना नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में राशन की दुकान के वितरित होने वाले केरोसीन आयल का लाभ लाभार्थी के खाते में दिये जाने की योजना

***6-श्री मनीष असीजा-**

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की समस्त ''उचित दर दुकानों'' (राशन की दुकान) के माध्यम से वितरित होने वाले केरोसीन आयल (मिट्टी का तेल) का लाभ वास्तविक पात्र तक पहुंचाने हेतु डायरेक्ट बेनेफिट प्रणाली का प्रयोग करते हुए सीधे उपभोक्ताओं/लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी की धनराशि ट्रांसफर करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हां।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत प्रदेश में जनपद बागपत की तहसील खेकड़ा (ग्रामीण क्षेत्र) तथा जनपद अयोध्या के नगर निगम क्षेत्र अयोध्या (नगरीय क्षेत्र) में शासन के पत्र संख्या-2000/ 29-6-17-76सा0/17, दिनांक 18.10.2017 द्वारा सर्वप्रथम

खाद्य सब्सिडी योजना के नकद हस्तान्तरण (डी0बी0टी0) को प्रायोगिक तौर पर लागू करने का निर्णय लिया गया। उक्त के अतिरिक्त शासन के पत्र संख्या-2520/29-6-17-76सा0/17, दिनांक 21.12.2017 द्वारा डी0बी0टी0 योजना हेतु चिन्हित ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद बागपत की तहसील खेकड़ा में डी0बी0टी0 का 'चण्डीगढ़ मॉडल' एवं शहरी क्षेत्र के नगर निगम अयोध्या में डी0बी0टी0 का 'झारखण्ड मॉडल' प्रायोगिक तौर पर लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके क्रम में खाद्य सब्सिडी योजना के नकद हस्तान्तरण (डी0बी0टी0) को लागू कराए जाने की कार्यवाही कराया जाना प्रगतिमान है।

उपरोक्त दोनों जनपदों के चिन्हित क्षेत्र में खाद्यान्न में डी0बी0टी0 योजना लागू किये जाने के उपरान्त प्राप्त परिणामों व अनुभव के दृष्टिगत तद्नुसार केरोसीन ऑयल पर डी0बी0टी0 योजना को लागू किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सकेगा।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश में सब्जियों में व्यापक स्तर पर कीटनाशक दवाओं के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में

***7-श्री सुखदेव राजभर-**

क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में उत्पादित सब्जियों में कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से जन सामान्य के जनजीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार कीटनाशक दवाओं के सब्जियों पर किये जा रहे प्रयोग पर रोक लगाए जाने हेतु कोई प्रभावी कार्ययोजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी नहीं।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिपादित खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006, सम्बन्धित नियम, 2011 व विभिन्न विनियमावलियों का क्रियान्वयन प्रदेश में कराया जाता है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण उक्त अधिनियम की शीर्ष नियामक संस्था है। उक्त प्राधिकरण द्वारा गठित वैज्ञानिक पैनल/समिति द्वारा खाद्य पदार्थों पर रसायनों के प्रयोग से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव आदि का वैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए निर्देश दिये जाते हैं, जिसके अनुसार कार्रवाई की जाती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक (संदूषक, आविष एवं अवशिष्ट) विनियम, 2011 में बाजार में विक्रय हेतु आने वाले सब्जियों में अवशिष्ट के रूप में पाये जाने वाले पेस्टीसाइड, भारी धातुएं एवं अन्य सन्दूषकों की अधिनियम विहित साह्यता सीमा निर्धारित की गयी है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-3(1) (जेडजेड) (xii) के अनुसार सब्जियों में, पेस्टीसाइड, भारी धातुएं एवं अन्य सन्दूषकों की मात्रा उक्त विनियम में उल्लिखित निर्धारित मात्रा से अधिक पाये जाने पर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है। उपरोक्तानुसार। केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिपादित खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-18(3) के अनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006,

नियम, 2011 व विभिन्न विनियमावलियों के प्राविधान सब्जियों के उत्पादन स्तर पर अर्थात् उत्पादकों (किसानों) पर लागू नहीं होते हैं।

***8-श्री संजय गर्ग-**

[10 गुरुवार के तारा0 प्र0सं0-1 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

***9-श्री अजय कुमार 'लल्लू'-**

[05 मंगलवार के तारा0 प्र0सं0-19 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

प्रदेश में सस्ती दर पर बालू/रेता/मोरंग के दामों पर नियंत्रण हेतु कार्य योजना बनाये जाने के सम्बन्ध में

***10-श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा-**

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बालू, मोरंग, मिट्टी, गिट्टी के बढ़े हुए दामों को नियन्त्रित करने की कोई कार्य योजना सरकार बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हाँ।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आजमगढ़ के विधानसभा क्षेत्र गोपालपुर में राजीव गांधी ग्राम विद्युतीकरण योजना के सम्बन्ध में

***11-श्री नफीस अहमद-**

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र गोपालपुर में राजीव गांधी ग्राम विद्युतीकरण योजना, पं0 दीनदयाल योजना तथा सौभाग्य योजना में विद्युतीकरण हेतु खम्भे लगाये जाने का मानक क्या है ? क्या यह सही है कि अधिकांश खम्भों की ग्राउन्डिंग स्टेराड आदि नहीं होने के कारण विगत समय में आंधी-पानी में पुराने लगे खम्भों की अपेक्षा नये खम्भे अधिक गिरे एवं टूटे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हाँ।

गोपालपुर विधान सभा क्षेत्र में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, पं0 दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तथा सौभाग्य योजना के अन्तर्गत विद्युतीकरण के कार्य हेतु खम्भे आर0ई0सी0 के मानक के अनुसार 8.5 मीटर का पी0सी0सी0 पोल लगाते हुए एच0टी0 लाइन निर्माण में पोल टू पोल डिस्टेन्स 50-60 मीटर एवं एल0टी0 लाईन निर्माण में पोल टू पोल डिस्टेन्स 30-35 मीटर होती है। पोल की ग्राउंडिंग गहराई पोल की लम्बाई का 1/6 भाग (लगभग 1.5 मीटर) जमीन के अन्दर होती है।

कुछ स्थानों से इस प्रकार की शिकायतें आयी हैं।

जी हाँ।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु डग्गामार सरकारी बसों के संचालन के बन्द होने के सम्बन्ध में जानकारी

***12-डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज-**

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न राजमार्गों पर संचालित अनधिकृत डग्गामार बसों का संचालन सरकार बन्द करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

प्रदेश में डग्गामार बसों का संचालन नियमानुसार प्रतिबंधित है। डग्गामार बसों के अवैध संचालन को रोकने हेतु विभागीय प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा निरंतर प्रवर्तन की कार्रवाई की जाती है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान भी जलाए जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि विभागीय प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 में डग्गामार बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 6568 बसों तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 में कुल 8470 बसों के चालान एवं निरुद्ध की कार्रवाई की गयी है।

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2019-20 (दिनांक 01.04.2019 से 30.06.2019 तक) में कुल 1495 डग्गामार बसों के विरुद्ध चालान/निरूद्ध की कार्रवाई की गयी है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के दुग्ध पैकेजिंग व उससे जुड़े उत्पादों से जुड़े प्रतिष्ठानों में दुग्ध सैंपलिंग के सम्बन्ध में जानकारी

***13-श्री नाहिद हसन-**

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 1000 लीटर प्रतिदिन दुग्ध पैकेजिंग क्षमता वाले तथा उससे जुड़े उत्पाद बनाने वाले बड़े प्रतिष्ठानों में कितने समय/अंतराल अथवा बैचवाइज दूध के नमूने एकत्रित करने के मानक सरकार ने जारी किये हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद सहारनपुर में ऐसे प्रतिष्ठानों से दिनांक 01.05.2018 से 29.11.2018 तक कुल कितने सैंपल एकत्रित किये गये तथा उनका गुणवत्ता के क्रम में क्या परिणाम आया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006, नियम 2011 तथा सम्बन्धित विनियमावलियों में नमूना लिये जाने के समय/अन्तराल के सम्बन्ध में कोई प्राविधान उल्लिखित

नहीं है। प्रदेश के जनपदों में खाद्य पार्थ दूध में मिलावट के क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए विशेष अभियान भी चलाये जाते हैं। जनपद सहारनपुर में 1000 ली0 प्रतिदिन दुग्ध पैकेजिंग क्षमता वाले तथा उससे जुड़े उत्पाद बनाने वाले बड़े प्रतिष्ठानों से दिनांक 01.05.2018 से 29.11.2018 तक कुल 03 नमूने संग्रहीत किये गये, जिसमें 02 नमूने अधोमानक तथा 01 नमूना विशुद्ध घोषित हुआ है। अधोमानक पाये गये उक्त 02 नमूनों के सम्बन्ध में वाद दायर किये जाने की प्रक्रिया में है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न ही नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने हेतु वरिष्ठ नागरिकों को अन्य प्रदेशों की भांति किराये में छूट के सम्बन्ध में

***14-श्री कृष्णपाल मलिक-**

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने हेतु वरिष्ठ नागरिकों को किराये में छूट अनुमन्य है ? यदि हाँ, तो कितने प्रतिशत ? यदि नहीं, तो क्या सरकार अन्य प्रदेशों की भांति वरिष्ठ नागरिकों को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने हेतु किराये में छूट देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने हेतु वरिष्ठ नागरिकों को किराये में छूट अनुमन्य नहीं है।

उपोक्तानुसार।

वरिष्ठ नागरिकों को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने हेतु किराये में छूट अनुमन्य किये जाने की कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश के किसानों के निजी नलकूपों को निःशुल्क विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी

***15-श्रीमती बिमला सिंह सोलंकी-**

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किसानों के निजी नलकूपों को निःशुल्क विद्युत आपूर्ति देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

किसानों के निजी नलकूपों को दी जा रही विद्युत आपूर्ति पर लागत से अत्यंत कम टैरिफ लिया जाता है। इसके लिए बजट से सब्सिडी भी दी जाती है।

प्रदेश में पुराने स्कूलों के ऊपर गुजरने वाले विद्युत तारों के हटाये जाने की योजना की जानकारी

***16-श्री दलवीर सिंह-**

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पुरानी आबादी/मकानों/सरकारी स्कूलों के ऊपर से गुजरने वाले विद्युत तारों के कारण करेंट लगने की घटना के दृष्टिगत सरकार पुरानी आबादी के ऊपर से गुजरने वाले विद्युत तारों को विभागीय व्यय पर हटवाने की किसी कार्य योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

मकानों/आबादी के ऊपर से लाइनों को शिफ्ट किये जाने हेतु पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत लाइनों को हटवाने की सुविधा जमा योजना के माध्यम से किये जाने का प्रावधान है।

अल्प आय वाले परिवारों के घरों हेतु जिला विद्युत विकास निधि योजना पा0का0लि0 के आदेश सं0-1102/मु0 अभि0 (वा0 एवं ऊ0 ले0)/राजस्व-2/आर-7, दिनांक 17.12.2018 द्वारा स्वीकृत की गयी है। प्रत्येक वर्ष जिले में प्रेषित आर0सी0 की धनराशि के सापेक्ष वसूल की गयी धनराशि (कलेक्शन चार्जेज को छोड़कर) के 15 प्रतिशत अंश का उपयोग जिले में विद्युत संबंधित दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में विद्युत उपकरणों, लाइनों के जर्जर तारों, बांस-बल्लियों को बदलने तथा अन्य आकस्मिक आवश्यकता वाले कार्य को संबंधित जिलाधिकारी की संस्तुति से सम्पादित किया जायेगा।

इस आदेश के अन्तर्गत प्राविधानित है कि-

ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब/दुर्बल आय वर्ग के परिवारों के आवासों के ऊपर से जा रहे 11 केवी/एल0टी0 लाइन के खुले तारों के ए0बी0 केबिल से बदले जाने हेतु धनराशि अथवा लाइन शिफ्टिंग कार्य की धनराशि जो भी न्यूनतम हो, किया जा सकेगा। ऐसे आवासीय क्षेत्र में जहां प्लाटिंग की जा रही है या की गयी हो, वहां वह कार्य अनुमन्य नहीं होगा।

शहरी क्षेत्रों में आवासों के ऊपर से जा रहे एच0टी/एल0टी0 लाइन के खुले तारों की शिफ्टिंग की धनराशि अथवा ए0बी0 केबिल से बदलने हेतु धनराशि जो भी न्यूनतम हो, की अनुमति प्रदान करते हुए प्रमाण-पत्रों के सापेक्ष (कलेक्शन चार्जेज को छोड़कर) 15 प्रतिशत की धनराशि लाभार्थी अंशदान के माध्यम से कराया जायेगा तथा इस कार्य हेतु धनराशि की व्यवस्था निम्न प्रकार की जायेगी :-

ऐसे आवास जिनका क्षेत्रफल 50 वर्गमीटर से कम है, के ऊपर से जा रही एच0टी/एल0टी0 लाइनों की शिफ्टिंग/ए0बी0 केबिल से बदलने का कार्य जिला विद्युत विकास निधि योजना के अन्तर्गत उपलब्ध वसूली प्रमाण-पत्र के सापेक्ष 15 प्रतिशत की धनराशि के माध्यम से।

(ब) ऐसे आवास जिनका क्षेत्रफल 50 वर्ग मीटर से अधिक है, के ऊपर से जा रही एच0टी/एल0टी0 लाइनों को ए0बी0 केबिल से बदलने का कार्य लाभार्थी अंशदान से आवास के क्षेत्रफल के अनुपात में (प्रति वर्गमीटर प्राक्कलित धनराशि x लाभार्थी के आवास का क्षेत्रफल) किया जायेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में खनन के पट्टे के सम्बन्ध में कार्रवाई की मांग

***17-श्री मोहम्मद असलम ''राइनी'' (एडवोकेट)-**

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में खनन के कितने पट्टे किसको-किसको दिये गये हैं ? क्या यह सही है कि वर्तमान समय में पूर्वांचल के जनपदों में हो रहे अवैध खनन के विरुद्ध सरकार द्वारा अब तक कोई भी कार्यवाई नहीं की गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे खनन माफियाओं पर अंकुश लगायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हाँ।

ई-निविदा सह ई-नीलामी के माध्यम से स्वीकृत खनन पट्टों की सूची संलग्न है।

जी नहीं।

अवैध खनन पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 07 सदस्यीय जनपद स्तरीय गठित कार्यबल द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

जी हाँ।

अवैध खनन में संलिप्त पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में सार्वजनिक खाद्यान्न वितरण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में जानकारी

***18-श्री जवाहर लाल राजपूत-**

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सार्वजनिक खाद्यान्न वितरण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए खाद्यान्न के मूल्य के बराबर धनराशि पात्र लोगों के बैंक खातों में सीधे भेजे जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो ऐसी योजना को कब तक लागू किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्या सरकार ढुलाई, घटतौली, बिचौलियागीरी आदि समाप्त करने के लिए इस प्रकार की योजना बनाये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

प्रदेश में खाद्यान्न के स्थान पर खाद्य सब्सिडी हेतु डी0बी0टी0 योजना का क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद बागपत की तहसील खेकड़ा में 'चण्डीगढ़ मॉडल' तथा शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद अयोध्या के नगर निगम क्षेत्र में 'झारखण्ड मॉडल' प्रायोगिक तौर पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। 'चण्डीगढ़ मॉडल' में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत देय खाद्यान्न सब्सिडी का नकद हस्तान्तरण लाभार्थी के खाते में किया जाता है, जिससे लाभार्थी को खुले बाजार से खाद्यान्न लेने की स्वतंत्रता होगी। इसी प्रकार 'झारखण्ड मॉडल' में लाभार्थी को सब्सिडी की धनराशि से उचित दर दुकानों से ही खाद्यान्न प्राप्त करना होगा।

डी0बी0टी0 योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के राशन कार्ड डाटाबेस का पूर्ण डिजिटलाइजेशन, डाटाबेस में उपलब्ध आधार संख्या का एन0आई0सी0, उ0प्र0 द्वारा डी-डुप्लीकेशन कराया जाना, राशन कार्ड डाटाबेस में बैंक खातों, आधार संख्या एवं मोबाइल नम्बर को लिंक किया जाना, बैंक खातों में आधार संख्या की सीडिंग एवं आधार संख्या का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण, प्रमाणिक लाभार्थियों की संख्या दुकानवार तैयार कर तदनुसार सब्सिडी की धनराशि लाभार्थियों के खाते में भेजे जाने की कार्यवाही की जाती है। उक्त डी0बी0टी0 योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद सम्पूर्ण प्रदेश में लागू किये जाने पर विचार किया जायेगा।

उपरोक्तानुसार।

डी0बी0टी0 योजना के पायलेट प्रोजेक्ट के अतिरिक्त घटतौली, कालाबाजारी रोकने के लिए प्रदेश के ब्लाक गोदामों में 5.0 मी0 टन क्षमता का इलेक्ट्रानिक कांटा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तत्क्रम में अद्यतन 140 गोदामों पर इलेक्ट्रानिक कांटें स्थापित किये जा चुके हैं, शेष पर स्थापना की कार्यवाही प्रचलित है। साथ ही खाद्यान्न उठान में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में जी0पी0एस0 सिस्टम लगाया गया है, जिससे मार्ग में खाद्यान्न का व्यवर्तन न हो सके और पूर्ण खाद्यान्न गोदाम पर पहुंचे। तत्क्रम में अद्यतन 2465 वाहनों में जी0पी0एस0 सिस्टम लगाया जा चुका है, शेष पर लगाये जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

प्रश्न नहीं उठता।

अतारांकित प्रश्न

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा के रोडवेज बस स्टेशन के नवनिर्माण के सम्बन्ध में

1-श्री वीर विक्रम सिंह, प्रिंस-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा का रोडवेज बस स्टेशन जर्जर है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त रोडवेज स्टेशन का पुनः निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जनपद शाहजहांपुर के कटरा बस स्टेशन पर कुछ अनुरक्षण कार्य की आवश्यकता है।

परिवहन निगम के पास संसाधनों की उपलब्धता होने पर पुनः निर्माण सम्भव है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद सीतापुर के विधान सभा क्षेत्र सिधौली के बिसवाँ चौराहे से नगर सीमा क्षेत्र तक अन्डरग्राउंड केबिल डलवाये जाने के सम्बन्ध में

2-डॉ0 हरगोविन्द भार्गव-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सीतापुर की सिधौली नगर पंचायत क्षेत्र में बिसवाँ चौराहे से सिंहपुर तक पूर्व में विधायक निधि द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एल0टी0 लाइन स्वीकृत की गयी थी जिस पर वर्तमान समय में सिंहपुर तक खम्भे लगे हैं ? तार न होने की वजह से आपूर्ति बन्द है तथा खाली खम्भों की वजह से बहुत दुर्घटनाएं होती हैं ? यदि हां, तो उक्त खम्भों को हटाकर बिसवां चौराहे से नगर सीमा क्षेत्र तक लगभग 100 मी0 अन्डरग्राउन्ड केबिल डलवाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हाँ।

वर्तमान में विद्युत आपूर्ति ग्रामीण पोषक कमलापुर देहात से की जा रही है। बिसवाँ चौराहे से सिंहपुर तक एल0टी0 लाइन का कार्य 31.07.2019 तक पूर्ण कर दिया जायेगा।

एल0टी0 लाइन का कार्य उपरोक्तानुसार कराया जायेगा तथा बिसवाँ चौराहे से नगर सीमा क्षेत्र तक लगभग 100 मीटर अण्डरग्राउण्ड केबिल डालने की तकनीकी दृष्टिकोण से आवश्यकता नहीं पायी गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

कुम्भ मेले के लिए परिवहन निगम की बसों के चेचिस निर्माण व एल0ई0डी0 लाइटों की खरीद में घोटाले की जांच की मांग

3-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या पविहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर स्थित परिवहन निगम की निर्माण कार्यशाला में कुम्भ मेले के लिए तैयार की गई 500 स्पेशल बसों के चेचिस निर्माण और 25 लाख से अधिक एल0ई0डी0 लाइटों की खरीद में हुए कथित घोटाले की कोई जांच सरकार द्वारा कराई जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मामले में प्रथम दृष्टया अथवा अन्तिम जांच में किसी दोषी के विरुद्ध कार्रवाई का ब्यौरा सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जी हां।

कानपुर स्थित परिवहन निगम बस बॉडी निर्माण, कार्यशालाओं में 500 बसों के बस बॉडी, निर्माण से सम्बन्धित सामग्री के क्रय में अनियमितता से सम्बन्धित परिवाद पत्र पर जांच करायी गयी। प्रश्नगत परिवाद प्रकरण में प्रधान प्रबन्धक केन्द्रीय कार्यशाला/डा0 राम मनोहर लोहिया कार्यशाला, उ0प्र0 परिवहन निगम, कानपुर को दोषी पाये जाने पर निलम्बित करते हुए विभागीय कार्रवाई प्रख्यापित की गयी है जिसमें एल0ई0डी0 लाइटों की खरीद से सम्बन्धित बिन्दु की जांच भी सम्मिलित है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद जौनपुर के मुँगराबादशाहपुर नगर पालिका परिषद् में विद्युत के जर्जर तारों को बदलने की मांग

4-श्रीमती सुषमा पटेल-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के मुँगराबादशाहपुर नगर पालिका परिषद् में जर्जर विद्युत तारों को बदलने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 02.07.2018 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

जनपद जौनपुर के मुंगराबादशापुर में मुहल्ला नईगंज में जर्जर 11 केवी केबिल के स्थान पर 450 मी0 11 केवी एक्स0एल0पी0 केबिल बदल दिया गया है। मछलीशहर रोड में जर्जर तार के स्थान पर 250 मीटर वीजल कन्डक्टर तार, सिपाह में 450 मी0 वीजल कन्डक्टर तार और जंघई रोड में 300 मीटर वीजल कन्डक्टर लगाकर जर्जर तार बदल दिया गया है। वर्तमान में विद्युत आपूर्ति सामान्य है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में विद्युत चोरी रोकने के लिये सरकारी कार्यालयों में की गयी चेकिंग व दोषियों को दंडित कर कार्रवाई के सम्बन्ध में

5-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युत चोरी रोकने हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में कितने सरकारी कार्यालयों, राजकीय अधिकारी/कर्मचारी के आवासों, पुलिस थाना आदि में चेकिंग में कितने स्थानों पर विद्युत चोरी होना प्रकाश में आया तथा कितने जिम्मेदारों

के विरुद्ध क्या दण्डात्मक कार्रवाई की गई ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

विद्युत वितरण निगमों के अन्तर्गत क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा विद्युत चोरी के विरुद्ध डाले जाने वाले छापों/उपभोक्ता परिसरों की चेकिंग की कार्यवाही का वर्तमान में रेड मैनेजमेन्ट सिस्टम पोर्टल (आर0एम0एस0 पोर्टल) पर ऑनलाइन रिकार्ड रखा जाता है। रेड मैनेजमेन्ट सिस्टम पोर्टल पर विद्युत चोरी से सम्बन्धित चेकिंग/छापों के कुल आंकड़ों में ही सरकारी कार्यालयों, राजकीय अधिकारी/कर्मचारी के आवासों, पुलिस थाना आदि परिसरों में की गयी चेकिंग से सम्बन्धित आंकड़े भी सम्मिलित हैं।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में कुल 2,31,639 विभागीय एवं सतर्कता रेड टीमों द्वारा विद्युत चोरी पकड़ने हेतु रेड्स (छापा) डाले गये जिसमें 1,46,480 प्रकरणों में विद्युत चोरी एवं 32,544 प्रकरणों में विद्युत उपभोग सम्बन्धी अन्य अनियमितता पायी गई।

प्रश्न नहीं उठता।

6-श्री सुखदेव राजभर-

[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त]

जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड महराजगंज में विद्युत योजनाओं को बजट उपलब्ध कराने की मांग

7-श्री नफीस अहमद-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड महराजगंज व बिलरियागंज में वर्ष 2016-17, 2017-18 में स्वीकृत विद्युत योजनाओं का कार्य बजट के अभाव में बाधित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्य हेतु बजट उपलब्ध कराकर पूर्ण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

बजट की उपलब्धता करायी जा रही है।

जी हाँ।

उक्त कार्य को दिनांक 31.08.2019 तक पूर्ण करा दिया जाना लक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश की कारागारों में क्षमता से अधिक कैदी होने व नई जेलें बनाने के सम्बन्ध में जानकारी

8-श्री मो0 फईम इरफान तथा हाजी इरफान सोलंकी-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थापित कारागारों में उनकी स्वीकृत कैदी क्षमता के सपेक्ष 31 मार्च, 2019 को बंद कैदी संख्या क्या है ? क्या सरकार मुरादाबाद

सहित प्रदेश में अधिक क्षमता वाली जेलें निश्चित समय-सीमा के अन्तर्गत बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

प्रदेश की विभिन्न कारागारों में 59004 कैदियों को रखने की क्षमता है, जिसके सापेक्ष दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार 99567 बन्दी बन्द थे।

जी हां।

प्रश्न नहीं उठता।

ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बेरोजगारी से पलायन कर शहरों में आने की समस्या दूर किये जाने की जानकारी

9-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या श्रम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों से बेरोजगारी के कारण पलायन रोकने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की कोई योजना सरकार की है ? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या है ? यदि नहं, तो क्यों ?

श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय मंत्री (श्री स्वामी प्रसाद मौर्य)-

सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। सेवायोजन विभाग के पोर्टल sewayojan.up.nic.in में बेरोजगार अभ्यर्थियों एवं नियोजकों को ऑनलाइन पंजीकृत किये जाने की व्यवस्था है। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से बेरोजगारों को इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाते हैं, साथ ही कैरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन कर बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसरों के अनुरूप विषय चयन में सहायता एवं रोजगार बाजार में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रदान की जाती है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र सौरांव में किसानों के धान एवं गेहूं की खरीद में की गयी अनियमितता की जांच के सम्बन्ध में

10-डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र सोरांव में किसानों के धान एवं गेहूं की खरीद में की गयी अनियमितता की जानकारी सरकार को है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र सोरांव में किसानों के धान एवं गेहूँ की खरीद में की गयी अनियमितता का कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के किसी खेत से मिट्टी के खनन में रास्ते व पड़ोसी खेत से निश्चित दूरी छोड़े जाने की जानकारी

11-श्री मो0 फईम इरफान तथा हाजी इरफान सोलंकी-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि किसी खेत से खनन करने में पड़ोस के खेत, चकरोड अथवा सड़क आदि की सुरक्षा के दृष्टिगत निश्चित दूरी या सीमा अवशेष रखने का कोई निर्देश और उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान पूर्व से प्रदेश में लागू है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हां।

उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली-1963 के नियम-41 में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार ग्राम सड़क (चकरोड) के बाहरी कोर से 10 मीटर की दूरी तक तथा सार्वजनिक सड़कों और भवनों या निवासित स्थल (Inhabited Site) रेलवे, जलाशय, नहर या सड़क के बाहरी कोर से 50 मीटर की दूरी तक खनन संक्रिया किया जाना प्रतिबन्धित है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में सरकार द्वारा स्थापित की गई नई विद्युत उत्पादन परियोजना की जानकारी

12-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में निजी व केन्द्रीय बिजली उत्पादन इकाइयों से प्रति यूनिट बिजली खरीदने तथा विभिन्न उपभोक्ताओं को बेचने की दरें क्या हैं ? क्या सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2019 के मध्य प्रदेश में नई विद्युत उत्पादन परियोजना का निर्माण कर विद्युत उत्पादन आरम्भ किया गया है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में निजी विद्युत उत्पादकों से रु0 4.596 प्रति यूनिट की समेकित दर से तथा केन्द्रीय विद्युत परियोजनाओं से रु0 3.710 प्रति यूनिट की समेकित दर से विद्युत क्रय की गयी है (संलग्नक-01)। इसके अतिरिक्त राज्य के विभिन्न उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा रही बिजली की दरें मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक

आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु अनुमोदित टैरिफ आदेश दिनांक 22.01.2019 के अनुसार है (संलग्नक-02)।

जी हाँ।

इस अवधि में एन0टी0पी0सी0लिमिटेड द्वारा स्थापित ऊँचाहार परियोजना की 500 मेगावाट सी0ओ0डी0 दिनांक 30.09.2017 एवं निजी क्षेत्र की बारा परियोजना (500 मेगावाट) की सी0ओ0डी0 दिनांक 26.05.2017 को घोषित की गई है।

मेजा ऊर्जा निगम (प्रा0) (उ0प्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड एवं एन0टी0पी0सी0 के संयुक्त उपक्रम) द्वारा जनपद-प्रयागराज में स्थापित की जा रही 2X660 मे0वा0 विद्युत परियोजना की प्रथम इकाई का ट्रायल ऑपरेशन 16.10.2018 को पूर्ण किया गया एवं इस इकाई को दिनांक 30.04.2019 को वाणिज्यिक भार पर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद जौनपुर के मुँगराबादशाहपुर में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति की बस्तियों में विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में

13-श्रीमती सुषमा पटेल-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर विधान सभा क्षेत्र में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत कई अनुसूचित जाति की बस्तियों तथा कुछ अन्य मजरों का विद्युतीकरण नहीं किया गया है ? क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र के सभी मजरों का पुनः सर्वे कराकर उक्त योजना से संतृप्त करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जनपद-जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मुँगराबादशाहपुर के अन्तर्गत चयनित सभी बस्तियों एवं मजरों के विद्युतीकरण का कार्य सौभाग्य योजना के अन्तर्गत 31 मार्च, 2019 तक पूर्ण कराया जा चुका है।

यदि कोई नये तथ्य प्रकाश में आते हैं तो सर्वे कराया जायेगा।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मथुरा में बन्द पड़े राया, मांट, नौहझील के बस अड्डे का पुनः निर्माण कराकर संचालित कराये जाने की मांग

14-श्री श्याम सुन्दर शर्मा-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मथुरा में बन्द राया, मांट, नौहझील बस अड्डे का पुनः निर्माण कराकर सरकार संचालित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

राया बस अड्डे के निष्प्रयोज्य घोषित होने के कारण उसका पुनर्निर्माण नहीं कराया जायेगा।

मांट बस अड्डे के उच्चीकरण कार्य का प्रस्ताव विचाराधीन है।

नौहझील बस अड्डा का पुनर्निर्माण निगम के सीमित वित्तीय संसाधनों के दृष्टिगत सम्भव नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2018-19 में धान खरीद का लक्ष्य एवं जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज में कितने धान क्रय केन्द्र खोले जाने की जानकारी

15-श्री सुखदेव राजभर-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2018-19 में धान खरीद का कोई लक्ष्य निर्धारित है ? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज में कुल कितने धान क्रय केन्द्र खोले गये तथा उन क्रय केन्द्रों पर कुल कितना धान क्रय किया गया ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त केन्द्रों पर किस मूल्य से धान की खरीद की गयी तथा क्रय किये गये धानों का सम्पूर्ण भुगतान कर दिया गया है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हां।

खरीफ विपणन वर्ष 2018-19 में धान क्रय हेतु जारी धान क्रय नीति विषयक शासनादेश दिनांक 20.09.2018 द्वारा धान क्रय का कार्यकारी लक्ष्य 50 लाख मी0 टन निर्धारित किया गया।

धान खरीद वर्ष 2018-19 में जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज में खाद्य विभाग का 01 धान क्रय केन्द्र एवं पी0सी0एफ0 के 04 धान क्रय केंद्र सहित कुल 05 धान क्रय केंद स्थापित थे। क्रय केंद्र मार्टीनगंज पर 1314.74 मी0 टन, क्रय केंद्र नर्वे पर 567.92 मी0 टन, क्रय केंद्र कुरुथुआ पर 444.10 मी0 टन, क्रय खरसहनकला पर 225.84 मी0 टन एवं क्रय केंद्र लसड़ाकला पर 238.76 मी0 टन कुल 2791.36 मी0 टन धान की खरीद की गयी।

धान के समर्थन मूल्य रु0 1750 प्रति कुं0 की दर से क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद की गयी तथा रु0 20 प्रति कुं0 की दर से उतराई, छनाई व्यय का भुगतान अलग से कृषकों को किया गया। कृषकों को पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

कृषकों का भुगतान किया जा चुका है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के लिये विद्युत उत्पादन में बढ़ोत्तरी की जानकारी

16-डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति कम होने के कारण प्रदेश की जनता को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पा रही है ? क्या सरकार विद्युत उत्पादन में बढ़ोत्तरी करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

वर्तमान में दिनांक 01.04.2019 से प्रदेश में विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल निम्नवत् है :-

(अ) ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे।

(ब) सभी तहसील मुख्यालयों एवं सभी नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत टाउनों पर 24 घण्टे।

(स) सभी जनपद मुख्यालयों में 24 घण्टे।

माह अप्रैल, 2019 से माह जून, 2019 तक की गयी विद्युत आपूर्ति की स्थिति निम्नवत् है :-

क्र0 सं0	क्षेत्र	विद्युत आपूर्ति (घण्टे में)		
		अप्रैल, 2019	मई, 2019	जून, 2019
1.	ग्रामीण	19.49	20.31	18.02
2.	तहसील (मु0)	22.36	22.53	22.16
3.	शहरी	23.14	23.16	22.51

जी हाँ।

वर्तमान में उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अधीन राज्य/संयुक्त क्षेत्र में नवीन ताप विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें 3960 मे0वा0 राज्य क्षेत्र में तथा 3300 मे0वा0 संयुक्त क्षेत्र में निर्माणाधीन है। जिनका विवरण निम्नवत् है :-

1-राज्य क्षेत्र में निर्माणाधीन नव विद्युत परियोजनाएं :

∅ 1X660 मे0वा0 हरदुआगंज तापीय विस्तार परियोजना, हरदुआगंज, अलीगढ़ इकाई से सितम्बर-2020 से विद्युत उत्पादन सम्भावित।

∅ 2X660 मे0वा0 जवाहरपुर तपीय परियोजना, मलावन, एटा प्रथम इकाई से जुलाई 2021 एवं द्वितीय इकाई से नवम्बर 2021 से विद्युत उत्पादन सम्भावित।

∅ 2X660 मे0वा0 ओबरा 'सी' तापीय विस्तार परियोजना, ओबरा, सोनभद्र प्रथम इकाई से जुलाई 2021 एवं द्वितीय इकाई से नवम्बर 2021 से विद्युत उत्पादन सम्भावित।

∅ 1X660 मे0वा0 पनकी तापीय विस्तार परियोजना, पनकी, कानपुर की इकाई से जनवरी 2022 से विद्युत उत्पादन लक्षित।

2-संयुक्त क्षेत्र में निर्माणाधीन नव विद्युत परियोजनाएं :

∅ उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 एवं एन0टी0पी0सी0 के संयुक्त उपक्रम मेजा ऊर्जा निगम प्रा0लि0 के तहत 2X660 मे0वा0 मेजा तापीय परियोजना की प्रथम इकाई को दिनांक 30.04.2019 से वाणिज्यिक भार पर ले लिया गया है तथा द्वितीय इकाई से मार्च 2020 से विद्युत उत्पादन सम्भावित।

∅ उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड एवं नेयवेली लिग्नाइट के संयुक्त उपक्रम नेयवेली उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के तहत 3X660 मे0वा0 घाटमपुर तापीय परियोजना, घाटमपुर, कानपुर की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई से क्रमशः माह नवम्बर 2020 एवं नवम्बर 2021 में विद्युत उत्पादन लक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जिला सहारनपुर के जिला उपभोक्ता विवाद पारितोष फोरम में रिक्त पद भरे जाने के सम्बन्ध में

17-श्री संजय गर्ग-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला सहारनपुर के जिला उपभोक्ता विवाद पारितोष फोरम में कुल कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार जनहित में रिक्त पदों को भरेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

खाद्य एवं रसद, नागरिक आपूर्ति, किराया नियंत्रण, उपभोक्ता संरक्षण, बांट-माप, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (श्री अतुल गर्ग)-

जिला उपभोक्ता फोरम सहारनपुर में सदस्यों के कुल 02 पद रिक्त है।

जी हाँ।

प्रदेश के जिला फोरमों में रिक्त सदस्यों के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया जा चुका है जिसमें जिला उपभोक्ता फोरम सहारनपुर के रिक्त 02 सदस्यों के पद भी सम्मिलित हैं। नियुक्ति की कार्रवाई उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण (14वां संशोधन) नियमावली 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रक्रियाधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

जिला सहारनपुर के जिला उपभोक्ता विवाद पारितोष फोरम में लम्बित विवाद के सम्बन्ध की जानकारी

18-श्री संजय गर्ग-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला सहारनपुर सहित प्रदेश के जिला उपभोक्ता विवाद पारितोष फोरम में वर्तमान में कुल कितने विवाद लम्बित हैं ? क्या सरकार

लम्बित विवादों की त्वरित सुनवाई कर निस्तारित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जिला उपभोक्ता विवाद पारितोष फोरम सहारनपुर सहित प्रदेश के जिला उपभोक्ता विवाद पारितोष फोरम्स में मार्च 2019 तक कुल 82438 विवाद लम्बित हैं।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानानुसार जिला फोरम्स में योजित वादों की सुनवाई/निस्तारण न्यायिक प्रक्रिया के तहत किया जाता है। उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण (14वां संशोधन) नियमावली, 2019 में प्रावधानित व्यवस्था के अनुसार वर्तमान एवं आगामी दिसंबर माह 2019 तक प्रदेश के जिला उपभोक्ता फोरम्स में अध्यक्ष के 33 पद उवं सामान्य सदस्य के 52 पद तथा महिला सदस्य के 54 पद रिक्त हैं जिसके कारण लंबित वादों के निस्तारण में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। प्रदेश के जिला फोरम्स में रिक्त अध्यक्ष के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती हेतु मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद से अनुरोध किया गया है एवं प्रदेश के जिला फोरम्स से भी रिक्त सदस्यों के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया जा चुका है। नियुक्ति की कार्रवाई उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण (14वां संशोधन) नियमावली, 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रक्रियाधीन है। रिक्त पदों को भरने के पश्चात् लंबित वादों को निपटाने की कार्रवाई और अधिक शीघ्रता से पूर्ण की जाएगी।

प्रश्न नहीं उठता।

किसान व गरीब उपभोक्ताओं से विद्युत बिल पर लगने वाला सरचार्ज पूरी तरह समाप्त करने की मांग

19-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किसानों व अन्य उपभोक्ताओं के बिल पर लगाये जाने वाले सरचार्ज को किसी खास वसूली अभियान के समय माफ करने के बजाय किसानों व ग्रामीण गरीब उपभोक्ताओं पर हमेशा के लिए सरचार्ज लगाना सरकार बंद करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

उपभोक्ताओं के बिल पर लगाये जाने वाले सरचार्ज का निर्धारण मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग द्वारा हुआ है। भुगतान में विलम्ब की दशा में यह विद्युत वितरण कम्पनियों की कार्यशील पूंजी पर लागू ब्याज की प्रतिपूर्ति के लिए आवश्यक है।

जनपद आजमगढ़ में सौभाग्य योजना (सहज बिजली हर घर योजना) के अंतर्गत कुल वितरित विद्युत कनेक्शन दिये जाने की जानकारी

20-श्री सुखदेव राजभर-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में सौभाग्य योजना (सहज बिजली हर घर योजना) के अन्तर्गत कुल कितने विद्युत कनेक्शन का वितरण लाभार्थियों को किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

सौभाग्य योजना के तहत जनपद आजमगढ़ में विद्युत कनेक्शन का वितरण कुल 1,04,714 लाभार्थियों को किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

उपभोक्ताओं को राशन की वस्तुएं घर-घर पहुंचाए जाने की व्यवस्था लागू किये जाने की जानकारी

21-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में उचित दर राशन व्यवस्था में सुधार के दृष्टिगत राशन की वस्तुएं कार्ड धारकों के घर पहुंचाने तथा उक्त व्यवस्था में पंचायतों का नियंत्रण बढ़ाने जैसे सुधारात्मक उपायों को लागू करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

प्रदेश में उचित दर राशन व्यवस्था के अन्तर्गत राशन की वस्तुएं कार्डधारकों के घर पहुंचाने के सम्बन्ध में सम्प्रति कोई नीति विचाराधीन नहीं है, परन्तु असहाय, अशक्त एवं दिव्यांगजन जैसे लाभार्थी, जिनके परिवार का कोई सदस्य उचित दर दुकान पर जाकर खाद्यान्न प्राप्त करने में सक्षम न हो, ऐसे लाभार्थियों को चिन्हित कर उचित दर विक्रेता द्वारा उनके निवास स्थान पर खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में खाद्यायुक्त द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2017 को आदेश निर्गत किया गया है।

उक्त व्यवस्था में पंचायतों के नियंत्रण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा नियमावली, 2015 में उचित दर दुकान स्तर पर गठित सतर्कता समितियों में ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, ग्राम सभा की प्रशासनिक समिति का वरिष्ठतम सदस्य, ग्राम सभा के तीन सदस्य, प्राथमिक विद्यालय का प्राध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा ग्राम पंचायत सचिव को प्रतिनिधित्व दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन) आदेश-2016 के अन्तर्गत मासिक वितरण प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु सतर्कता समितियों के सदस्यों के हस्ताक्षर के उपरान्त ही उचित दर विक्रेताओं को अगले माह का खाद्यान्न उठाने की व्यवस्था दी गयी है।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश में बिकने वाले दूध में होने वाली नुकसानदेय रासायनिक मिलावट रोके जाने व उसके दुष्प्रभाव को शून्य किये जाने की कार्रवाई की मांग

22-श्री मो0 फईम इरफान तथा हाजी इरफान सोलंकी-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिकने वाले विभिन्न दुग्ध उत्पादों में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इण्डिया की जांच रिपोर्ट में डिटर्जेंट व यूरिया जैसे कई जहरीले रसायनों की मिलावट की जानकारी सरकार के संज्ञान में आयी है ? यदि हां, तो उक्त मिलावट को रोकने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हाँ।

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 सम्बन्धित नियमावली, 2011 व विनियमावली, 2011 के प्राविधानों को प्रवर्तित किया जाता है, जिसमें निरीक्षणों, छापों के माध्यम से सतत् नमूना संग्रहण एवं अन्य कार्यवाहियाँ की जाती हैं। जनपदों में जिलाधिकारी के अधीन अभिहित अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यरत हैं। मण्डल के समस्त जनपदों के कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु मण्डल स्तर पर सहायक आयुक्त (खाद्य) तैनात हैं। संग्रहीत नमूनों की जाँच हेतु जनपद लखनऊ, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, झाँसी व वाराणसी में खाद्य विश्लेषक प्रयोगशालायें स्थापित हैं। दिनांक 01.04.2018 से दिनांक 30.04.2019 तक प्रदेश में खाद्य पदार्थ दुग्ध उत्पाद के सम्बन्ध में प्रवर्तन कार्यवाही में 24852 निरीक्षण एवं 3742 छापों के माध्यम से कुल 5002 नमूने संग्रहीत किये गये। उक्त अवधि में ए0ओ0 कोर्ट में 2447 वाद तथा मा0 न्यायिक न्यायालय में 104 वाद दायर किये गये। उक्त अवधि में ए0ओ0 कोर्ट द्वारा 1512 वाद निर्णीत किये गये एवं रु0 4,05,52,802/- (रु0 चार करोड़ पांच लाख बावन हजार आठ सौ दो मात्र) का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। मा0 न्यायिक न्यायालय द्वारा 14 वाद निर्णीत किये गये तथा 11 व्यक्तियों को सजा देते हुए रु0 350500/- (रु0 तीन लाख पचास हजार पांच सौ मात्र) का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

प्रश्न ही नहीं उठता।

प्रदेश में श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विवरण की जानकारी

23-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में श्रमिकों के कल्याण हेतु जारी विभिन्न योजनावार कितने लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है ? क्या सरकार उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु कोई विशेष अभियान चलायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वर्तमान में जारी योजनाओं के अंतर्गत अब तक कुल 7,65,457 श्रमिकों को रु0 6,91,37,15,048/- (छः अरब इक्यानबे करोड़ सैंतीस लाख पन्द्रह हजार अड़तालीस रु0 मात्र) की धनराशि वितरित की जा चुकी है तथा उ0प्र0 श्रम कल्याण परिषद द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं के अन्तर्गत अब तक कुल 12,145 श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों एवं उनके आश्रितों को कुल रु0 6,12,67,500/- (रुपया छः करोड़ बारह लाख सड़सठ हजार पाँच सौ मात्र) की धनराशि वितरित की जा चुकी है। जिसका योजनावार विवरण सूची संलग्न है।

योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित किये जाने की दृष्टि के समय-समय पर समारोह आयोजित कर जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं से संबंधित हितलाभों का सामूहिक रूप से वितरण किया जाता है।

उपरोक्तानुसार।

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वर्तमान में जारी योजनाओं के अंतर्गत अब तक कुल 765457 श्रमिकों को रु0 6,91,37,15,048/- (छः अरब इक्यानबे करोड़ सैंतीस लाख पन्द्रह हजार अड़तालीस रु0 मात्र) की धनराशि वितरित की जा चुकी है, जिसका योजनावार विवरण निम्नवत् है :-

योजना का नाम	लाभार्थियों की संख्या	वितरित धनराशि (रु0 में)
1	2	3
मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना।	262000	2749037728
मेधावी छात्र पुरस्कार योजना।	67999	221007366
संत रविदास शिक्षा सहायता योजना।	30207	46136860
निर्माण कामगार आवास सहायता योजना	816	16584000
चिकित्सा सुविधा योजना।	323183	674123200
कन्या विवाह सहायता योजना।	11797	617588007
कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना।	6091	33952879
सौर ऊर्जा सहायता योजना।	42921	202361240
महात्मा गाँधी पेंशन योजना।	192	651600
निर्माण कामगार गम्भीर बीमारी सहायता योजना।	21	1516206
निर्माण कामगार अन्त्येष्टि सहायता योजना।	7622	366486565

1	2	3
निर्माण कामगार मृत्यु, विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना।	12193	1981779397
शौचालय सहायता योजना।	415	2490000
योग	765457	6,91,37,15,048

उ0प्र0 श्रम कल्याण परिषद् द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं के अन्तर्गत अब तक कुल 12,145 श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों एवं उनके आश्रितों को कुल रु0 6,12,67,500/- (रुपया छः करोड़ बारह लाख सड़सठ हजार पाँच सौ मात्र) की धनराशि वितरित की जा चुकी है, जिसका योजनावार विवरण निम्नवत है :-

श्रम कल्याण परिषद् की योजना	लाभार्थियों की संख्या	वितरित धनराशि (रु0 में)
1-उत्तर प्रदेश में कार्यरत श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों के प्राविधिक शिक्षा में प्रवेश पाने पर आर्थिक सहायता (छात्रवृत्ति) वितरण सम्बन्धी योजना	4453	23036500
2-उत्तर प्रदेश में कार्यरत श्रमिकों के मेधावी पुत्र/पुत्रियों को पुरस्कार राशि प्रदान किये जाने सम्बन्धी योजना।	5863	15206000
3-औद्योगिक अधिष्ठानों के मृतक श्रमिकों की विधवाओं/आश्रितों को आर्थिक सहायता वितरण योजना।	135	1720000
4-औद्योगिक अधिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों की पुत्रियों को कन्यादान के रूप में आर्थिक सहायता वितरण योजना।	1689	21280000
5-कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत कारखानों के मृतक श्रमिकों की विधवाओं/आश्रितों को अन्त्येष्टि हेतु आर्थिक सहायता वितरण योजना।	5	25000
	12145	61267500
असंगठित क्षेत्र हेतु योजना	लाभार्थियों की संख्या	
प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना	5,11,580	

जनपद मुरादाबाद के थाना-कुंदरकी, जिला-मुरादाबाद में पंजीकृत किए गए मुकदमा अपराध संख्या-06-18 धारा-3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम दिनांक 09.01.2018 में नामित के विरुद्ध कार्रवाई की जानकारी

24-श्री मो0 फईम इरफान तथा हाजी इरफान सोलंकी-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के ग्राम-जलालपुर खास, तहसील-बिलारी के कतिपय उचित दर विक्रेता के खिलाफ कार्डधारकों का राशन हड़पने के

कारण थाना कुंदरकी, जिला-मुरादाबाद में पंजीकृत किए गए मुकदमा अपराध संख्या-06/18, धारा-3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम दिनांक 09-01-2018 में नामित के विरुद्ध कोई प्रभावी दण्डात्मक कार्रवाई की गयी है ? यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

ग्राम सभा जलालपुर खास के उचित दर विक्रेता शमशाद हुसैन के द्वारा वितरण में बरती गयी अनियमितताओं के दृष्टिगत उक्त विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-3/7 के अन्तर्गत थाना कुंदरकी जिला मुरादाबाद में मुकदमा अपराध संख्या-06/18, दिनांक 09.01.2018 को मुकदमा पंजीकृत कराया गया। उक्त मुकदमा की जांच उप निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र द्वारा की गयी। श्री धमेन्द्र द्वारा दिनांक 16.06.2019 को चार्जशीट संख्या-29/18 मा0 न्यायालय में दाखिल की जा चुकी है।

25-हाजी इरफान सोलंकी-

[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त]

प्रदेश में जन कल्याण योजना की तर्ज पर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितार्थ योजना की जानकारी

26-हाजी इरफान सोलंकी-

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश में लागू की गयी मुख्य मंत्री ''जन कल्याण (संबल) योजना'' की तर्ज पर 1 अप्रैल, 2018 से प्रदेश के असंगठित श्रमिक परिवारों हेतु कोई योजना सरकार लागू करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

वर्तमान में इस प्रकार की कोई योजना लागू नहीं है और इस प्रकार की योजना लागू करने का प्रस्ताव विचाराधीन भी नहीं है।

उत्तर प्रदेश राज्य में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितार्थ योजनाएं बनाने एवं उसके क्रियान्वयन का अधिकार ''उत्तर प्रदेश राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड'' में सन्निहित है।

जनपद झांसी के रबी फसल की भांति किसानों को जायद फसलों के लिए भी किसानों को सीजनल विद्युत कनेक्शन देने की जानकारी

27-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में रबी फसल पर किसानों को दिये जाने वाले सीजनल विद्युत कनेक्शन की भांति जायद फसलों के लिए भी किसानों को सीजनल विद्युत कनेक्शन दिये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश में केवल बुन्देलखण्ड में स्थित नलकूप के संयोजनों पर रबी फसल हेतु (माह नवम्बर से माह फरवरी) तक सीजनल

विद्युत संयोजन देने की व्यवस्था की गयी है क्योंकि वहां पानी की समस्या है और केवल रबी की फसल ही पैदा हो पाती है यह व्यवस्था केवल बुन्देलखण्ड में सिंचाई के उद्देश्य से स्थापित नलकूप पर लागू होती है।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश की जेलों में खाने की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को दूर करने और नियमित मॉनिटरिंग किये जाने के सम्बन्ध में

28-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को घटिया भोजन दिये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो उक्त के निराकरण का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हां।

कारागारों में बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश की कारागारों के संबंध में विभिन्न माध्यमों से अन्य शिकायतों के साथ-साथ भोजन की गुणवत्ता खराब होने सम्बन्धी शिकायतें भी प्राप्त होती हैं, जिन पर तत्काल संज्ञान लेकर परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक कारागार अथवा उच्चाधिकारियों के माध्यम से जांच कराई जाती है। प्राप्त शिकायतें जांचोपरान्त पुष्टित नहीं पाये जाने के कारण विवरण पटल पर रखे जाने का औचित्य नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

जनपद कुशीनगर के हाटा तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम देवराज पियरा, विकास खण्ड मोतीचक में राशन की दुकान आवंटन में अनियमितता बरतने के सम्बन्ध में कार्रवाई की मांग

29-श्री पवन कुमार उर्फ पवन केडिया-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कुशीनगर की हाटा तहसील के अन्तर्गत ग्राम-देवराज पियरा, विकास खण्ड-मोतीचक में राशन दुकान आवंटन में अनियमितता बरतने की शिकायत प्राप्त हुयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार अनियमित तरीके से हुए आवंटन को निरस्त कर नियमानुसार दुकान आवंटन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

ग्राम सभा देवराज पियरा विकास खण्ड-मोती चक तहसील हाटा की दो भिन्न ग्राम सभाएं हैं। ग्राम सभा देवराज में विगत 15 वर्षों से उचित दर की दुकान कार्यरत है। ग्राम सभा पियरा की दुकान विक्रेता के अनुबन्ध पत्र निरस्त हो जाने के फलस्वरूप रिक्त थी। उक्त रिक्त ग्राम सभा-पियरा में उचित दर की दुकान की स्थापना हेतु खण्ड विकास अधिकारी मोती चक

द्वारा अपने कार्यालय पत्र संख्या-560/राशन दुकान चयन प्रस्ताव/2018-19, दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 द्वारा ग्राम सभा पियरा की खुली बैठक में दिनांक 19.12.2018 को श्री राजेश सिंह पुत्र स्व0 लाल बहादुर सिंह के पक्ष में प्रस्ताव पारित किया गया था। तत्क्रम में उप जिलाधिकारी, हाटा को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। उक्त प्रस्ताव पर उचित दर पर विक्रेता की नियुक्ति हेतु दिनांक 03.01.2019 को तहसील हाटा में तहसील स्तरीय चयन समिति की बैठक आहूत की गयी जिसमें खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव एवं शासनादेश संख्या-2715/29.6.2002-162 सा/2001 दिनांक 17 अगस्त 2002 में वर्णित उचित दर विक्रेता की नियुक्ति सम्बन्धी अर्हताओं का परीक्षण किया गया। उक्त के पश्चात प्रस्ताव एवं विक्रेता की अर्हता नियमानुसार पाये जाने पर चयन समिति ने श्री राजेश सिंह पुत्र स्व0 लाल बहादुर सिंह को उचित दर विक्रेता नियुक्त किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

उक्त निर्णय के अनुक्रम में उप जिलाधिकारी हाटा के कार्यालय आदेश दिनांक 14.01.2019 द्वारा श्री राजेश सिंह पुत्र स्व0 लाल बहादुर सिंह के पक्ष में दुकान आवंटित की गयी। खण्ड विकास अधिकारी मोती चक द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांक 20.12.2018 एवं दुकान आवंटन आदेश दिनांक 14.01.2019 नियमानुसार है जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पायी गयी है। ऐसी स्थिति में उक्त दुकान का आवंटन/नियुक्ति आदेश नियमानुसार होने के फलस्वरूप निरस्त किया जाना विधि संगत नहीं है।

जनपद कुशीनगर के हाटा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन के एवं शिकायतों के सम्बन्धित में जानकारी

30-श्री पवन कुमार उर्फ पवन केडिया-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कुशीनगर के हाटा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन के वितरण में कतिपय कोटेदारों द्वारा लेटलतीफी और धांधली की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में राशन वितरण का कार्य समय से व सही मात्रा में करवायेगी ? यदि हां, कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

विधान सभा क्षेत्र हाटा के अन्तर्गत 03 विकास खण्ड हैं जिनमें कुल 271 उचित दर दुकानें हैं जिसमें अन्त्योदय योजना के 15125 राशन कार्ड व पात्र गृहस्थी योजना के 113724 राशनकार्ड एवं 395150 यूनिट सम्बद्ध हैं, जिसके सापेक्ष अन्त्योदय योजना का आवंटन 3025.00 कु0 गेहूं व 2268.75 कु0 चावल है तथा पात्र गृहस्ती योजना का 11854.00 कु0 गेहूं व 7903.00 कु0 चावल आवंटित है। प्रत्येक ग्राम सभाओं में प्रत्येक उचित दर की दुकानों पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए उनकी उपस्थिति में रोस्टर के अनुसार प्रत्येक कार्ड धारक को निर्धारित मात्रा व मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराया जा रहा है।

माह नवम्बर, 2018 से तहसील हाटा में ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के आधार पर कार्ड धारकों में राशन का वितरण कराया जा रहा है। तहसील दिवसों जनसुनवाई ग्राम सभा में आयोजित चौपालों आई0जी0 आर0एस0 पोर्टल एवं उच्चाधिकारियों को सम्बोधित/पृष्ठांकित शिकायती प्रार्थना-पत्रों के माध्यम से समय-समय पर आवश्यक वस्तुओं के वितरण के सम्बन्ध में कोटेदारों के विरुद्ध आवश्यक वस्तुओं के वितरण में लेटलतीफी/अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त होती हैं, जिसका परीक्षण सक्षम अधिकारी/कर्मचारी से सम्यक जांच करायी जाती है। अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरुद्ध निलम्बन/निरस्तीकरण आदि की कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। विगत छः माहों में प्राप्त शिकायतों के जॉचोपरान्त कृत कार्यवाही का विवरण निम्नवत् है :-

निलम्बित विक्रेता का व ग्राम पंचायत का नाम	निरस्त विक्रेता व ग्राम पंचायत का नाम	विक्रेता से जब्त जमा धनराशि का विवरण
श्री चिखुरी उ0द0वि0 ग्राम सभा झझनपुर वि0ख0 मोतीचक	श्री अमर जीत यादव उ0द0वि0 ग्राम सभा डुमरी मलांव वि0ख0 सुकरौली	श्री रामेश्वर मणि उ0द0वि0 ग्राम सभा हांसखोर वि0ख0 सुकरौली रु0 5000/- शासन के पक्ष में जब्त।
श्री अमरीश उपाध्याय उ0द0वि0 ग्राम सभा वेदूपार वि0ख0 मोतीचक	श्रीमती चन्द्रावती देवी उ0द0वि0 ग्राम सभा बसंतपुर वि0ख0 सुकरौली	श्री राम सजन निषाद उ0द0वि0 ग्राम सभा बेनदुआर वि0ख0 सुकरौली रु0 3000/- शासन के पक्ष में जब्त।
श्री अयोध्या सिंह उ0द0वि0 ग्राम सभा सहजौली वि0ख0 सुकरौली	श्री रामाश्रय सिंह उ0द0वि0 ग्राम सभा मुंडेरा बाबू वि0ख0 सुकरौली	श्री रवि कुमार उ0द0वि0 ग्राम सभा रामपुर मिश्री वि0ख0 हाटा रु0 3000/- शासन के पक्ष में जब्त।
श्रीमती सुशीला देवी उ0द0वि0 ग्राम सभा खोट्ठा वि0ख0 सुकरौली	श्री महेन्द्र यादव उ0द0वि0 ग्राम सभा बेलवा महुअवा वि0ख0 सुकरौली	--

प्रशासन द्वारा नियमित रूप से आवश्यक वस्तुओं का वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित मात्रा एवं मूल्य पर कराया जा रहा है। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील स्तर पर एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिनमें नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी सम्मिलित हैं के द्वारा समय-समय पर गोदामों एवं दुकानों क जांच/निरीक्षण किया जाता है। तहसील हाटा में त्रिस्तरीय सत्यापन व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराया जाता है।

प्रदेश में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत कनेक्शन के सम्बन्ध में विवरण की जानकारी

31-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत कितने कनेक्शन दिये गये और कितने कनेक्शनों के विद्युत बिल जारी किये गये हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त योजना के प्रचार व प्रसार में कितनी धनराशि व्यय हुयी है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि सौभाग्य योजना के अन्तर्गत जर्जर तार बदलने का भी प्रावधान है ? यदि हां, तो जनपद झांसी की गरौठा विधान सभा क्षेत्र में कितने किलोमीटर जर्जर तार बदले गये हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

प्रधानमंत्री सहज हर घर योजना सौभाग्य के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में दिनांक 11.10.2017 से 31.03.019 तक कुल लगभग 79.80 लाख घरों को विद्युत संयोजन निर्गत किये गये है। सौभाग्य योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार निर्गत किए जाने वाले संयोजन विद्युत मीटर के साथ निर्गत किए जायेंगे एवं उन पर ऊर्जा खपत के अनुसार विद्युत बिलों को जारी किया जा रहा है।

सौभाग्य योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वीकृत धनराशि की 2 प्रतिशत धनराशि कम्यूनिकेशन प्लान में व्यय की जानी है। प्रदेश में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु अब तक लगभग कुल रु0 16.44 करोड़ धनराशि का व्यय किया गया है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

सौभाग्य योजना में निर्गत संयोजनों का विवरण संलग्नक-1 एवं प्रचार-प्रसार पर व्यय धनराशि का विवरण संलग्नक-2 पर संलग्न है।

प्रश्न नहीं उठता।

विधान सभा गरौठा के बामौर विकास खण्ड में 220 केवी का सब स्टेशन के निर्माण की मांग

32-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र गरौठा के बामौर विकास खण्ड में 220 के0वी0 का विद्युत ट्रांसमिशन सब-स्टेशन का निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हाँ।

जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र के बामौर विकास खण्ड में 220 के0वी0 उपकेन्द्र बामौर का निर्माण ''नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, (एम0एन0आर0ई0) भारत

सरकार'' द्वारा सहाय्यित 4000 मेगावाट ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-II के तृतीय चरण में प्रस्तावित है। इसके निर्माण के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली से सैद्धान्तिक सहमति दिनांक 11.10.2018 को प्राप्त हो गयी है। मंत्रालय से स्वीकृति मिलने तथा वित्त पोषण उपलब्ध होने पर वर्ष 2022-23 में उपकेन्द्र का निर्माण कराया जाना लक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद अलीगढ़ के हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजा कासिमपुर में विद्युत उत्पादन क्षमता एवं अपव्यय में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

33-श्री दलवीर सिंह-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ में हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना कासिमपुर में 7 नंबर विद्युत इकाई पूर्व में कितनी क्षमता की थी तथा इस क्षमता वृद्धि में कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है ? क्या सरकार इस यूनिट की क्षमता वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से उस पर व्यय की गई धनराशि के बाद विद्युत उत्पादन न करने की जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

हरदुआगंज ताप विद्युत गृह की इकाई सं0 7, जिसकी अधिष्ठापित क्षमता 110 मे0वा0 थी, को वर्ष 1978 में स्थापित किया गया था। तदोपरान्त वर्ष 1990 में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा इस इकाई की क्षमता डीरेट कर 105 मे0वा0 कर दी गई। आर एण्ड एम एवं आपरेटिंग योजना में कुल रु0 508.81 करोड़ धनराशि का व्यय हुआ है।

उक्त इकाई अप्रैल, 2015 से अद्यतन तक उत्पादनरत है।

वर्ष 2009 में हरदुआगंज ताप विद्युत गृह की इकाई सं0 7 के आर एण्ड एम एवं आपरेटिंग का कार्य मै0 बीएचईएल को टर्न की आधार पर सौंपा गया था, जिसमें इकाई के आर एण्ड एम के साथ-साथ इस इकाई की डिरेट क्षमता में वृद्धि कर 120 मे0वा0 किया जाना लक्षित था। इकाई के आर एण्ड एम एवं आपरेटिंग कार्यो के उपरान्त इस इकाई के पी0जी0 (परफारमेन्स गारन्टी) टैस्ट के दौरान, इकाई रेटेड पैरामीटर पर 120 मे0वा0 लक्षित क्षमता प्राप्त करने में असफल रही एवं इकाई 120 मे0वा0 लक्षित क्षमता के स्थान पर 110 मे0वा0 प्राप्त हो सकी।

मै0 बीएचईएल लक्षित क्षमता नहीं प्राप्त होने के लिए दोषी है एवं कार्य में देरी व लक्षित क्षमता नहीं प्राप्त होने के मद में मै0 बीएचईएल से दण्ड स्वरूप रु0 30.87 करोड़ की धनराशि की कटौती कर ली गई है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली, में ग्राम सुखरावली में नवनिर्मित 33 के0वी0ए0 विद्युत उपकेन्द्र के सम्बन्धित में जानकारी

34-श्री दलवीर सिंह-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली के ग्राम सुखरावली में नवनिर्मित 33 के0वी0ए0 विद्युत उपकेन्द्र ऊर्जीकृत नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस विद्युत उपकेन्द्र को ऊर्जाकृत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

विद्युत उपकेन्द्र ऊर्जाकृत हो गया है।

जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली के ग्राम सुखरावली में नवनिर्मित 33/11 के0वी0ए0 विद्युत उपकेन्द्र दिनांक 12.12.2018 को ऊर्जाकृत किया जा चुका है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के यात्रियों की सुविधा हेतु अत्याधुनिक रोडवेज व प्राइवेट बसों के स्टैन्ड बनाने की योजना की जानकारी

35-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में यात्रियों की सुविधा हेतु रोडवेज व प्राइवेट बसों के लिए अत्याधुनिक बस स्टैंड बनवाये जाने की सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जी हां।

उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के लिये आधुनिक बस स्टेशन का निर्माण कराये जाने हेतु जनपद झांसी के मौजा कोछाभॉवर में नगर निगम, झांसी की भूमि चिन्हित कर ली गयी है। उक्त चिन्हित भूमि को लीज पर प्राप्त किये जाने के लिए नगर निगम, झांसी में कार्यवाही गतिशील है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शामली के ग्राम बिजौली में खनन पट्टेदार को मिली भारी मशीन की अनुमति की जानकारी

36-श्री नाहिद हसन-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के ग्राम बिडोली ब्लाक ऊन में कतिपय खनन पट्टेदार द्वारा खनन स्थल पर भारी मशीनरी के प्रयोग कर अवैध खनन किये जाने की जानकारी सरकार को है ? यदि हां, तो उपरोक्त खनन स्थल पर अवैध खनन को

रोकने हेतु सरकार नाईट विज़न कैमरे स्थापित कराने एवं खनन पट्टे के सीमांकन हेतु पिलर अधिष्ठापित कराने का कार्य करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के निजी विद्यालयों में नियमों की अनदेखी कर दुर्घटना करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

37-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के निजी विद्यालयों में परिवहन नियमों की अनदेखी कर जर्जर वाहनों के जरिए बच्चे ढोने की जानकारी सरकार को है ? यदि हां, तो क्या सरकार समस्त स्कूल वाहनों के परिवहन मानक की चेकिंग का कोई विशेष अभियान चलाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

प्रदेश के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा स्कूली वाहनों की निरन्तर चेकिंग की जाती है तथा शिकायत प्राप्त होने पर वाहन स्वामी के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्राविधनों के अनतर्गत कार्रवाई की जाती है।

स्कूली वाहनों के विरुद्ध समय-समय पर विशेष चेकिंग अभियान भी चलाये जाते है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 (दिनांक 01.04.2018 से 31.03.2019 तक) में प्रदेश में संचालित कुल 40768 स्कूली वाहनों में से 35564 स्कूली वाहनों को चेक किया गया, जिसमें मानक के अनुरूप न पाये जाने पर 5779 स्कूली वाहनों का चालान किया गया है।

इसी प्रकार वर्ष 2019-20 (दिनांक 31.04.2019 से 31.05.2019 तक) प्रदेश में संचालित कुल 42974 स्कूल वाहनों में से 26278 स्कूली वाहनों को चेक किया गया, जिसमें मानक के अनुरूप न पाये जाने पर 1205 वाहनों का चालान किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के बागपत जिले में परिवहन निगम की बसों का संचालन की जानकारी

38-श्री कृष्णपाल मलिक-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के विधान सभा क्षेत्र बडौत के अन्तर्गत किन-किन मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन वर्तमान में हो रहा है तथा कौन से मार्ग पर विभाग की बसों का संचालन नहीं है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र के

जिन मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन नहीं है, पर बसों का संचालन कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जनपद बागपत के बडौत विधान सभा के अन्तर्गत परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों का मार्गवार विवरण निम्नवत है :-

1-दिल्ली सहारनपुर मार्ग-गौरीपुर से जिमाना खास।

2-लोनीमोड-मुजफ्फरनगर मार्ग-गौरीपुर से बिजरौल।

3-बडौत-मेरठ मार्ग-बडौत से जौहडी।

4-बडौत-छपरौली-टांडा-बोढा मार्ग-बडौत से सिनौली।

5-बडौत-लुहारी-बागपत-लोनीमोड मार्ग-बडौत से गौरीपुर।

6-बडौत-कोताना मार्ग-बडौत से कोताना।

7-बडौत-मवीकला-सराय-दिल्ली मार्ग-बडौत से पुट्ठी।

ऐसे मार्ग जिन पर परिहवन निगम की बसें संचालित नहीं है।

1-बडौत-आदिलाबाद वाया चौबसी ओढ़ापुर।

2-बडौत-हिवाडी वाया बड़का।

3-बडौत-दोझा वाया इदरीशपुर मार्ग।

4-बडौत-बागपत वाया डौला नगर मार्ग।

5-बडौत-खेडी प्रधान वाया कोताना।

उपरोक्त अंकित जिन मार्गों पर परिहवन निगम की बसें संचालित नहीं है, के संबंध में अवगत कराना है कि उक्त मार्ग संकरे एवं तीव्र मोड़ होने के कारण इन मार्गों पर परिवहन निगम की बड़ी बसों का संचालन संभव नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश के हानिकारक रसायनों से पकने व बिकने वाले फलों के मामले में रोक व दंडात्मक कार्रवाई की मांग

39-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सेहत के लिए हानिकारक रसायन एथलीन, कार्बाइड, इथियोफोन आदि के प्रयोग से फलों को पकाने व उनकी बिक्री रोकने तथा उक्त हेतु दोषियों को दण्डित करने के विगत दो वर्ष की अवधि में की गई कार्यवाही का ब्यौरा सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 30.04.2019 तक प्रदेश में कार्बाइड एवं इथोफोन से पके फलों के सम्बन्ध में प्रवर्तन कार्यवाही में 3453 निरीक्षण एवं 318 छापों के माध्यम से कुल 211 नमूने संग्रहीत किये गये। उक्त अवधि में ए0ओ0 कोर्ट में 08 वाद तथा मा0 न्यायिक न्यायालय में 03 वाद दायर किये गये। उक्त अवधि में ए0ओ0 कोर्ट द्वारा 09 वाद निर्णीत किये गये एवं रु0 1,60,001/- (रुपए एक लाख साठ हजार एक मात्र) का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

प्रश्न ही नहीं उठता।

प्रदेश में गत 2 वर्षों में हुई विद्युत तार टूटने से जन धन की हानि व मुआवजे के विवरण की जानकारी

40-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विगत 2 वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में विद्युत तार टूटने या करेंट प्रवाहित होने से जन-धन की हानि की कितनी घटनाएं सरकार के संज्ञान में आयी हैं तथा उक्त हानि से ग्रस्त पीड़ित परिवारों को कितना मुआवजा सरकार द्वारा दिया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

(1) विगत 2 वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में तार टूटने या करेन्ट प्रवाहित होने से जन-धन की हानि की 6160 घटनाएं सरकार के संज्ञान में आयी हैं।

(2) हानि ग्रस्त पीड़ित परिवारों को रु0 43.48 करोड़ मुआवजा सरकार द्वारा दिया गया है।

जी हां। (विवरण संलग्न है।)

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में प्रेशर हार्न प्रयोग करने वाले स्वामियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण

41-श्री नाहिद हसन-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में दुपहिया वाहन, मोटर कार, बसों व ट्रकों में कितनी डेसीबल आवृत्ति के प्रेशर हार्न अनुमन्य हैं ? क्या सरकार बतायेगी अनुमन्य डेसीबल से ज्यादा ध्वनि पैदा करने वाले प्रेशर हार्न प्रयोग करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध सरकार (पुलिस विभाग) ने पिछले 1 वर्ष में क्या कार्रवाई की है तथा प्रेशर हार्न के प्रयोग करने पर कुल कितने चालान प्रदेश में काटे गए हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

प्रदेश में दो पहिया वाहन एवं मोटर कार, बसों व ट्रकों में प्रेशर हार्न अनुमन्य नहीं है।

केन्द्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के नियम 119 में हार्न की फिटमेण्ट के प्राविधान किये गये हैं। वर्तमान में हार्न लगाने का भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानक आईएस 15796-2008 लागू है, जिसके अनुसार दो पहिया और तीन पहिया वाहन, जिनके पावर 07 किलोवाट या 07 किलोवाट से कम है, में 83 डेसीबल से 112 डेसीबल आवृत्ति का हार्न लगाया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त ट्रैक्टर, दो पहिया, तीन पहिया और अन्य सभी वाहन, जिनका पावर 07 किलोवाट से अधिक है, में 93 डेसीबल से 112 डेसीबल आवृत्ति का हार्न लगाया जा सकता है।

निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि के हार्न का प्रयोग करने वाले वाहनों के विरुद्ध पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में नियमित रूप से जांच/चालान की कार्रवाई करायी जा रही है तथा समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाये जाते रहे हैं। पिछले एक वर्ष में मानक के अधिक ध्वनि के हार्न वाले कुल 31,832 वाहनों का चालान किया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 (माह जून तक) में कुल 8663 वाहनों का चालान किया गया है।

प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा की गयी उक्त कार्रवाई का विवरण संलग्न है।*

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद लखनऊ के कसमण्डी होते हुए माल कस्बे तक परिवहन निगम की बसों के संचालन की जानकारी

42-श्री संजय गर्ग-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ से कसमण्डी होते हुए माल कस्बे तक परिवहन निगम की बसों का परिचालन रोक देने से क्षेत्रीय जनता को असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर उपनगरीय बसों का पुनः परिचालन पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

लखनऊ से कसमण्डी होते हुए माल कस्बे तक परिवहन निगम की बसों का न तो पूर्व में परिचालन किया गया और न ही परिचालन को रोका गया।

लखनऊ से कसमण्डी होते हुए माल मार्ग के अंधे की चौकी से कसमण्डी कला होते हुए नवीपनाह तक एकल मार्ग है एवं 100 मीटर की सड़क खराब है। सड़क के किनारे कोई पटरी न होने तथा आगे ढकुआ मोड़ पर पुलिया भी अधिक सकरी होने के कारण बड़ी बसों

---

* देखिये नत्थी ग पृष्ठ सं0 175-178 पर।

एवं अन्य वाहनों के आमने-सामने समानान्तर पास होने में अत्यधिक कठिनाई है, जिसके कारण परिवहन निगम की बस का संचालन किया जाना संभव नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

जनपद झांसी के गरौठा के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य बेतवा नहर पर बकवां पुल पर लघु जल विद्युत परियोजना के सम्बन्ध में जानकारी

43-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य बेतवा नहर पर बकवां पुल के पास लघु जल विद्युत परियोजना पर किया गया व्यय तथा इस परियोजना से वर्तमान में विद्युत उत्पादन का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हाँ, विवरण निम्नवत है :-

जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य बेतवा नहर पर बकवां पुल के पास शीतला लघु जल विद्युत परियोजना पर कुल व्यय रु0 23.42 करोड़ हुआ।

विगत पॉच वर्षों का विद्युत उत्पादन विवरण (शीतला परियोजना)

वर्ष 2014-2015 1.99 मि0यू0

वर्ष 2015-2016 1.99 मि0यू0

वर्ष 2016-2017 2.21 मि0यू0

वर्ष 2017-2018 1.25 मि0यू0

वर्ष 2018-2019 1.45 मि0यू0

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के लघु एवं सीमान्त कृषकों को सिंचाई हेतु सिंगिल फेस कनेक्शन के लिए सब्सिडी देने के सम्बन्ध में

44-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी के लघु एवं सीमान्त कृषकों को सिंचाई हेतु सिंगल फेस कनेक्शन पर सब्सिडी दिये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

प्रदेश में निजी नलकूपों के सिंगल फेज विद्युत संयोजनों में छूट प्रदान किये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के गरौठा तहसील में गुरसरांय नगर में डिवीजन की स्थापना के सम्बन्ध में जानकारी

45-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी के गरौठा तहसील में गुरसराय नगर में सब-डिवीजन के स्थान पर डिवीजन की स्थापना सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

प्रदेश के अधिक उपभोक्ताओं की संख्या वाले सभी विद्युत वितरण खण्डों में नये उपखण्ड स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद-झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत संयोजन के संबंध में जानकारी

46-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाकर मुख्य विद्युत लाइन से उनका विद्युत संयोजन किये बिना उपभोक्ताओं को बिल जारी किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विद्युत संयोजन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

लगभग पांच सौ संयोजन सौभाग्य योजना में इस प्रकार के संयोजन पाये गये हैं।

कैम्प लगाकर विद्युत आपूर्ति की तिथि से विद्युत बिल संशोधन किये जाने की व्यवस्था की गयी है। कार्यदायी संस्था मै0 ट्रासरेल को 1.28 लाख रुपए की पैनाल्टी काटने के लिए नोटिस दिया गया है।

दिनांक 15.08.2019 तक यह समस्या दूर की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

बुन्देलखण्ड के कृषकों को 03 हार्स पावर के निजी नलकूपों पर नयी सब्सिडी अनुमन्यित होने के संबंध में जानकारी

47-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कृषकों को 03 हार्स पावर के निजी नलकूपों पर भी सब्सिडी देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

प्रदेश में निजी नलकूपों के सिंगल फेज विद्युत संयोजनों में छूट प्रदान किये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद उन्नाव के असोहा ब्लाक की अबूसा ग्राम पंचायत में वर्ष 2016 के अनुसार बी0पी0एल0 एवं अन्त्योदय उपभोक्ताओं के संबंध में जानकारी

48-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-उन्नाव की असोहा ब्लाक की अबूसा ग्राम पंचायत में वर्ष 2016 के अनुसार बी0पी0एल0 एवं अन्त्योदय उपभोक्ताओं की सूची क्या है ? क्या यह सही है कि उक्त सूचियों को वर्तमान में संशोधित किया गया है ? यदि हां, तो किन-किन उपभोक्ताओं को उल्लिखित सूची से हटाया गया है, उसका आधार क्या है ? क्या सरकार उक्त के लिए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

प्रदेश में मार्च, 2016 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 लागू होने के फलस्वरूप कार्डधारकों की दो श्रेणियॉ अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी प्रचलन में हैं। तत्क्रम में पात्रता के आधार पर बी0पी0एल0 लाभार्थियों का समायोजन पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की श्रेणी में कर दिया गया है। वर्ष 2016 में ग्राम पंचायत अभूषा में प्रचलित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों की संख्या क्रमशः 50 एवं 281 थी।

जी हां।

ग्राम पंचायत अभूषा में अन्त्योदय श्रेणी के कुल 50 राशन कार्डधारकों में से 06 कार्डधारकों यथा-मालती देवी पत्नी विशुन पाल, लखन पुत्र बाबू, छोटे पुत्र पुखरी, उषा पत्नी शिवशंकर, धनपता पत्नी चन्द्रिका, फूलदुलारी पत्नी विशुना के राशन कार्डो को अन्य ग्राम पंचायत के निवासी होने के कारण उनके राशन कार्डों को विलोपित किया गया। इसी प्रकार पात्र गृहस्थी श्रेणी के अन्तर्गत कुल प्रचलित 281 कार्डों में से तत्समय 12 राशन कार्डधारकों यथा विद्यावती सिंह पत्नी नन्हेंका सिंह, सुदामा पुत्र रामदत्त, कमला सिंह पत्नी अर्जुन, शशि पत्नी लखपति, रूपरानी पत्नी चन्द्रपाल, विशुना पत्नी मंशाराम, रामेश्वर पुत्र गरीबे, सुमन पत्नी रामनारायण, इन्द्राकुमारी पत्नी नन्हकऊ, छेदाना पत्नी राजाराम, सरजू पत्नी शुक्र, सरजू देवी पत्नी भैरव, के राशनकार्डो को अपात्रता के आधार पर विलोपित किया गया।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

क्योंकि नियमानुसार जिन कार्डधारकों का विलोपन किया गया है, वह किसी अन्य ग्राम पंचायत के निवासी थे अथवा अपात्र थे।

जनपद झांसी के मोंठ कस्बे में नये विद्युत वितरण खण्ड के सृजन के सम्बन्ध में जानकारी

49-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी के मोंठ कस्बे में नये विद्युत वितरण खण्ड का सृजन सरकार करेगी ? यदि हां, तो उक्त विद्युत वितरण खण्ड का सृजन कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

मोंठ में सब डिवीजन पूर्व से ही कार्यरत है।

विद्युत वितरण खण्ड का सृजन उपभोक्ताओं की कुल संख्या के आधार पर किया जाता है।

उपरोक्तानुसार।

जनपद हरदोई के गांव कटकी में विद्युतीकरण कराने के सम्बन्ध में जानकारी

50-श्री राजकुमार अग्रवाल-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-हरदोई के विधान सभा क्षेत्र सण्डीला, ब्लाक-भरावन के गांव कटका-कटकी में विद्युतीकरण का कार्य कराया गया है ? यदि हां, तो कब तथा कितने लाभार्थियों को इसका लाभ मिला ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

जनपद-हरदोई के विधान सभा क्षेत्र सण्डीला, ब्लाक-भरावन के गांव कटका में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत विद्युतीकरण करके दिनांक 28-02-2019 को विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई है एवं 10 लाभार्थियों को विद्युत संयोजन दिये गये है।

गांव कटकी में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत विद्युतीकरण करके दिनांक 30-04-2019 को विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई है तथा 25 लाभार्थियों को विद्युत संयोजन दिये गये है।

प्रश्न नहीं उठता।

51-श्री मो0 फईम इरफान-

[01 मंगलवार के अता0प्र0सं0-182 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

प्रदेश एवं झांसी में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत दिये कनेक्शन के सम्बन्ध में जानकारी

52-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत नये उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत कनेक्शन उपयोग से लो-वोल्टेज की समस्या के निदान हेतु उक्त के

सापेक्ष विद्युत भार/क्षमता में अपेक्षित वृद्धि सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

सौभाग्य योजना के अन्तर्गत निर्गत संयोजनों के कारण विद्युत वितरण प्रणाली पर आये भार को वहन करने एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु 93,277 नग वितरण परिवर्तकों की स्थापना/क्षमता वृद्धि का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 87 अदद 33/11 केवी उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि लक्षित है, जिनमें 50 नग परिवर्तकों को ऊर्जीकृत किया जा चुका है।

शेष कार्य माह सितम्बर, 2019 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

विधान सभा क्षेत्र सवायजपुर के बिजली के सब डिवीजन स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में

53-कुंवर माधवेन्द्र प्रताप-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-हरदोई के सवायजपुर विधान सभा क्षेत्र के बिजली विभाग की रिस्ट्रक्चरिंग (पुनर्गठन) करके सवायजपुर तहसील मुख्यालय पर सब-डिविजन स्थापित सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जनपद-हरदोई के सवायजपुर तहसील से निकटतम उपखण्ड कार्यालय, विद्युत वितरण उपखण्ड, शाहाबाद है तथा सवायजपुर तहसील मुख्यालय से शाहाबाद उपखण्ड कार्यालय की दूरी 35 कि0मी0 है। जनपद हरदोई के सवाजयपुर विधान सभा क्षेत्र में रिस्ट्रक्चरिंग (पुनर्गठन) करके सवायजपुर तहसील मुख्यालय पर सब डिवीजन स्थापित करने की वर्तमान में कोई योजना नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के ट्यूबवेल के सम्बन्ध में विवरण की जानकारी

54-श्री वीर विक्रम सिंह, प्रिंस-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर के कार्यालय के अन्तर्गत पी0टी0डब्लू0 ट्यूबवेल साढ़े सात (एच0पी0) का एग्रीमेन्ट 01-04-2018 से 31-03-2019 तक किन-किन व्यक्तियों के किए गए ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त एग्रीमेन्ट में चालान न लगाये जाने से राजस्व हानि हो रही

है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जनपद-शाहजहांपुर के विद्युत वितरण खण्ड जलालाबाद के कार्यालय में पी0टी0डब्लू0 7.5 एच0पी0 के दिनांक 01-04-2018 से 31-03-2019 तक कुल 780 एग्रीमेन्ट हुये हैं।

जी हां। (सूची संलग्न है)।

प्रश्न नहीं उठता।

1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च 2019 तक निजी नलकूप उपभोक्ताओं के अनुबन्ध की सूची चालान संख्या सहित संलग्न है एवं किसी प्रकार की राजस्व हानि नहीं हुई है।

प्रश्न नहीं उठता।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश में खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच हेतु जिला/मंडल मुख्यालय पर जांच केन्द्र स्थापित करने व जांच हेतु समय सीमा निर्धारण की जानकारी

55-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच हेतु प्रत्येक जिले या मण्डल मुख्यालय पर जांच केन्द्र स्थापित करने और नमूनों को जांच हेतु अधिकतम समय-सीमा निर्धारित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी नहीं।

वर्तमान में राजस्व में 06 प्रयोगशालायें प्रदेश के 06 मण्डलों क्रमशः लखनऊ, आगरा, मेरठ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी में स्थापित एवं कार्यरत हैं तथा भारत सरकार से प्राप्त 04 सचल खाद्य प्रयोगशालायें भी उपलब्ध हैं, उनका उपयोग सर्विलांस एवं जन-जागरुकता के लिए निरन्तर किया जाता है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006, की धारा-46(3) में नमूनों की जांच हेतु सामान्यतः 14 दिन की अधिकतम समय-सीमा पूर्व से ही निर्धारित है।

जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली में विद्युत उपकेन्द्र बरौली जंगलगढ़ी, भरतरी, वीरपुरा बिसारा, चण्डौस आदि ग्रामों में उपकेन्द्र की क्षमता वृद्धि की जानकारी

56-श्री दलवीर सिंह-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली में विद्युत उपकेन्द्र बरौली, जंगलगढ़ी, भरतरी, वीरपुरा, बिसारा, चण्डौस अति भारित है ? यदि हां,

तो क्या सरकार अति भारित विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

वर्तमान में अतिभारित नहीं है।

आवश्यकतानुसार क्षमता वृद्धि की जाती है।

अभी आवश्यकता नहीं है।

जनपद-अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली में विद्युत उपकेन्द्रों का विवरण निम्नवत् है :-

1-33/11 के0वी0 उपकेन्द्र बरौली की क्षमता 1x5 एम0वी0ए0 है जोकि वर्तमान में अतिभारित नहीं है।

2-33/11 के0वी0 उपकेन्द्र जंगलगढ़ी में नवीन उपकेन्द्र है जिसकी क्षमता 2x5 एम0वी0ए0 है जोकि वर्तमान में अतिभारित नहीं है।

3-33/11 के0वी0 उपकेन्द्र भरतरी की क्षमता 1x5 एम0वी0ए0 है जोकि वर्तमान में अतिभारित नहीं है।

4-33/11 के0वी0 उपकेन्द्र वीरपुरा की क्षमता 5+10 एम0वी0ए0 है जोकि वर्तमान में अतिभारित नहीं है।

5-33/11 के0वी0 उपकेन्द्र विसारा की क्षमता 1x10 एम0वी0ए0 है जोकि वर्तमान में अतिभारित नहीं है।

6-33/11 के0वी0 उपकेन्द्र चण्डौस की क्षमता 8+10 एम0वी0ए0 है जोकि वर्तमान में अतिभारित नहीं है।

प्रदेश में गत दों वर्षों में राशन दुकानों व उनकी निगरानी के लिए तैनात पर्यवेक्षकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी

57-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2019 के मध्य विभिन्न अनियमितताओं के कारण कितनी राशन दुकानें निरस्त हुईं तथा निरस्त दुकानों की निगरानी के लिए तैनात पर्यवेक्षकों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई का ब्यौरा सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

प्रदेश में 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2019 के मध्य कुल 3949 उचित दर की दुकानें निरस्त हुईं तथा उक्त निरस्त दुकानों की निगरानी के लिए तैनात पर्यवेक्षकों में 20 के विरुद्ध चेतावनी, 23 के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई, 06 के विरुद्ध निलम्बन तथा 28 के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए दण्डात्मक कार्रवाई की गयी है।

जनपद गोण्डा के बभनजोत, छपिया, मनकापुर विकास खण्ड में सौभाग्य योजना के सम्बन्ध में जानकारी

58-श्री प्रभात कुमार वर्मा-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-गोण्डा के बभनजोत, छपिया एवं मनकापुर विकास खण्ड में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत घरों को बिजली कनेक्शन सरकार देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

जनपद गोण्डा के विकास खण्ड बभनजोत में 4866 संयोजन, छपिया में 2870 संयोजन एवं मनकापुर में 4011 विद्युत संयोजन सौभाग्य योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को निर्गत किये जा चुके हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के जनपद सोनभद्र की सोन तथा कनहर नदियों में खनन के सम्बन्ध में जानकारी

59-श्री सुखदेव राजभर-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-सोनभद्र की सोन तथा कनहर नदियों में अवैध खनन किये जाने से पर्यावरण तथा जलीय जीवों एवं आम जन-जीवन को गम्भीर खतरा उत्पन्न हो गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार अवैध खनन को रोके जाने हेतु प्रभावी कार्रवाई करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 07 सदस्यीय जनपद स्तरीय कार्य बल (टास्क फोर्स) का गठन किया गया है।

लेखाधिकारी/लेखाकार संघ का पत्र दिनांक 25-05-2019 जोकि रायल्टी/एम0एम0आई0आई0 के जांच की मांग

60-श्री सुखदेव राजभर-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि श्री मदन सिंह महासचिव उ0प्र0 प्रभागीय लेखाधिकारी/लेखाकार संघ का पत्र दिनांक 25-05-2018 जोकि रायल्टी/एम0एम0 II में हो रही अनियमितता विषयक है, अपर मुख्य सचिव, भू-तत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 शासन को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी हां।

श्री मदन सिंह महासचिव उ0प्र0 प्रभागीय लेखाधिकारी/लेखाकार संघ का पत्र दिनांक 25-05-2018 द्वारा प्राप्त सुझाव पर जनपदों से आख्या प्राप्त की जा रही है। परीक्षण उपरान्त उपयुक्त पाये जाने पर तत्क्रम में निर्णय लिया जायेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मुरादाबाद के कस्बा कांठ में एक रोडवेज बस स्टैण्ड की स्थापना की जानकारी

61-श्री राजेश कुमार सिंह (चुन्नू)-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-मुरादाबाद के कस्बा कांठ में रोडवेज बस स्टैण्ड स्थापना की घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो इसका निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जी हां।

जनपद मुरादाबाद के कस्बा कांठ में रोडवेज बस स्टैण्ड स्थापना हेतु जिलाधिकारी द्वारा भूमि चिन्हित कर ली गयी है। उक्त चिन्हित भूमि को राजस्व विभाग से प्राप्त किये जाने हेतु कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मुरादाबाद के विधान सभा क्षेत्र छजलैट के ग्राम छज्जानंगला में एक 32 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बनाये जाने के सम्बन्ध में

62-श्री राजेश कुमार सिंह (चुन्नू)-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-मुरादाबाद के विधान सभा क्षेत्र छजलैट के ग्राम छज्जानंगला में 32 के0वी0ए0 विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

जनपद-मुरादाबाद के विधान सभा क्षेत्र में 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र छज्जानंगला ब्लाक-छजलैट, जिला-मुरादाबाद के निर्माण कार्य बिजनेस प्लान 2019-20 में माह मार्च 2020 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

63-श्री जवाहर लाल राजपूत-

[पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त]

जनपद झांसी में वाहन चालक ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने की योजना

64-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में वाहन चालक ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने की कोई योजना संचालित है ? यदि हां, तो उसमें कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है और उस पर कितना कार्य सम्पन्न हुआ तथा शेष कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जी हां।

जनपद झांसी में वाहन चालक ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने हेतु शासनादेश संख्या-14/2019/610/30-3-19-6बी/2018, दिनांक 09 मार्च, 2019 द्वारा रु0 474.95 लाख (रुपये चार करोड़ चौहत्तर लाख पन्चानबे हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रु0 237.00 लाख (रुपये दो करोड़ सैंतीस लाख मात्र) की धनराशि निर्गत की गयी है।

उक्त कार्य सितम्बर, 2019 में प्रारम्भ होगा तथा दिसम्बर, 2020 तक पूर्ण किये जाने की सम्भावना है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद जालौन सहित पूरे बुन्देलखण्ड में किसानों को निजी नलकूप कनेक्शन के सम्बन्ध में जानकारी

65-श्री मूलचन्द्र सिंह-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन सहित पूरे बुन्देलखण्ड में किसानों को निजी नलकूप कनेक्शन पर विगत कई वर्षों से दी जा रही रु0 68000.00 सब्सिडी को बढ़ती महंगाई के दृष्टिगत बढ़ाये जाने हेतु सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

शासनादेश सं0-2252/24-1-08-49पी/04 टी0सी0-II दिनांक 04 जुलाई, 2008 के अनुसार 60 मीटर प्रति हार्स पावर की दर से 300 मीटर तक की लाइन शुल्क में छूट प्रदान की जाती थी। सामान्य योजना के अन्तर्गत कालान्तर में अनुदान धनराशि रु0 55,000.00 से बढ़ाकर रु0 68,000.00 प्रति नलकूप कर दी गई।

कास्ट डाटा बुक वर्ष 2010-11 के एनेक्जर-3 के अनुसार 300 मीटर लाइन एवं ट्रांसफारमेशन व्यय कुल रु0 68,000.00 आने के कारण धनराशि रु0 68,000.00 तक की छूट प्रदान की जाती रही है।

पुनः शासनादेश संख्या-2262/24-1-17-49 पी/04 टी0सी0-II दिनांक 25 सितम्बर, 2017 के अनुसार निजी नलकूपों के संयोजन हेतु 7.5 हार्स पावर तक रु0 68,000.00 अनुमन्य अधिकतम अनुदान धनराशि की छूट प्रदान की गई जो अद्यतन प्रभावी है।

उरई से वाया कोंच ग्वालियर के लिए परिवहन सेवा संचालित करवाने के सम्बन्ध में मांग

66-श्री मूलचन्द्र सिंह-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उरई से वाया कोंच ग्वालियर के लिये परिवहन विभाग की कोई बस नहीं होने से यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उरई से ग्वालियर (वाया कोंच) बस संचालित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्य के मध्य यातायात समझौता परिपत्र संख्या-399/30-4-2012-8(2)पी-80 लखनऊ, दिनांक 08 मई, 2012 में समझौते से सम्बन्धित मार्गों की सूची में ग्वालियर से उरई वाया कोंच मार्ग सम्मिलित नहीं है। यात्रा सुविधा एवं प्रयोग के तौर पर ग्वालियर से इलाहाबाद वाया उरई कानपुर मार्ग पर निगम बस का संचालन वर्ष 2010 में कराया गया था, जिसे न्यून लोडफैक्टर होने के कारण जून 2010 में बन्द कर दिया गया।

उरई से ग्वालियर (वाया कोंच) मार्ग पर परिवहन निगम की बसों के संचालन हेतु अभी कोई कार्य योजना नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

उक्त मार्ग पर प्राइवेट बसों का संचालन हो रहा है।

जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना में खस्ता हाल बस स्टेशन की पुनः मरम्मत कराये जाने की मांग

67-श्री मनोज कुमार पारस-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना में जर्जर बस स्टेशन को सरकार पुनः बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

वर्तमान में निगम के वित्तीय संसाधन से जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना में बस स्टेशन भवन की आवश्यक मरम्मत/रंगाई-पुताई के कार्य कराये जाने की योजना है।

उक्त बस स्टेशन के भवन की मरम्मत का कार्य माह दिसम्बर, 2019 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद-झांसी में पारीछा थरमल पावर से वर्तमान में विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में

68-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के पारीछा थरमल पावर से वर्तमान में कितने मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है ? क्या सरकार उसकी उत्पादन क्षमता बढ़ाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

वर्तमान में उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अन्तर्गत पारीछा थर्मल पावर से माह जुलाई में दिनांक 09-07-2019 तक औसतन 668 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है।

वर्तमान में पारीछा ताप विद्युत गृह के विस्तारीकरण की कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

वर्तमान में पारीछा ताप विद्युत गृह में विस्तारीकरण हेतु भूमि उपलब्ध न होने के कारण।

69-श्री मो0 फईम इरफान-

[01 बुधवार के अता0प्र0सं0-182 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

मा0 मुख्य मंत्री के पत्र सं0 सी0एम0वि0को0आर0 446/2018 पर कार्रवाई की जानकारी

70-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री के पत्र सं0-सी0एम0वि0को0आर0 446/2018, दिनांक 14 अगस्त, 2018 द्वारा प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक ट्रांसमिशन सब-स्टेशन का निर्माण कराये जाने के आदेश दिये गये थे ? यदि हां, तो उक्त आदेश के अन्तर्गत जनपद झांसी की गरौठा विधान सभा क्षेत्र में ट्रांसमिशन सब-स्टेशन का निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

प्रस्तावित परियोजनाओं की घोषणा की गयी है।

जी हां।

मा0 मुख्य मंत्री जी की घोषणा दिनांक 14-08-2018 के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र गरौठा, जनपद-झांसी में 132 के0वी0 उपकेन्द्र मोंठ-द्वितीय का निर्माण 'नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार (एम0एन0आर0ई0) भारत सरकार' द्वारा सहाय्यित 4000 मेगावाट ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-II के प्रथम चरण में प्रस्तावित है। इसके निर्माण के लिए केन्द्रीय विद्युत

प्राधिकरण, नई दिल्ली से सैद्धान्तिक सहमति दिनांक 11-10-2018 को प्राप्त हो गयी है। मंत्रालय से स्वीकृति मिलने तथा वित्त पोषण उपलब्ध होने पर वर्ष 2021-22 में परियोजना का निर्माण कराया जाना लक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

71-श्री मो0 फईम इरफान-

[01 गुरुवार के अता0प्र0सं0-140 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

72-श्री मनोज कुमार पारस

[01 बुधवार के अता0प्र0सं0-184 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद बुलन्दशहर के मे0 ब्रिटिश पेन्ट, मे0 लक्ष्मी डाइंग, मे0 शान्ति डाइंग, मे0 ओरियेन्ट सिरेमिक्स लि0, मे0 लिब्रा इन्टरनेशनल आदि में कार्यरत मजदूरों को मानदेय देने के सम्बन्ध में जानकारी

73-श्रीमती बिमला सिंह सोलंकी-

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बुलन्दशहर के औद्योगिक क्षेत्र सिकन्द्राबाद में स्थित उद्योग मे0 ब्रिटिश पेन्ट, मे0 लक्ष्मी डाइंग, मे0 शान्ती डाइंग, मे0 ओरिएन्ट सिरेमिक्स लि0, मे0 लिब्रा इण्टरनेशनल आदि उद्योगों में प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित वेतन/मजदूरी तथा अन्य भत्तों आदि का भुगतान उक्त उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों को किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या उक्त उद्योगों की श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से जांच की जाती है ? यदि हां, तो वर्ष 2018 में उक्त उद्योगों की कितनी बार जांच की गयी और कब-कब ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

जी हां।

उत्तर प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति के अनुक्रम में औद्योगिक इकाईयों में नियमित स्थलीय जांच नहीं होती है अपितु श्रम अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-1531/36-3-2019-1820/12 दिनांक 06 फरवरी, 2019 में दी गयी व्यवस्थानुसार सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त ही किसी औद्योगिक इकाई का निरीक्षण किया जाता है। कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, बुलंदशहर के अभिलेखानुसार मा0 विधायक जी की शिकायत पर वर्ष 2018 में जिलाधिकारी बुलंदशहर से अनुमति प्राप्त कर मे0 लिब्रा इण्टरनेशनल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान में कुल 43 श्रमिक नियोजित पाये गये। प्रतिष्ठान का न्यूनतम वेतन भुगतान अधिनियम, 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976, आनुतोषिक भुगतान अधिनियम, 1972 तथा स्थायी आदेश अधिनियम, 1946 के अन्तर्गत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय कुल 06 श्रमिकों/कर्मकारों को न्यूनतम वेतन से कम वेतन भुगतान होना पाया गया। न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत पाये गये उल्लंघन का सेवायोजक द्वारा प्रतिपालन किया गया।

उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत अन्य इकाइयों की शिकायत न होने के कारण निरीक्षण नहीं किये गये।

उत्तर प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत नवीन निरीक्षण प्रणाली के सम्बन्ध में श्रम अनुभाग-3 द्वारा जारी शासनादेश संख्या-836/36-3-2017-1820/12, दिनांक 28-07-2017 तथा संशोधित शासनादेश संख्या-1531/36-3-2019-1820/12 दिनांक 06 फरवरी, 2019 के अनुसार शिकायत प्राप्त होने पर श्रम आयुक्त, उ0प्र0 की अनुमति प्राप्त कर औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया जाता है।

वर्ष 2018 में उल्लिखित प्रतिष्ठानों में से केवल मे0 लिब्रा इण्टरनेशनल लिमिटेड में शिकायत के आधार पर सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त कर एक बार निरीक्षण की कार्रवाई की गयी है।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश में भी पूरे देश की भांति खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को शराब में मिलावट की जांच हेतु नमूना लेने का अधिकार सम्बन्धी जानकारी

74-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि 01 अप्रैल, 2019 से देश में लागू व्यवस्था के अन्तर्गत प्रदेश में भी शराब में मिलावट की जांच हेतु नमूना लेने का अधिकार सरकार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 में एल्कोहल खाद्य पदार्थ के रूप में परिभाषित है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा एल्कोहल के सम्बन्ध में मानक निर्धारित कर दिये गये हैं और खाद्य संरक्षा और मानक (अल्कोहलिक पेय) विनियम, 2018, दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से लागू किया गया है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण राज्य सरकारों/केन्द्र शासित क्षेत्रों को यह विकल्प दिया गया है कि एल्कोहलिक पेय पदार्थों के सम्बन्ध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006/विनियमावली के प्राविधानों के विनियमन एवं प्रवर्तन हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी की अर्हता धारित करने वाले आबकारी निरीक्षकों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अधिसूचित कर उक्त विनियम को क्रियान्वित किया जाय।

प्रदेश में रात्रि के समय खनन परिवहन रोकने व पोकलैंड मशीनों का प्रयोग बंद कराये जाने के सम्बन्ध में

75-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में रात्रि में खनन, परिवहन और पोकलैंड मशीनों के प्रयोग प्रतिबन्धित हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार को जानकारी है कि प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रात्रि में खनन, परिवहन व पोकलैंड मशीनों का प्रयोग हो रहा है ? क्या सरकार उक्त को रोकने हेतु खनन पट्टा धारकों एवं उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

रात्रि में खनन कार्य प्रतिबन्धित है। दिन में खनन किये गये खनिज की रात्रि में लोडिंग एवं उसका परिवहन प्रतिबन्धित नहीं है।

जी नहीं।

जी हां।

प्रकरण संज्ञान में आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में संचालित विभिन्न वाहनों में प्रेशर हार्न का प्रयोग बंद करने की कार्रवाई की मांग

76-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में संचालित विभिन्न वाहनों में स्वीकृत आवृत्ति स्तर से अधिक डेसीबल की ध्वनि पैदा करने वाले प्रेशर हार्न का प्रयोग रोकने हेतु विगत दो वर्षों में किये गये प्रयासों का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जी हां।

प्रदेश में अनुमन्य डेसीबल से ज्यादा ध्वनि पैदा करने वाले प्रेशर हार्न के प्रयोग पर अंकुश लगाये जाने हेतु परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा निरन्तर जांच की कार्रवाई की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जांच की कार्रवाई करते हुए प्रेशर हार्न का प्रयोग करने वाले 29443 वाहनों तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 में 27388 वाहनों का चालान किया गया है।

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2019-20 (दिनांक 01-04-2019 से 30-06-2019 तक) में जांच की कार्रवाई करते हुये 7731 वाहनों का चालान किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से मीटर रीडिंग आदि के नाम पर की जा रही अवैध वसूली रोके जाने के सम्बन्ध में

77-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं से गलत मीटर रीडिंग और विद्युत चैकिंग के नाम अवैध वसूली की शिकायतें सरकार के संज्ञान में हैं ? यदि हां, तो उक्त को रोकने के लिए विगत दो वर्षों में किये गये प्रयासों एवं इस कार्य में लिप्त दंडित किये गये कर्मियों का ब्यौरा सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

कुछ स्थानों पर ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उपभोक्ताओं को सही बिल निर्गत करने हेतु समस्त वितरण निगमों में बिलिंग एजेन्सी कार्यरत है, जिसके द्वारा प्रत्येक माह उपभोक्ताओं को मासिक बिल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। त्रुटिपूर्ण बिलों को ठीक कराये जाने हेतु उ0प्र0 पावर कारपोरेशन की फील्ड इकाइयों को लगातार निर्देशित किया गया है।

मोबाइल ऐप के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेड के अन्तर्गत कनेक्शन चेक किये जाते हैं। गलत मीटर रीडिंग और विद्युत चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली के प्रकरण संज्ञान में आने पर जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

1912 हेल्पलाइन नम्बर पर दिनांक 13-04-2017 से 17-07-2019 के मध्य कुल 264705 बिल सम्बन्धी प्रकरण दर्ज हुये, जिसमें से 262246 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार उक्त अवधि में कुल 99.07 प्रतिशत प्रकरण निस्तारित किये गये।

प्रश्न नहीं उठता।

वित्तीय वर्ष 2017-18 व 2018-19 में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में नौकरियों पर श्रम विभाग द्वारा नियुक्ति सम्बन्धी जानकारी

78-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2017-18 व 2018-19 में कितने पंजीकृत बेरोजगारों को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में नौकरियों का सृजन कर रोजगार दिलाया गया है ? क्या सरकार उक्त का व्योरा सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

सेवायोजन विभाग द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन कर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2017-18 में सेवायोजन विभाग द्वारा 633 रोजगार मेलों का आयोजन कर निजी क्षेत्र में 63152 बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया तथा वर्ष 2018-19 में 685 रोजगार मेलों के माध्यम से 103202 बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश की आबादी क्षेत्रों में सड़कों पर अवैध वाहन पार्किंग रोकने व सवारियों को सीट बेल्ट अनिवार्य करने के सम्बन्ध में

79-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के आबादी क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों तथा राज्य मार्गों पर अवैध रूप से वाहन पार्क करने को रोकने और चार पहिया वाहनों की तरह तीन पहिया वाहनों में भी चालक सहित उनमें बैठने वाली सवारियों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट प्रयोग करने का प्रावधान सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

प्रदेश में अवैध रूप से वाहन पार्किंग को रोकने हेतु केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-117 तथा उ0प्र0 नियमावली, 1998 के नियम-195 में वाहनों के पार्किंग स्थल एवं विराम स्थल के निर्धारण का प्रावधान किया गया है।

चार पहिया वाहनों की तरह तीन पहिया वाहनों में भी चालक सहित उनमें बैठने वाली सवारियों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट प्रयोग करने का प्रावधान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-110 की उपधारा (1) के खण्ड (जे) के अन्तर्गत वाहनों में सेफ्टी बेल्ट/सीट बेल्ट लगाए जाने के विषय में नियम बनाने का अधिकार केन्द्र सरकार में निहित है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के श्रम विभाग में नियुक्ति करने व बेरोजगारों को रोजगार देने के सम्बन्ध में

80-श्री मो0 फईम इरफान-

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बेरोजगारों को विशेष अभियान के जरिये रोजगार प्रदान करने की कोई योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या है ? यदि, नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। सेवायोजन विभाग के पोर्टल sewayojan.up.nic.in में बेरोजगार अभ्यर्थियों एवं नियोजकों को ऑनलाइन पंजीकृत किये जाने की व्यवस्था है। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से बेरोजगारों को इस क्षेत्र में

रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाते हैं, साथ ही कॅरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन कर बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसरों के अनुरूप विषय चयन में सहायता एवं रोजगार बाजार में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रदान की जाती है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हाथरस के कस्बा सादाबाद से बसों का आवागमन के सम्बन्ध में

81-श्री रामवीर उपाध्याय-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के कस्बा सादाबाद से गुजरने वाली रोडवेज बसों का आवागमन बस स्टेशन होकर किया जाना सरकार सुनिश्चित करेगी ? यदि नही, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जनपद हाथरस के कस्बा सादाबाद से गुजरने वाली रोडवेज बसों का आवागमन बस स्टेशन से होकर किया जा रहा है।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश में निजी नलकूपों का विद्युत कनेक्शन के सम्बन्ध में जानकारी

82-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बुन्देलखण्ड में अधिकांश किसानों द्वारा एक ही मुख्यतः रवी फसल की खेती की जाती है जिसकी सिंचाई हेतु निजी नलकूपों का विद्युत कनेक्शन लेते हैं और उन्हें 12 माह का विद्युत कनेक्शन का भार देना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों से विद्युत भार मात्र 4 माह का लेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

मा0 उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के विद्युत दर रेट के अनुसार बुन्देलखण्ड में स्थित किसानों के निजी नलकूपों को रवी की फसल हेतु सिंचाई कार्य हेतु माह नवम्बर से माह फरवरी हेतु सीजनल टैरिफ की व्यवस्था की गयी है जिसमें केवल चार माह का ही विद्युत बिल देना होता है। ऐसे उपभोक्ता जो केवल चार माह नवम्बर से फरवरी तक ही सिंचाई कार्य हेतु विद्युत संयोजन स्वीकृत कराते हैं उन्हीं को इस सीजनल छूट का फायदा मिलेगा। यह अवधि चार माह से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

ऐसे उपभोक्ता जो सामान्य संयोजन स्वीकृत कराते हैं तथा सीजनल छूट हेतु विकल्प देते हैं और यह घोषणा करते हैं कि मैं इस माह से इस माह तक (चार माह) का सीजनल छूट चाहता हूं तो उनको चार माह हेतु सीजनल टैरिफ के विद्युत दर के अनुसार विद्युत बिल देय होता है और शेष 08 माह में यदि उपभोक्ता मीटर्ड उपभोक्ता हैं तो माहवार नार्मल फिक्सड

चार्ज का 75 प्रतिशत अथवा न्यूनतम चार्ज जो लागू हो और यदि उपभोक्ता अनमीटर्ड है तो माहवार नार्मल फिक्सड चार्ज का 50 प्रतिशत अथवा न्यूनतम जो लागू हो अनुमन्य होगा।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के नवसृजित जनपदों में विद्युत विभाग के वर्कशाप निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी

83-श्री मोहम्मद असलम ''राइनी'' (एडवोकेट)-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नवसृजित/छोटे जनपदों में जले ट्रान्सफार्मर के मरम्मत का वर्कशाप न होने के कारण उन्हें समय से बदल पाने में विलम्ब एवं कठिनाई होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे जनपदों को चिन्हित कर वर्कशाप की स्थापना करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी नहीं।

क्षतिग्रस्त वितरण परिवर्तक को निर्धारित समय-सीमा में स्थापित करने की व्यवस्था बनायी गयी है। वर्तमान में प्रदेश में ऐसे आठ जनपद हैं जहां पर परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला क्रियाशील नहीं है। ऐसे जनपदों में भण्डार खण्ड के माध्यम से परिवर्तक बदलवाये जाते हैं।

जी हां।

सात जनपदों (औरैया, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, महोबा, पीलीभीत एवं श्रावस्ती) में परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला निर्माणाधीन है। एक जनपद कासगंज में परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला स्वीकृत है। भूमि-चिन्हीकरण का कार्य किया जा रहा है।

कार्यशालायें मार्च, 2020 तक क्रियाशील हो जायेंगी।

प्रश्न नहीं उठता।

84-श्री धीरेन्द्र सिंह-

[01 गुरुवार के अता0प्र0सं0-141 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद बहराइच के विधान सभा पयागपुर अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामों में फर्जी बिजली बिल के सम्बन्ध में कार्रवाई की मांग

85-श्री सुभाष त्रिपाठी, एडवोकेट-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र प्रयागपुर अन्तर्गत अधिकांश गांवों में केवल मीटर लगा देने से ही बिजली बिल आ रहा है, जबकि विद्युत कनेक्शन अब तक नहीं दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बिजली बिलों को समाप्त करते हुए विद्युत कनेक्शन दे देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जी हां।

जनपद-बहराइच के विधान सभा क्षेत्र पयागपुर में कुछ स्थानों पर बिना विद्युत कनेक्शन चालू किये ही त्रुटिवश बिल चालू कर दिये गये थे।

मामला संज्ञान में आते ही तत्काल कार्यवाही करते हुए विद्युतीकरण व अन्य अधूरे कार्यों को पूर्ण कराते हुये पूर्व निर्गत त्रुटिपूर्ण बिलों को निरस्त किया जा रहा है एवं दिनांक 15-08-2019 तक ऐसे सम्पूर्ण बिलों को निरस्त कर दिया जायेगा एवं जिस दिन से उपभोक्ता के परिसर पर बिजली की आपूर्ति की जायेगी, उसी दिन से संशोधित/नवीन बीजक जारी किये जायेंगे एवं विद्युत कनेक्शन दे दिया जायेगा। सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता को त्रुटिपूर्ण बिल जारी करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किये गये हैं।

दिनांक 15-08-2019 तक।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद लखनऊ के पेट्रोल पम्प पर डीजल व पेट्रोल की घटतौली के सम्बन्ध में जानकारी

86-श्री अवस्थी बाला प्रसाद-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ में कितने पेट्रोल पम्प पर डीजल व पेट्रोल की घटतौली में पकड़े गये तथा पकड़े गये पेट्रोल पम्पों में से कितने पेट्रोल पम्प पुनः चालू कर दिये गये हैं ? क्या सरकार उक्त सभी पेट्रोल पम्पों पर 05 (पांच) लीटर व 01 (एक) लीटर के मेजर (नपने) से उपभोक्ताओं को पेट्रोल व डीजल दिलायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

लखनऊ जनपद में अप्रैल, 2019 से जून, 2019 तक पेट्रोल/डीजल पम्प के घटतौली के निम्नलिखित मामले पकड़े गये हैं :-

वर्ष	घटतौली के पकड़े गये मामले	पुनः चालू किये गये मामले
2017-18	24	16
2018-19	04	04
2019-20	-	-

जी नहीं।

विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 एवं उक्त के अन्तर्गत निर्मित विधिक माप विज्ञान सामान्य नियमावली, 2011 के अनुसार पेट्रोल/डीजल की बिक्री हेतु फ्यूल डिस्पेंसर का प्रावधान किया गया है।

87-श्री अम्बरीश पुष्कर, एडवोकेट-

[01 बुधवार के अता0प्र0सं0-185 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद बागपत में चौगामा क्षेत्र में कई गांवों में परिवहन व्यवस्था को सुचारु रूप से करने की जानकारी

88-श्री सहेन्द्र सिंह चौहान-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत में चौगामा क्षेत्र में मेरठ से आने वाली बसें तमेलागढ़ी, झुंडपुर, मिलाना, खपराना, बोपुरा, फौलादनगर, मूलसम नंगला कनवाड़ा, खूंटी आदि गांव से बड़ौत होकर परिवहन निगम की बस सरकार चलाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

प्रश्नगत मार्ग जगह-जगह संकरा है एवं उस पर तीव्र मोड़ भी है, जिसके कारण परिवहन निगम की बस संचालित करना संभव नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के दस्यु उन्मूलन मिशन के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित लहचूरा-मोती कटरा, समथर-पण्डोरी तथा एरच-लोहरगांव मार्गों पर यातायात सुविधा हेतु बसों के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी

89-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में दस्यु उन्मूलन मिशन के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित लहचूरा-मोती कटरा, समथर-पण्डोरी तथा एरच-लोहारगांव मार्गों पर यातायात की सुविधा हेतु जनहित में परिवहन निगम की बसों का संचालन सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

लहचूरा-मोतीकटरा मार्ग अत्यधिक खराब एवं कच्चा है, जिस पर निगम की बस का संचालन संभव नहीं है।

समथर-पण्डोरी एकल मार्ग है, जिस पर कई घुमावदार मोड़ होने के कारण बड़ी बसों का संचालन संभव नहीं है।

एरच-लोहरगांव मार्ग पर पुलिया एवं रपटा के क्षतिग्रस्त होने तथा भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित होने से निगम की बसों का संचालन नहीं कराया जा सकता है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद गौतमबुद्धनगर के विकास खण्ड जेवर व दनकोर में परिवहन की बसें सेवा शुरू करने के सम्बन्ध में जानकारी

90-श्री धीरेन्द्र सिंह-

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गौतमबुद्धनगर के विकास खण्ड जेवर व दनकौर में कौन-कौन से ग्राम उत्तर प्रदेश परिवहन की बस सेवा से आच्छादित नहीं हैं ?

श्री स्वतंत्र देव सिंह-

जनपद गौतमबुद्ध नगर के विकास खण्ड जेवर में भगवन्तुपरछॉतंगा, शमशमनगर, जेवरखादर, गोविन्दगण, झुप्पा, छातंगा खुर्द, कानीगढ़ी, मेवलागोपालगढ़, रामपुरखादर, रामपुरबांगर, लोदेना, मिलक करीमाबाद, पचौकरा, तकीपुरबांगर, तकीपुरखादर, अनवरगढ़, अनवरगढ़खादर, चकजलालाबाद, सुल्तानपुर, अमरपुर पलाका, भीकनपुर, फाजिलपुर, मकसूदपुर, रामनैर, बनवारीबास, पारोही (कुल 26 गांव) तथा विकास खण्ड दनकौर में धनौरी, सरकपुर, ठसराना, चॉगौली, चचूरा, चूहड़पुरबांगर, ररुसपुरइकवैल, जमालपुर, राजपुरकलॉ, शाहपुरखुर्द, फजायलपुर, चन्द्रबल, दौलारजपुरा, मण्डपा, सालेपुर, आच्छेपुर, चॉदपुर, पारसौल, हाजीपुर, दूबली, मौहम्मदजादौं, उटरावली, लतीफपुरबांगर, सुहेमुद्दीनपुर, लतीफपुरखादर, मकनपुरखादर, कादलपुर, रामपुरखादर, रामपुरबांगर मकनपुरबांगर, मुश्तफाबाद, फतेहपुरअटटा, बेलाकला, बेलाखुर्द, जगरनपुर अफजलपुर, जगनपुरदौआब, दलेलपुर, अटटागुजरान, गुनपुरा, औरगपुर, डूंगरपुररीलखां, कुल 41 गांव परिवहन निगम की बसों से आच्छादित नहीं है।

गौतमबुद्धनगर की जेवर विधान सभा में बिजली विभाग के मीटरों के सम्बन्ध में जानकारी

91-श्री धीरेन्द्र सिंह-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गौतमबुद्धनगर की जेवर विधान सभा के किन-किन गांवों में बिजली के मीटर लगा दिए गए हैं तथा कौन से गांव शेष बचे हैं ? क्या सरकार बचे हुए ग्रामों में मीटर लगाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-अष्टम, नोएडा (जेवर) के कार्यक्षेत्र में 58 गांव आते हैं, जिनमें मीटर लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

विद्युत वितरण खण्ड ग्रेटर नोएडा के अन्तर्गत 72 गांव आते हैं, जिनमें से 70 गांव में मीटर लग चुके हैं। 02 गांव फलेदा व रोनीजा में क्रमशः 1309 व 632 संयोजनों के विरुद्ध 942 व 371 मीटर स्थापित किये गये हैं।

जी हां।

गांव फलेंदा व रोनीजा में मीटर लगाने का कार्य माह अगस्त 2009 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

बेरोजगारों के लिए सेवायोजन हेतु इन्वेस्टर्स समिट की भांति कैरियर समिट आयोजित करने के सम्बन्ध में जानकारी

92-डा0 मुकेश चन्द्र वर्मा-

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में स्नातक/स्नातकोत्तर/तकनीकी तथा व्यावसायिक कोर्स उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं की बढ़ती संख्या एवं वर्तमान में व्याप्त बेरोजगारी की विकराल समस्या के दृष्टिगत सरकार उनके सेवायोजन हेतु इन्वेस्टर्स समिट की भांति प्रतिवर्ष कैरियर समिट आयोजित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

जी नहीं।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश के समस्त सेवायोजन कार्यालयों की भांति जिला सेवायोजन कार्यालय, फिरोजाबाद द्वारा भी कैरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन कर बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसरों के अनुरूप विषय चयन में सहायता एवं रोजगार बाजार में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रदान की जाती है।

जनपद फिरोजाबाद के शिकोहाबाद विधान सभा में 2017-18 व 2018-19 में ट्रान्सफार्मरों में बढ़ायी गयी क्षमता के सम्बन्ध में जानकारी

93-डा0 मुकेश चन्द्र वर्मा-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के शिकोहाबाद विधान सभा क्षेत्र में 2017-18 व 2018-19 में कितने ट्रान्सफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

जनपद-फिरोजाबाद के शिकोहाबाद विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2017-18 व 2018-2019 में कुल 27 नग ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि की जा चुकी है।

जी हां।

शिकोहाबाद विधान सभा क्षेत्र में स्थापित परिवर्तकों में की गई क्षमतावृद्धि का वर्षवार विवरण निम्नवत है :-

क्र0सं0	ग्राम का नाम	स्थापित परिवर्तकों की वर्ष 2017-18 में की गई क्षमतावृद्धि (के0वी0ए0 में)
1	2	3
1	विलहना	63 से 100

1	2	3
2	मौढ़ा	100 से 250
3	न0 गोकुल	25 से 63
4	जाखई	63 से 100
5	खंजापुर	63 से 100
6	छतनपुर	10 से 16
वर्ष 2018-19 में की गई क्षमतावृद्धि (के0वी0ए0 में)		
1	गलामल	10 से 16
2	न0 बलुआ	10 से 16
3	छतनपुर	10 से 16
4	मायामल	10 से 16
5	चमरौली	10 से 16
6	न0 बलुआ	10 से 16
7	गोविन्दपुर	10 से 16
8	न0 पोपी	10 से 16
9	न0 जलुआ	25 से 63
10	जलालपुर	25 से 63
11	राज का ताल	25 से 63
12	मिलिक मेघपुर	25 से 63
13	ठार मेवारा	25 से 63
14	राजा का ताल	25 से 63
15	नई आबादी ककरऊ	25 से 63
16	अब्बास नगर सैल	100 से 250
17	ठार दंगल सिंह	25 से 63
18	शेखूपुर	25 से 63
19	ठार कामराज	25 से 63
20	रैपुरा	63 से 100
21	राज का ताल	25 से 63

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद फिरोजाबाद में हो रहे अवैध खनन के सम्बन्ध में जानकारी

94-डा0 मुकेश चन्द्र वर्मा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या जनपद फिरोजाबाद यमुना नदी के किनारे ग्राम हरिहा, नया बॉस और मढुआ नामक साइटों पर प्रतिबंधित मशीनों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अवैध खनन पर रोक लगाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में गेहूं खरीद केन्द्रों की कमी एवं क्रय सम्बन्धी के सम्बन्ध में

95-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों से गेहूं खरीद हेतु अतिरिक्त क्रय केन्द्र खोलने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री योगी आदित्यनाथ-

जी नहीं।

गेहूं क्रय नीति सम्बन्धी शासनादेश दिनांक 06-03-2019 एवं शासनादेश दिनांक 11-06-2019 द्वारा गेहूं की अवधि सम्पूर्ण उ0प्र0 के लिए दिनांक 01-04-2019 से दिनांक 25-06-2019 तक प्रभावी थी। वर्तमान में गेहूं क्रय की अवधि समाप्त हो चुकी है।

प्रदेश के बुन्देलखण्ड के छोटे किसानों को निजी नलकूपों के लिए 3 एच0पी0 कनेक्शन देने के सम्बन्ध में जानकारी

96-श्री जवाहर लाल राजपूत-

क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के छोटे किसानों को निजी नलकूपों हेतु 3 एच0पी0 कनेक्शन पर छूट प्रदान करने पर सरकार विचार करेगी, यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री श्रीकान्त शर्मा-

प्रदेश में निजी नलकूपों के सिंगल फेज विद्युत संयोजनों में छूट प्रदान किये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

(12 बजकर 35 मिनट पर सदन की कार्यवाही श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)

(कतिपय सदस्यों द्वारा सदन के वेल में खड़े रहने पर)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग अपना स्थान ग्रहण करें।

(वेल से विपक्ष के कई सदस्यों द्वारा नेता प्रतिपक्ष को बोलने देने का आग्रह करने पर)

आप अपने स्थान पर चले जाइए फिर मा0 नेता प्रतिपक्ष बोलें।

(तत्पश्चात् सदस्यगण अपने स्थान पर चले गए)

नेता विरोधी दल द्वारा नियम-311 के अन्तर्गत प्रदेश की कानून व्यवस्था तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री मा0 आजम खां पर दर्ज मुकदमें का प्रकरण (क्रमागत)

***नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-**

मा0 अध्यक्ष जी, बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है और मैं दुःखी भी हूं कि अब सदन की परम्पराएं बदलती सी नजर आ रही हैं। हम लोग आपसे आग्रह कर रहे थे, नोटिस भी दी थी कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। अभी सोनभद्र में इतना बड़ा नरसंहार हो गया। सम्भल में पुलिस की वैन रोक करके धुआंधार गोलाबारी हुई। दो पुलिस वाले मारे गए उनकी राइफलें लूट ली गई और अपराधी तीन खूंखार अपराधियों को लेकर भाग गए। सहारनपुर में दो सिपाहियों की हत्या हुई। प्रदेश में रोज डकैती, छिनैती, रेप, बलात्कार की घटनाएं सुरसा के जैसे मुंह बाए खड़ी हो गई है। रोज मर्डर हो रहे हैं, रोज डकैती हो रही है, रोज छिनैती हो रही है, रोज अपहरण हो रहा है, रोज रेप हो रहा है, रोज बलात्कार हो रहा है लेकिन सरकार अपराधियों के खिलाफ काम करने के बजाए विरोधी पार्टी के नेताओं को उत्पीड़ित करने पर तुली हुई है। आजम खॉं साहब जो हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता है, उन्होंने जौहर विश्वविद्यालय खोला हुआ है। उस विश्वविद्यालय की जमीन को लेकर के रोज मुकदमें कायम किए जा रहे हैं, 13 मुकदमें कायम हो गए हैं और उनको सरकार ने भू-माफिया की लिस्ट में डाल दिया है। श्रीमन्, राजस्व के मामले आप भी जानते हैं, पूरा सदन जानता है कि राजस्व के मामले थाने में रिपोर्ट नहीं होते।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, क्या नियम-56 शुरु हो गया ?

श्री अध्यक्ष-

नहीं, नियम-56 नहीं शुरु हुआ, आप लोगों ने एक नोटिस दी थी।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, नियम-311 में नोटिस दी थी।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मा0 अध्यक्ष जी, आप नियम-311 को एलाऊ नहीं करते हैं।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री अध्यक्ष-

हमने नियम-311 को एलाऊ नहीं किया है। ये नोटिस पर बोल रहे हैं।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मा0 अध्यक्ष जी, मा0 नेता विरोधी दल किस नियम में बोल रहे हैं ? क्या ग्राह्यता पर बोल रहे हैं या ऐसे ही बोल रहे हैं।

श्री अध्यक्ष-

ग्राह्यता पर बोल रहे हैं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

आपके पेट में मरोड़ क्यों हो रहा है ?

(सदन में हंसी)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मा0 अध्यक्ष जी, देश और प्रदेश की जितनी भी गलत सूचनाएं है, वह सब इनके पास रहती है। ये दिनभर उन्हीं को इकट्ठा करते रहते हैं। हम दावे के साथ कह सकते हैं कि इनके जमाने के क्या स्थिति थी ?

(नेता विरोधी दल द्वारा बोलने का प्रयास करने पर)

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता प्रतिपक्ष की बात आ जाए।

(मा0 संसदीय कार्य मंत्री, नेता विरोधी दल और अध्यक्ष महोदय द्वारा एक साथ बोलने पर व्यवधान)

(व्यवधान के मध्य)

मा0 नेता प्रतिपक्ष की बात आ जाए।

(नेता, ब0स0पा0 श्री लालजी वर्मा द्वारा खड़े होकर बोलने का प्रयास करने पर)

मा0 सदस्य आप बैठ जाएं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मान्यवर, यह बेमतलब की बात है, ये सदन को एक बार फिर बाधित कराना चाहते हैं। मा0 अध्यक्ष जी, आपने मेरा नाम पुकारा है। जब मैं अपनी बात कह लूंगा और उसके बाद जब आप संसदीय कार्य मंत्री जी को पुकारेंगे तब इनको खड़े होने का अधिकार है।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता प्रतिपक्ष की बात आ जाए।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, हम लोग पहले नियमों से चलते हैं, फिर परम्पराओं से। परम्परा यह रही है कि यदि आप इनकी बात नियम-56 में लेंगे तो फिर हमें भी जवाब देने का मौका मिले।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, जब ये आपकी ही बात नहीं मान रहे हैं तो इस सदन की कार्यवाही कैसे पूरी हो सकेगी ?

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, हमको भी जवाब देने का मौका मिले।

श्री अध्यक्ष-

आपको जवाब देने का मौका मिलेगा।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, सत्तापक्ष जो ई0वी0एम0 मां के आशीर्वाद से प्रबल बहुमत से जीतकर आया है, वह नशे में धुत है। (सदन में हंसी) मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी सरेआम आपके आदेश की भी अवहेलना कर रहे हैं। मैं आपसे कह रहा था कि सरकार को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन कार्रवाई नेताओं के खिलाफ हो रही है। राजस्व के मामले राजस्व न्यायालयों में चलते हैं, यह सब जानते हैं। इसके लिए तहसील न्यायालय, ए0डी0एम0 न्यायालय, कलेक्टर न्यायालय, राजस्व न्यायालय, हाईकोर्ट आदि है लेकिन यह पहली दफा है कि राजस्व के मामले पुलिस थाने में रिपोर्ट हो रहे हैं।

सरकार की साजिश के तहत 13 वर्ष पुराना मामला अगर कोई कसी को बैनामा लिखता है तो उसमें 90 दिन का समय होता है कि 90 दिन में अगर कोई आपत्ति कर दे तो मान्य होगा और उस मामले में 13 वर्ष के बाद आपत्ति हो रही है। इससे सिद्ध होता है कि सरकार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को प्रताड़ित करके समाजवादी पार्टी को डराना चाहती है। बहुजन समाज पार्टी के उपाध्यक्ष के खिलाफ उत्पीड़न की कार्यवाही हो रही है, किसी अपराधी के खिलाफ नहीं। अभी प्रियंका गांधी को अरेष्ट कर लिया गया है, आजम खां का उत्पीड़न, आनन्द का उत्पीड़न और प्रियंका गांधी का उत्पीड़न किया जा रहा है अपराधियों का उत्पीड़न नहीं हो रहा है। श्रीमन् मैं अभी कुछ घटनायें बता रहा हूं। 20 फरवरी, 2019 से 17 जुलाई, 2019 तक बलात्कार की घटनायें 64 तथा छेड़छाड़ 39, डकैती, अपहरण, लूटपाट और मारपीट, ठगी और चोरी की घटनायें 361 और साइबर क्राइम की घटनायें 45 हुई हैं। 20 फरवरी, 2019 से 17 जुलाई, 2019 तक केवल लखनऊ में हुई घटनायें इस प्रकार है बलात्कार की 20 घटनायें, 29 छेड़छाड़, डकैती की घटनाएं 328 और साइबर क्राइम की घटनायें 45 हुई है। केवल जनपद लखनऊ में कुल घटनाओं की संख्या 462 है। 20 फरवरी, 2019 से 17 जुलाई, 2019 तक बलात्कार और छेड़छाड़ की घटनायें इस तरह से है। प्रयागराज शहर में बी0एम0एस0 छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म, ग्रेटर नोएडा में प्रॉपर्टी डीलर आफताब चड्ढ़ा और

उसके कर्मचारी ने आगरा की एक महिला का अपहरण कर दुष्कर्म किया, गोरखपुर में गत्ता फैक्ट्री में काम करने वाली महिला के साथ झाड़फूंक के बहाने दुष्कर्म, लखनऊ के रहीमाबाद में दबंग ने घर में घुसकर विवाहिता के साथ किया दुष्कर्म।

***औद्योगिक विकास, खादी ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, वस्त्रोद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री (श्री सतीश महाना)-**

मान्यवर, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप हम सब के संरक्षक हैं नियम-311 में आपने इसको स्वीकार नहीं किया है और नियम-56 अभी आया नहीं है तो ये किस नियम में बोल रहे हैं नियम-56 में स्वीकार करके इनको बोलने का अवसर दे दीजिएगा। अभी ये कैसे बोल सकते है। सुबह जब माननीय मुख्य मंत्री जी ने बयान दिया तो तब इन्होंने सुना नहीं और अब हम लोग इनका ये अनर्गल प्रलाप कब तक सुनते जायें, मान्यवर, यह हमारा निवेदन है।

(विपक्ष की ओर से ''आइये आप वेल में आ जाइये की आवाजें सुनाई दी'')

श्री राम गोविन्द चौधरी-

ठाकुरगंज में दो आटो से उतरी युवतियों को अगवा कर बदमाशों ने किया गैंगरेप, लखनऊ कैसरबाग स्थित स्कूल में मंगलवार देर रात शादी में आई बच्ची के साथ दुष्कर्म, जौनपुर में एक गांव में आग लगी और घर में सो रही किशोरी का अपहरण करके दुष्कर्म, सीतापुर के बिसवां इलाके में घर वालों के साथ चौरासी कोसीय परिक्रमा मेला देखने गई किशोरी के साथ दुष्कर्म, मुजफ्फरनगर थाना क्षेत्र के गांव में एक किशोरी के साथ दूसरे समुदाय के पांच युवकों ने तमंचे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म किया, उन्नाव रेलवे स्टेशन पर वोटिंग रूम में ट्रेन का इंतजार कर रही युवती से युवकों की छेड़छाड़, झांसी में छेड़छाड़ से त्रस्त एक बालिका ने फांसी लगाकर दे जान...

(श्री सतीश महाना और श्री राम गोविन्द चौधरी के एक साथ खड़े होकर अपनी बात रखने से व्यवधान की स्थिति)

(व्यवधान के मध्य)

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, मेरा यह निवेदन है कि जब माननीय नेता प्रतिपक्ष बोलते हैं तो किसी न किसी नियम के तहत उनको अपनी बात कहने का अधिकार है। सदन की अपनी गरिमा है और अपनी परम्परायें हैं अगर इन्हें अपनी बात का प्रवचन ही पूरा करना है, इतनी मोटी किताब ये लेकर आये हैं तो उसको नियमों के अन्तर्गत रखते तो उसका जवाब सरकार देती उसके अलावा इसको सुनने का कोई औचित्य नहीं बनता है, यह मेरा आपसे निवेदन है।

(व्यवधान)

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री अध्यक्ष-

माननीय आपकी बात सुनाई नहीं पड़ रही है आप क्या कह रहे हैं ?

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, निवेदन है कि जब नियम-56 आए तब इनको सुन लिया जाए।

(कई सदस्यों के एक साथ खड़े होकर बोलने के प्रयास से व्यवधान की स्थिति)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग बैठ जायें।

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री सतीश महाना-

अध्यक्ष जी, मेरा आपसे निवेदन है कि इनको अपनी बात कहनी है तो नियम-56 बना है, अभी जीरो आवर चल रहा है।

श्री अध्यक्ष-

आप लोग बैठिए।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय-

अध्यक्ष जी, नेता विरोधी दल खड़े हैं और बोल रहे हैं, बीच में टोका-टाकी की जा रही है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

माननीय अध्यक्ष जी।

श्री अध्यक्ष-

इनकी आपत्ति सुन लें फिर आप बोलियेगा।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, सारी मान्यतायें, मर्यादायें अगर सत्तापक्ष बाधित करेगा तो विपक्ष उनसे भले ही कम है लेकिन हम इस अलोकतांत्रिक आचरण को विधान सभा में नहीं चलने देंगे, इस अलोकतांत्रिक आचरण से विधान सभा नहीं चलने देंगे। अध्यक्ष जी, लोकतांत्रिक मर्यादा को यह लोग खण्ड-खण्ड कर रहे हैं, लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

माननीय अध्यक्ष जी, अगर यह कार्य स्थगन है तो कार्य स्थगन के लिए माननीय नेता विरोधी दल बहुत पुराने सदस्य हैं और इनको जानकारी होनी चाहिए कि एक घटना हो, सुनिश्चित घटना हो, तात्कालिक हो और लोकमहत्व की हो और यह पता नहीं कहां से आज रद्दी ले आएं, कहां से रद्दी उठा लाये। जहां तक ई0वी0एम0 का सवाल है, एक शायर ने कहा है कि दिल को बहलाने के लिए ए-गालिब यह ख्याल अच्छा है। यह इनकी मोडस

ऑपरेण्डी ठीक है आखिरकार यह अपने कार्यकर्ताओं के सामने क्या मुंह की ले कर जायें, क्या कहें उनसे कि हम इतने नाकाम हैं कि जनता ने बहुमत की सरकार को चौदह में मुंह दिखाया, सत्रह में दिखाया।

श्री अध्यक्ष-

आपकी यह बात ठीक है कि एक विषय पर बोलें लेकिन इनको बोलने तो दीजिए।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, इनके पास विषय नहीं है यह जो बलिया के चौराहे पर बोलना चाहते हैं वह यहां बोल रहे हैं।

श्री लाल जी वर्मा-

माननीय अध्यक्ष जी, सत्तापक्ष सदन नहीं चलाना चाहते हैं।

श्री अध्यक्ष-

इनको अपना विषय रख लेने दीजिए।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, अगर नियम-56 में भी घटना सुनिश्चित हो एक घटना हो तो जवाब देंगे। यह पता नहीं कहां-कहां की सुन रहे हैं और जहां तक कानून व्यवस्था की बात है हम दावे के साथ कह सकते हैं कि चाहे हत्या हो, चाहे लूट हो, चाहे डकैती हो, चाहे बलवा हो, चाहे बलात्कार हो, हर एक में कमी आयी है। हम बकायदा दावे के साथ कह सकते हैं कि प्रत्येक क्षेत्र में कमी आयी है। प्रत्येक क्षेत्र में यह सरकार पूरी तरह से शासन व्यवस्था की स्थिति को नियमों के तहत और...

(सत्तापक्ष तथा विपक्ष के माननीय सदस्यों के अपने-अपने स्थान से खड़े होकर अपनी बात कहने का प्रयास करने पर व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

उनका विषय तो आ जाये।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

अध्यक्ष जी, सत्तापक्ष आपके खिलाफ चल रहा है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, प्रत्येक अपराध के लिए दोषी चिन्हित किये गये हैं और दोषी के खिलाफ कार्यवाही हुई है। अपराधियों को कोई सरकार संरक्षण नहीं देना चाहती है और यह सरकार की नीयत भी नहीं है।

श्री अध्यक्ष-

उनकी बात नहीं आयी है न आब।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, यह सदन नहीं चलाना चाहते हैं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी।

(व्यवधान जारी रहने पर)

(घोर व्यवधान के मध्य श्री अध्यक्ष ने 12 बजकर 47 मिनट पर सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिये स्थगित कर दी)

(01 बजकर 02 मिनट पर मार्शल, विधान सभा ने सदन को सूचित किया की श्री अध्यक्ष ने सदन का स्थगन 15 मिनट के लिए बढ़ा दिया है।)

(01 बजकर 17 मिनट पर मार्शल, विधान सभा ने सदन को पुनः सूचित किया की श्री अध्यक्ष ने सदन का स्थगन 15 मिनट के लिए बढ़ा दिया है।)

(01 बजकर 32 मिनट पर सदन की कार्यवाही श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुयी)

श्री अध्यक्ष-

माननीय राम गोविन्द चौधरी जी, आप अपनी बात कहें।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, हमें कष्ट है कि आपको दुःखी होना पड़ा और सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

श्री अध्यक्ष-

हम दुःखी नहीं है। क्या आपको हम दुःखी लग रहे हैं ? (हंसी) हम दुःखी नहीं हैं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

अध्यक्ष जी, लेकिन हम इस बात का भी स्पष्टीकरण दे देना चाहते हैं कि विपक्ष की तरफ से कोई भी ऐसी बात नहीं हुई, जिससे आपको कष्ट पहुंचे।

श्री अध्यक्ष-

हमको कोई कष्ट नहीं हुआ है, कुछ काम था।

[01:32] कार्य-स्थगन की सूचना

***नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-**

माननीय अध्यक्ष जी, मैं कह रहा था कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। हत्या, डकैती, मर्डर, छिनैती, रेप, बलात्कार, अपहरण की घटनायें हो रही है।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री अध्यक्ष-

इसका बड़ा भाग आप पहले कह चुके थे।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

अध्यक्ष जी, जो मैंने पहले कह दिया था, उसके बाद का कहता हूँ। 20 फरवरी, 2019 से 17 जुलाई, 2019 तक डकैती, लूट-पाट, अपहरण, मार-पीट, ठगी और चोरी की घटनायें केवल लखनऊ और लखनऊ कि आसपास 328 और टोटल 361 घटनायें हुई हैं।

श्री अध्यक्ष-

सुनिश्चित कर लीजिए।

(सत्तापक्ष के कुछ माननीय सदस्यों द्वारा अपने स्थान पर बैठे-बैठे टोका-टाकी करने पर)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग न बोलें, शान्त रहें।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

आप मत टोकिये, वह है ही टोकने वाले, कितना टोकेंगे ?

श्री अध्यक्ष-

आप बिन्दुवार बता दीजिए।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मान्यवर, 39 घटनाएं साइबर क्राइम की हुई, यह 20 फरवरी से 17 जुलाई के बीच की है, जब से यह सदन उठा और उसके बाद सदन बैठा है, इस बीच की यह घटनायें है। डकैती, हत्याएं। हत्याएं हुई हैं 57, 57 हत्याएं हुई हैं। श्रीमन् सरकार कहती है कि हमने कानून-व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया है, जो बदमाश थे या तो उनका इनकाउंटर कर दिया गया बाकी जेल में बन्द है, बकिया प्रदेश छोड़ करके भाग गये हैं आप ज्ञाता हैं, विद्वान हैं इसलिए मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि अगर ऐसा है तो ये वारदातें कर कौन रहा है। यह इसलिए हो रही है क्योंकि अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। फर्जी इनकाउंटर, किसी भी नौजवान को देखिये उसके घुटने में गोली मारी जा रही है, पहले तो सीने में मारी जाती थी परन्तु जब सुप्रीम कोर्ट ने इसका संज्ञान लिया तो अब पैर में गोली मारी जा रही है। मा0 मुख्यमंत्री जी के सामने पुलिस के लोग अपना पक्ष रखते हैं कि हम इनकाउंटर कर रहे हैं। उनको पकड़ा जा रहा है को कभी अपराध नहीं किये हैं, कोई पुराना एक-दो कर दिये हों तो अलग बात है अब घर में बैठे हैं और अपना काम चला रहे हैं। जो मैंने सोनभद्र की घटना की बात कही है, सारे अधिकारियों के नॉलेज में बात थी, थाना दिवस पर मामला गया, तहसील दिवस पर गया, कलेक्टर साहब के यहां अलग से गया, एस0एस0पी0 साहब के यहां अलग से गया।

श्री अध्यक्ष-

आप नियम-56 की ग्राह्यता पर बोलिये।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मान्यवर, आप उन्हीं की बात मत बतायें। मान्यवर, मैं कहना चाहता हूँ कि सबकी जानकारी में होने के बाद भी यह घटना घट गई, मान्यवर, इससे ज्यादा क्या हो सकता है।

श्री अध्यक्ष-

आखिर हम लोग बोलेंगे तो किसी नियम में ही तो बोलेंगे।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मान्यवर, इससे अधिक क्या हो सकता है कि पुलिस की वैन को रोक करके धुआंधार फायरिंग की जाय, पुलिस की रायफल लूट ली जाय, पुलिस की हत्या कर दी जाय और तीन खूँखार अपराधियों को छुड़ा करके ले जाय, क्या यही कानून-व्यवस्था है। मैं यही कह रहा था कि ध्वस्त कानून-व्यवस्था में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय सरकार राजनीतिक लोगों पर द्वेष की कार्रवाई करती है, बदले की भावना में कार्रवाई करती है, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को मिटाना चाहती है। राज्य सभा के मेम्बरों को तोड़ा जा रहा है, एम0एल0ए0 को तोड़ा जा रहा है। बड़े-बड़े पार्टी के नेताओं को अपमानित किया जा रहा है। जैसे आजम खॉ को अपमानित किया जा रहा है। मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि राजस्व का जो मामला है जो एफ0आई0आर0 हो रही है, मैंने संसदीय कार्यमंत्री जी से भी एक बार कहा था कि उसके लिए उचित फोरम है तहसील न्यायालय, एस0डी0एम0 न्यायालय, ए0डी0एम0 न्यायालय, कलेक्टर न्यायालय, राजस्व परिषद न्यायालय, हाई कोर्ट न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट न्यायालय। कभी भी राजस्व के मामले पर एफ0आई0आर0 तब होती है जब इन न्यायालय के अधिकारी आर्डर करते हैं कि इस केस में एफ0आई0आर0 दर्ज की जाय। 13 वर्ष पुराना मामला हो गया।

श्री अध्यक्ष-

अब आपका पूरा हो गया।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मान्यवर, वह इस सदन के वरिष्ठ सदस्य रहे हैं। 13 वर्ष पुराना मामला, जबकि यह नियम है, परम्परा है कि अगर कोई खेत की रजिस्ट्री कराता है और अगर उसमें किसी को आपत्ति करनी होती है तो उसे 90 दिन के अन्दर करनी चाहिए। 90 दिन के अन्दर आपत्ति नहीं करेंगा तो वह स्वयं मान्य नहीं होगी, यह तो कोर्ट का मामला है। केस आजम खॉ पर लग गया और मा0 अब्दुल्ला खॉ जो इस सदन के मा0 सदस्य हैं वह यहां पर बैठे हैं। रोज पुलिस अपमानित कर रही है, आखिर यह सरकार क्या चाहती है क्या यह सरकार लोकतन्त्र को मिटाना चाहती है, विपक्ष को कुचलना चाहती है। आजम खॉ के बहाने इस प्रदेश के अल्पसंख्यकों को भयभीत किया जा रहा है। पिछड़े वर्ग, दलित और मुस्लिमों का फर्जी इनकाउंटर किया जा रहा है, उसका कत्ल किया जा रहा है। प्रदेश आतंक में डूबा हुआ है और प्रदेश की जनता भयभीत है। ये घटनाएं अविलम्बनीय है, तात्कालिक है, लोकमहत्व की है और

ये निश्चित रूप से नियम-56 के अन्दर आती है इसलिए मैं आपसे आग्रह करुंगा कि इसके महत्व को, इसकी तात्कालिकता को देख करके सदन की कार्यवाही को रोकें और इस पर चर्चा करायें।

श्री अध्यक्ष-

बहुत धन्यवाद। मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी पहले उत्तर देंगे या वर्मा जी बोल लें उसके बाद उत्तर देंगे।

***संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-**

मान्यवर, जैसा आप कहेंगे।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, विषय एक है, हमारी बात भी सुन लें उसके बाद उत्तर दें।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मा0 अध्यक्ष जी, केवल एक बात हम जरूर कहना चाहते हैं कि हम पहले नियमों से चलते हैं उसके बाद परम्पराओं के चलते हैं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, संसदीय कार्य मंत्री जी ने तय किया है कि विधान सभा नहीं चलने देंगे। विपक्ष सदन चलाना चाहता है, सत्ता पक्ष सदन से भागना चाहता है।

श्री अध्यक्ष-

मा0 वर्मा जी, संसदीय कार्य मंत्री जी बोलने नहीं जा रहे हैं। इनकी आपत्ति सुन लें।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, ग्राह्यता पर पूरी बात आ जाए, तब संसदीय कार्य मंत्री जी उत्तर दें। मान्यवर, प्रश्न महत्वपूर्ण है।

श्री अध्यक्ष-

मा0 वर्मा जी, संसदीय कार्यमंत्री जी नियम की बात कर रहे हैं, वह तो हम सुन लें।

(कई सदस्यों के एक साथ बोलने पर)

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मान्यवर, पहले विपक्ष के सभी दलों की बात आ जाए, तत्पश्चात् संसदीय कार्य मंत्री जी जवाब दें।

श्री अध्यक्ष-

वर्मा जी, आप मेरी बात सुन लें, फिर बोलें।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, संसदीय कार्य मंत्री जी बैठ जाएं, पहले आप मेरी बात सुन लें। मान्यवर, जब आपने उसे ग्राह्यता पर सुनने लायक समझा, आपका एक निर्णय आ गया, तो फिर उस पर आपत्ति करना आपके अधिकार को चुनौती देना है।

श्री अध्यक्ष-

न आप चुनौती दे रहे हैं और न संसदीय कार्य मंत्री जो चुनौती दे रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री जी केवल ध्यानाकर्षण कर रहे हैं।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, बीच में इस तरह की बात नहीं आनी चाहिए।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, नियम-56 में है कि घटना सुनिश्चित होनी चाहिए, अर्थात केवल एक घटना हो।

श्री अध्यक्ष-

वर्मा जी, हमारी बात सुन लें, तब आप बोलें। संसदीय कार्य मंत्री जी मा0 नेता प्रतिपक्ष की बातों का उत्तर देने के लिए नहीं खड़े हुए थे। उनकी तरफ से केवल यह ध्यानाकर्षण करना था कि नियम-56 में एक सुनिश्चित विषय, तात्कालिक महत्व का विषय उठाया जाता है। उनकी बात आपने सुन लिया, अब आप बोलिये।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मान्यवर, यह सही है कि यह नियम-56 में नहीं बोला जा रहा है। विपक्ष के लोगों ने नियम-311 में नोटिस दिया था। नियम-311 का इसलिए प्राविधान किया गया है कि अगर कोई प्रदेश में ऐसी घटना हो जाये, जिस पर तत्काल चर्चा करना आवश्यक हो। आप इसकी गम्भीरता को जानते थे, इसलिए आपने अनुमति प्रदान किया है। जब विपक्ष ने अपनी बात कही ही नहीं, तो नेता सदन किस बात का जवाब दिये हैं।

श्री अध्यक्ष-

इससे विषय बदल जायेगा।

श्री लाल जी वर्मा-

मा0 अध्यक्ष जी, हम लोगों की जो नोटिस थी, उसकी ग्राह्यता को समझते हुए आपने मा0 मुख्य मंत्री जी को भी सुना उसके बाद हम लोगों को आपने अवसर देने का काम किया। ग्राह्यता तो पहले से ही सिद्ध है, इसलिये मा0 मुख्य मंत्री जी को दखल देना पड़ा है। मान्यवर, निश्चित रूप से जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है, अहंकार में डूबी हुई है और इसी कारण अपराधियों का भी मनोबल बढ़ा हुआ है। जिसके कारण लगातार बड़े पैमाने पर आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। मान्यवर, जिस विषय पर हम लोगों ने नोटिस दिया है उसमें सोनभद्र की घटना में जिस तरह से आदिवासियों का नरसंहार किया गया, प्रशासन के संज्ञान में

रहते हुए भी प्रशासन किस तरह के मूकदर्शक बनकर बैठा रहा। बार-बार टेलीफोन करने के बावजूद भी वहां पर पुलिस नहीं पहुंची और 300 लोग 32 ट्रैक्टरों के साथ जाकर जिस तरह से नरसंहार किया, यह निश्चित रूप से इस प्रदेश की कानून व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण है। मान्यवर, इतना ही नहीं, दूसरी घटना सम्भल में सिपाही कैदियों को लेकर न्यायालय गये थे। और न्यायालय से लौटते समय जिस तरह से उनकी आंख में मिर्ची पाउडर डालकर और उन्हीं की रायफल से उनकी हत्या करके वह भाग ही नहीं गये, आज तक पकड़े भी नहीं गये। यह इस बात का संकेत है कि इस प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। इतनी ही घटनायें नहीं हुई, प्रतापगढ़ में ओम मिश्रा की हत्या होती है, बुलन्दशहर में दबंग लोग एक दलित युवती का अपहरण करना चाहते हैं और जब अपहरण करने में नाकाम होते हैं तो कार चढ़ाकर उसके परिवार के दो लोगों को मार डालते हैं। मान्यवर, इसी तरह से तमाम अन्य घटनायें हैं। अलीगढ़ में एक दलित बालिका के साथ जिस तरह की घटना हुई उसी के कारण मा0 सुप्रीम कोर्ट को भी यह कहना पड़ा कि लगता है अपराधियों को कानून का डर नहीं रहा है। उसका कारण क्या है ? कारण यह है कि जब सरकार पक्षपातपूर्ण रवैये से काम करेगी, पूरे प्रदेश में 2244 एनकाउंटर की घटनायें हुई, जाति देख-देखकर एनकाउंटर की घटनायें हो रही है, अपराधी देखकर अगर एनकाउंटर की घटनायें होती तो निश्चित रूप से आज एक भी अपराध नहीं होता।

श्री अध्यक्ष-

वर्मा जी, अब आप विषयान्तर हो रहे हैं।

श्री लाल जी वर्मा-

लेकिन मान्यवर, अपराधियों की जाति देखकर जिस तरह कार्रवाई की गयी।

श्री अध्यक्ष-

आपका विषय आ गया।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, अब ऐसा न करिये।

श्री अध्यक्ष-

आप कई घटनायें बता रहे हैं।

श्री लाल जी वर्मा-

अब ऐसा न करिये मान्यवर, मैं कोई बहुत लम्बा-चौड़ा बोलने वाला नहीं हूँ यह आप जानते हैं। मैं कोई लम्बी बात नहीं रखता। लेकिन जो परिस्थिति है जिसके कारण बड़े पैमाने पर सरकार प्रयास कर रही है कि अपराध का डाटा कम किया जाये, एफ0आई0आर0 न हो। एफ0आई0आर0 न दर्ज कर, उसके आधार पर यह दिखाते हैं कि इतना अपराध पहले था, इतना कम हो गया है। इस तरह से जगह-जगह यह बात करने का काम कर रहे है। इसी

तरह से आज ही अम्बेडकरनगर में बसखारी थानान्तर्गत ब0स0पा0 नेता श्री रामचन्द्र जायसवाल को अपराधियों ने गोली मार दिया तो किस तरह से अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मा0 मुख्य मंत्री जी जितना ही अपराधियों के ऊपर कार्यवाही की बात करते हैं क्या कारण है कि अपराध उतने और बढ़ जाते हैं। हम लोग चर्चा इसलिए कर रहे हैं कि उनका कारण भी आना चाहिए। मान्यवर, कारण क्या है ? जब कोई भी शासन पक्षपातपूर्ण निर्णय करेगा, उसके जो समर्थक हैं वे अपराध करें और उनको पूरा प्रोत्साहन दिया जाये। पुलिस का मनोबल गिराने का काम सत्तापक्ष करता है। सहारनपुर से शुरु हुआ, एस0पी0 को बंद किया गया, उसके बाद बुलन्दशहर में इंस्पेक्टर को मारा गया, जगह-जगह पुलिस को उत्पीड़ित किया गया। अम्बेडकर नगर जिले में एस0डी0एम0 के पास एक व्यक्ति आया वह उनसे दबंगई से बात कर रहा था, उन्होंने पुलिस बुलाकर उसके खिलाफ एफ0आई0आर0 करा दिया तो तुरन्त एस0डी0एम0 को हटा दिया जाता है। तो जब अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करने वाले लोगों को सत्ता का संरक्षण नहीं मिलेगा तो अपराध घटने का काम नहीं होगा। निश्चित रूप से ये घटनायें, अभी मा0 मुख्य मंत्री जी ने कहा कि बरेली और बदायूं के बीच में फिर फायरिंग हुई, लगातार कई राउण्ड गोलियां चली तो यह इस बात का संकेत है कि इस प्रदेश में अपराध बड़े पैमाने पर बढ़ा है।

श्री अध्यक्ष-

अब आप 250 घटनायें सुनायेंगे तो संसदीय कार्य मंत्री जी उत्तर किस घटना का देंगे ?

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, अगर आंकड़ा देने का सवाल है तो निश्चित रूप से केवल 6 महीने में हत्या की 508, बलात्कार की 1398 और शीलभंग की 5500 घटनायें हुई।

श्री अध्यक्ष-

वर्मा जी, वह कागज हमें भिजवा दीजिए हम उसे कार्यवाही का भाग बना लेंगे।

श्री लाल जी वर्मा-

अपहरण की 5879 घटनायें, छेड़खानी की 391 घटनायें, चेन-स्नैचिंग की 197 घटनायें हुई। इस तरह से 23028 घटनायें केवल महिलाओं से सम्बन्धित अपराध में होती है। यह इस बात का संकेत है कि इस प्रदेश में कानून का राज नहीं है, जंगल राज है इसलिए मैं चाहता हूं कि अपराध की घटनाये रुकनी चाहिए। अतः इसको नियम-311 में ग्राह्य करने का कष्ट करें।

श्री अध्यक्ष-

नियम-311 कभी इतिहास में स्वीकृत नहीं हुआ है।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इसका औचित्य इसलिए भी है कि मा0 मुख्य मंत्री जी को दखल देना पड़ा। मेरा अनुरोध है कि इसको स्वीकार करें और इस पर चर्चा कराने का काम करें।

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

माननीय अध्यक्ष जी, 17 जुलाई, 2019 इस प्रदेश का एक काला दिन था, जिस तरह से सोनभद्र में 10 लोगों का नरसंहार किया गया। मुझे ऐसा लगता है कि इससे सत्ता पक्ष, विपक्ष देश के, इस प्रदेश के सभी लोग इससे आहत भी हैं। सबसे बड़ी बात थी कि वहां पर आदिवासी और बनवासी को पिछले कई दशकों से लगभग 100 वर्षों से उस जमीन पर काबिज थे, वहां पर रह रहे थे, किस तरह से उनको प्रशासन को मदद द्वारा वहां जमीन से बेदखल करके दूसरे को जमीन दी गई। किस तरह से शासन प्रशासन को जानकारी होते हुए भी लगभग 300-400 लोग प्रधान द्वारा वहां पहुंचाये जाते हैं। किस तरह से पहले उनको लाठी-डंडों से पीटा जाता है और उसके बाद उन पर गोलियां बरसाई जाती है। आधे घंटे से भी ज्यादा यह नरसंहार वहां पर चलता रहा। बार-बार इन लोगों ने प्रशासन को सूचना दी पर पुलिस वहां पर नहीं पहुंची। जब यह दर्दनाक घटना हो चुकी थी उसके लगभग एक घंटे बाद पुलिस वहां पर पहुंची। मैं सीधा सा एक सवाल पूछना चाहती हूँ कि आज कानून व्यवस्था की जो स्थिति प्रदेश में है। इसी नारे के साथ तो प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई थी, आज यह प्रश्न उनके सामने है।

श्री अध्यक्ष-

घटना पर बोल लीजिये।

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

अध्यक्ष जी, घटना पर ही बोल रही हूँ। इससे बड़ी कोई घटना नहीं हो सकती है कि गरीब जिनके पास न धन है, न दौलत है, न शस्त्र थे। निहत्थे लोगों पर कुछ बुजदिलों ने इस तरह से वार किया कि 11 लोगों की जान चली गई। यह घटना सामान्य घटना नहीं है अध्यक्ष जी। यह घटना न केवल प्रदेश के लिये दुर्भाग्य की बात नहीं है। आज आदिवासियों के ऊपर पूरी दुनिया में काम हो रहा है, उनको दोबारा में संरक्षित करने के लिये। आज उन पर इस तरह की घटना प्रदेश में हो रही है जिसका गवाह आज उत्तर प्रदेश का सदन भी है।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, आपका विषय आ गया।

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

नहीं अध्यक्ष जी, एक मिनट बोलने का अवसर दीजिये। आज तो उससे बड़ी घटना हो गई। आज हम जिस प्रजातंत्र की दोहाई देते हैं, जिस प्रजातंत्र के मंदिर में बैठे हैं, आज वहां प्रजातंत्र की हत्या हुई है। इस प्रदेश के कांग्रेस विधान मण्डल दल के नेता अजय कुमार लल्लू जी और कांग्रेस की हमारे देश की जनरल सेकेट्री प्रियंका गांधी जी जो कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी भी हैं, वह जब वहां उन पीड़ित परिवारों से मिलने गयी, उन पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछने के लिये गई जिनकी सुधि प्रदेश सरकार ने नहीं ली। 48 घंटे से ज्यादा हो गये हैं कोई मंत्री या कोई प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री द्वारा वहां नहीं भेजा गया। जब प्रियंका गांधी जी उन

गरीबों के आंसू पोंछने के लिये गई, उनका दुःख दर्द पूछने के लिये गयी तो प्रियंका गांधी जी को रोका गया और आज उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रशासन ने उनको रोक कर, उनको अरेस्ट भी किया। इससे बड़ी दुर्भाग्य की घटना और नहीं हो सकती है। मैं जानना चाहती हूं कि किस आधार पर उनको रोका गया ? पीड़ित परिवार से मिलने से कैसे रोका जा सकता है ?

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, आपका विषय आ गया है।

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

सिर्फ एक बात मैं कहना चाहती हूँ कि वर्ष 1977 की घटना माननीय अध्यक्ष जी आपके संज्ञान में होगी। बहुत बड़ी घटना हुई थी बिहार में बेलची। यह बेलची टू है। जितना नरसंहार दलितों के साथ वहां हुआ था उतना ही आज यहां उत्तर प्रदेश की धरती पर हुआ है। मैं आपसे यही निवेदन करना चाहती हूँ कि इसको ग्राह्य करके इस पर चर्चा कराने का कष्ट करें।

श्री अध्यक्ष-

क्या माननीय राजभर जी का हस्ताक्षर है, कुछ कहेंगे क्या ?

श्री ओम प्रकाश राजभर-

माननीय अध्यक्ष जी, मुझे आपके माध्यम से सिर्फ एक मिनट कहना है 17 जुलाई की सोनभद्र की घटना पर। बड़ी दुःखद घटना है कि अब तक गोंड और माझी जाति के लोग मारे गये और सरकार की तरह से अभी तक कोई प्रतिनिधि मंडल वहां पर नहीं गया। हम सभी सदन में बैठे हुए साथीगण हैं, हमारी सबकी जिम्मेदारी है। हम भी जिम्मेदारी लेते हैं। वहां कोई नहीं गया। हम आपके माध्यम से माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी बैठे हैं, हम उनसे चाहेंगे, हमारी चाहत है कि 1995 से विवादित जमीन है। अब घटना जो घट गई उसको तो नहीं रोका जा सकता। सरकार ने त्वरित कार्यवाही की, हम उसका स्वागत करते हैं लेकिन माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी से चाहता हूँ कि जो आदर्श कोआपरेटिव सोसाइटी बनाई गई फर्जी तरीके से। जो उन्होंने रजिस्ट्री किया फिर वह तहसीलदार ने जो कार्यवाही की गलत तरीके से। आज भी आजादी के बाद से वह लोग वहां बसे हैं। क्या सरकार उनके नाम से वह जमीन करेगी ? अगर वह आजादी के पहले से बसे हैं तो सबसे पहले जमीन उनके नाम से होनी चाहिए तब जाकर उनको न्याय मिलेगा। यह हम आपसे निवेदन करना चाहेंगे।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, मा0 मुख्य मंत्री जी तो बोल चुके हैं। मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी ने ही प्रस्वाव किया था कि मा0 मुख्य मंत्री जी बोलेंगे।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

आपने जो राम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में आरोप लगाये थे...

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर तो आ गया है। मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी यह बतायें कि क्या कार्यवाही की जा रही है ?

श्री अध्यक्ष-

मा0 राम गोविन्द जी कह रहे हैं कि क्या कार्यवाही की जा रही है यह बतायें।

(सदस्य श्री लालजी वर्मा के बोलने का प्रयास करने पर)

श्री अध्यक्ष-

मा0 वर्मा जी, मा0 नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि क्या कार्यवाही की जा रही है, यह बतायें तो बताने दीजिए।

श्री लाल जी वर्मा-

मा0 अध्यक्ष जी, मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी घोषणा कर दें कि मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये मुआवजा देंगे।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी घोषणा कर दें कि हम मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये मुआवजा दे रहे हैं, उनके परिवार के सदस्यों को नौकरी दे रहे हैं, जमीन उनके नाम कर रहे हैं, समाजवादी पार्टी के जिन कार्यकर्ताओं का कत्ल हुआ है, उनको हम मुआवजा दे रहे हैं, जिन पर मुकदमें कायम हुए हैं, उनको वापस ले लेंगे, प्रियंका गांधी पर जो कार्यवाही हो रही है, उसको हम बन्द करेंगे।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मा0 अध्यक्ष जी, हमने एक कहावत पढ़ी थी कि जिनके अपने महल शीशे के होते हैं, वह दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते हैं। यह अभी जवाहर बाग की घटना इतनी जल्दी भूल गये। इनके जमाने में तो राम राज्य था। ऐसा राम राज्य कायम था कि एस0पी0, दरोगा तक मारे गये थे और 250 एकड़ भूमि नाजायज तरीके से कब्जा की गयी थी। यह इतनी जल्दी भूल गये। इतनी याद्दाश्त कमजोर है। यह याद रखा करिये। यह याद रखने की चीजें हैं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, वह साधुओं का मामला था।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

माननीय अध्यक्ष जी, जहां तक कार्यवाही का सवाल है सरकार ने उन लोगों के खिलाफ पूरी संवेदनशीलता के साथ तुरन्त कार्यवाही की है। उन लोगों को जेल भेजा गया है, असलहे भी बरामद किये गये हैं और एक 3 सदस्यीय कमेटी भी बना दी गयी है, जो 1955, 1989 और 2019 तक के सारे पहलुओं पर जांच करेंगी। मान्यवर, ग्राम समाज की जमीन आदर्श सोसाइटी के नाम 1955 में आयी थी, उस समय कांग्रेस की सरकार थी। 1989 में जब कुछ

लोगों ने सोसाइटी की जमीन फर्जी तरीके से बेच दी, उस समय भी कांग्रेस की ही सरकार थी, ये लोग भूल जाते हैं। एक शायर ने कहा था कि **"एक उम्र तक सियासत-ए-साकी से बेखबर, अपना ही लहू पीते रहे, अपने जाम से"**। जहां तक कार्यवाही का सवाल है, हम विशेष रूप से...

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए दूसरों पर आरोप मढ़ रहे हैं। घटना अभी घटी है और 1989 की बात कर रहे हैं।

(इसी मध्य विपक्ष के कई सदस्य सदन के वेल में आ गये।)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

माननीय अध्यक्ष जी, इनके पास कोई मुद्दा नहीं है।

(विपक्ष के कई सदस्य सदन के वेल से लाठी-डंडों की सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के लगातार नारे लगाते रहे।)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग अपना-अपना स्थान ग्रहण करें।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

माननीय अध्यक्ष जी, जहां तक कार्यवाही का सवाल है तो घोरावल के उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक को निलंबित किया गया है। साथ ही साथ जांच के लिए अपर मुख्य सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में एक 3 सदस्यीय समिति गठित की गयी। इस समिति में प्रमुख सचिव श्रम तथा विन्ध्यांचल मण्डल, मीरजापुर के आयुक्त को सदस्य नामित किया गया है।

(घोर व्यवधान के मध्य)

इस समिति के सदस्य हैं। तीन लोगों को यह समिति सम्पूर्ण तथ्यों की जांच करके रिपोर्ट देगी। जहां तक मुल्जिमों के खिलाफ कार्यवाही की बात है।

(वेल में उपस्थित सदस्य लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, पुलिस के बल पर यह सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाते रहे)

अभी तक 29 लोग गिरफ्तार किए गए एक एस0बी0एल0 बन्दूक, पांच डी0बी0एल0 बन्दूक, एक रायफल की बरामदगी हुई है। जितने लोग मृतक हुए उनके परिवारों को पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता दी गई जो घायल हैं उनको 50-50 हजार रुपया दिया गया। जहां तक मुरादाबाद की घटना का सम्बन्ध है। हमारी सरकार ने जो लोग फरार हैं उनके खिलाफ दो लाख पचास हजार की इनामी धनराशि पुस्कार के लिए घोषित की है।

(वेल में उपस्थित सदस्य लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाते रहे)

पुलिसकर्मियों की लापरवाही के सम्बन्ध में चूड़ामणि जोशी प्रतिसार निरीक्षक सम्भल उपनिरीक्षक चेतराम सिंह इन लोगों को निलम्बित कर दिया गया और सरकार पूरी मुस्तैदी के साथ पूरी शिद्दत के साथ हम आपके माध्यम से पूरे सदन को और पूरे प्रदेश को आश्वस्त करना चाहते हैं कि रात दिन उसके लिए जितनी भी कार्यवाही संभव है वह सारी की सारी कार्यवाही हो रही है उसको गिरफ्तार करने के लिए और हर हालत में उनको शीघ्र ही गिरफ्तार करके आपको सूचना भी देंगे। जहां तक कानून व्यवस्था की स्थिति की बात है हम एक जनवरी से लेकर 20 जून तक के बारे में आपको बताना चाहेंगे...

(वेल में उपस्थित सदस्य तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाते रहे)

हत्या में 2017 में 2212 हत्याएं हुई थीं 2018 में 2152 और इस पीरिएड में 1854 हुई 13.38 प्रतिशत की कमी है हत्या में लूट में कमी है 32.21 प्रतिशत की डकैती में कमी है 32.93 प्रतिशत की दंगों में कमी है 31.93 प्रतिशत की गृहभेदन में कमी है, दहेज मृत्यु में कमी है 6.71 प्रतिशत की बलात्कार में कमी है 32.59 प्रतिशत की मान्यवर, यह 1-1-19 से लेकर 30-6-19 तक अभी हमारे विपक्ष के लोग आंकड़े दे रहे थे यह उनकी बात का जवाब है। कहीं 32 प्रतिशत कहीं 13 प्रतिशत कहीं 31 प्रतिशत कहीं 32 प्रतिशत की कमी आई है। महिला उत्पीड़न के बारे में आपको जानकारी दे दें अपहरण के केसेस में 29.25 प्रतिशत की कमी आई है छेड़खानी के मामले में 20.37 प्रतिशत की कमी आई है और कुल मिलाकर इस पीरियड में महिलाओं के खिलाफ जो अपराध होते थे उसमें 14.14 प्रतिशत की कमी आई है।

(वेल में उपस्थित सदस्य पुलिस के बल पर यह सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, झूठे नारों की सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी लोकतंत्र के हत्यारों की यह सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाते रहे।)

साथ ही साथ मान्यवर, अनुसूचित वर्ग के लोगों के सम्बन्ध में जो अपराध के आंकड़े दिए जाते थे उसमें भी कुल मिलाकर 10 प्रतिशत की कमी है। अनुसूचित वर्ग में हत्या के मामलों में 22 प्रतिशत की कमी है। आगजनी में 31 प्रतिशत की कमी है। बलात्कार में 21 प्रतिशत की कमी है गम्भीर चोटों में 11 प्रतिशत की कमी है। कुल मिलाकर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है। इन लोगों के पास कोई काम नहीं है जनता ने इनको नकार दिया जहां तक कार्यवाही का सवाल है लगभग 15, 892 लोग आज इस सरकार में दो साल चार महीने में अपनी जमानत रद्द करवाकर जेल में सरेन्डर किया है यह सरकार का इकबाल है अपराधियों में दहशत है कानून व्यवस्था के नाम पर 15, 892 अपराधी जमानत रद्द कराकर जेल चले गए हैं।

(वेल में उपस्थित सदस्य 'लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी', 'पुलिस के बल पर यह सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी' के नारे लगाते रहे, जिसके कारण सदन में व्यवधान बना रहा)

(घोर व्यवधान के मध्य)

जहां तक पुलिस की कार्यवाही का सवाल है तो 20-3-2017 से 12-7-2019 तक पुलिस द्वारा की गयी जो कार्यवाही है उसका विवरण हम दे रहे हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में 4195 मामलों में विशेष रूप से पुलिस की कार्यवाही हुई। जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई उनकी संख्या 9398 है और पुलिस कार्यवाही में मुठभेड़ों में मारे गये लोगों की संख्या 83 है जिसमें 673 पुलिसकर्मी घायल भी हुए और 05 लोगों को शहीद होना पड़ा। यह सरकार पूरी मुस्तैदी के साथ, पूरे शिद्दत के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है और इस सरकार में उनको किसी भी प्रकार के संरक्षण अलाऊ नहीं है और इस सरकार में अपराधियों का स्थान या तो जेल में है या प्रदेश के बाहर है। आप किसी भी प्रकार से एक भी इंस्टांस ऐसा नहीं दे सकते हैं जिसमें अपराधियों को संरक्षण दिया गया हो। हम पूरी शिद्दत के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये तत्पर थे, तत्पर हैं और आगे भी तत्पर रहेंगे। योगी जी की सरकार में हमारे विरोधी भी और दूसरे प्रान्तों के लोग इस बात की सराहना करते हैं कि उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा के जमाने में जो जंगलराज था उसको समाप्त करके 2017 में हम राम राज्य की ओर बढ़ रहे हैं और आगे और भी बेहतर होगा। इसीलिये प्रदेश में एक इनवेस्टमेंट का वातावरण बना है और बाहर से लोग आकर उत्तर प्रदेश में लाखों-करोड़ों रुपये इन्वेस्ट करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश में जब इनकी सरकार थी तो लोग उत्तर प्रदेश की शक्ल नहीं देखना चाहते थे। मान्यवर, हम गारण्टी के साथ कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश की सरकार पूरी तरह से कानून-व्यवस्था को स्थापित करने में सक्षम है और पिछले ढ़ाई साल में जिस प्रकार से उसने जनता का दिल जीता है, जनता का विश्वास जीता है इन लोगों को उसे स्वीकार करना चाहिये। यह लोग जान के अनजान बनते हैं और इसीजिये चाहे कोई चुनाव हो जनता हमको विश्वास देती है और इसी विश्वास के आधार पर कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर है इस सरकार में आम आदमी पूरी तरीके से सुरक्षित है। धन्यवाद। मान्यवर, इसका नोटिस नियम-56 के अन्तर्गत नहीं आता है।

श्री अध्यक्ष-

कार्य-स्थगन की यह सूचना निरस्त की गयी तथा शेष सूचनाएं भी अस्वीकार की गई।

[02:07] उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-01 सन् 2019)†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-01 सन् 2019) को सदन के पटल पर रखता हूं।

---

† छापे नहीं गये

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-02 सन् 2019)†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-02 सन् 2019) को सदन के पटल पर रखता हूँ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-03 सन् 2019)†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-03 सन् 2019) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश, 2009 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-04 सन् 2019)†

गन्ना विकास एवं चीनी मिले एवं औद्योगिक विकास मंत्री (श्री सुरेश राणा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश गन्ना (पूर्ति तथा खरीद विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-04 सन् 2019) को सदन के पटल पर रखता हूँ।

लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड का वार्षिक विवरण वित्तीय, वर्ष 2016-17††

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड का वार्षिक विवरण वित्तीय, वर्ष 2016-17 तथा दिनांक 31-03-2018 को समाप्त होने वाले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट के समीक्षा अभिकथन को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-394(2) की अपेक्षानुसार विलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूँ।

लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड का वार्षिक विवरण वित्तीय, वर्ष 2017-18††

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड का वार्षिक विवरण वित्तीय, वर्ष 2017-18 तथा दिनांक 31-03-2017 को समाप्त होने वाले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट के समीक्षा अभिकथन को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-394(2) की अपेक्षानुसार विलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूँ।

(घोर व्यवधान के मध्य)

---

† छापे नहीं गये

†† छापी नहीं गयी।

[02:10] उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण (चौदहवां संशोधन) नियमावली, 2019†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या 01/2019/39-84-2-2019 सी0पी0 25-2017, दिनांक 21 फरवरी, 2019 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण (चौदहवां संशोधन) नियमावली, 2019 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा-31(2) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सूचना आयोग की वार्षिक प्रतिवेदन 2017-18 (01-04-2017 से 31-03-2018)††

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश सूचना आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन-2017-18 (01-04-2017 से 31-03-2018) को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-25 की उपधारा (4) की अपेक्षानुसार विलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूँ।

लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन 2017 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित)††

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन 2017 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) को उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 की धारा-12 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूँ।

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुई वर्ष के लिए मदिरा के उत्पादन और बिक्री के मूल्य निर्धारण (राज्य आबकारी विभाग) का प्रतिवेदन††

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुई वर्ष के लिए मदिरा के उत्पादन और बिक्री के मूल्य निर्धारण (राज्य आबकारी विभाग) का प्रतिवेदन उत्तर प्रदेश सरकार वर्ष 2019 का प्रतिवेदन संख्या-1 को संविधान के अनुच्छेद-151(2) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूँ।

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन (आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र) 31 मार्च, 2017††

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन (आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र) 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश सरकार

---

† छापे नहीं गये।

†† छापे नहीं गये।

वर्ष 2018 का प्रतिवेदन संख्या-4 को संविधान के अनुच्छेद-151(2) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूँ।

लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश का विशेष प्रतिवदेन संख्या-1-2007 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित)†

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश का विशेष प्रतिवदेन संख्या-1-2007 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) को उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 की धारा-12 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूँ।

श्री राकेश प्रताप सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, मा0 नेता विरोधी दल जी का माईक चालू करा दीजिए।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता प्रतिपक्ष का माईक क्यों बंद हुआ है, इसको देख लिया जाये।

श्री राज्यपाल महोदय द्वारा समवेत सदनों के समक्ष दिये गये अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के स्वीकृत होने पर उसका सन्देश

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-15 में श्री राज्यपाल जी का एक संदेश प्राप्त हुआ है। मैं उसे पढ़कर सुनाता हूं :-

प्रिय श्री हृदय नारायण दीक्षित जी,

दिनांक 26 मार्च, 2019 को आपने राजभवन आकर उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 05 फरवरी, 2019 को राज्यपाल के अभिभाषण पर पारित धन्यवाद प्रस्ताव मुझे व्यक्तिगत रूप से हस्तगत कराया है। मैं, आपको इस सद्भावना के लिये धन्यवाद देती हूँ।

(इसी मध्य वेल में उपस्थित सदस्य 'नेता प्रतिपक्ष का माईक चालू करो, चालू करो' के नारे लगाने लगे जिससे व्यवधान जारी रहा)

[02:13] किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2018

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि-

(1) किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2018, जिसे संविधान के अनुच्छेद-197(1) सपठित प्रक्रिया नियमावली के नियम-150(1) के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 21 दिसम्बर, 2018 के उपवेशन के उसी रूप में पुनः पारित किया, जिस रूप में यह विधेयक उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 31 अगस्त,

† छापी नहीं गयी।

2018 के उपवेशन में मूलतः पारित किया गया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 14 फरवरी, 2019 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 18 फरवरी, 2019 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का दूसरा अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि-

(2) उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 18 फरवरी, 2019 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 21 फरवरी, 2019 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 27 फरवरी, 2019 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का तीसरा अधिनियम बन गया।

दण्ड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2018

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि-

(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2018, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 अगस्त, 2018 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 31 अगस्त, 2018 को बैठक में पारित किया था, पर राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 01 जून, 2019 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का चौथा अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

इसमें कुछ नहीं है।

[02:14] श्री रोशन लाल वर्मा, सदस्य विधान सभा की जनपद शाहजहांपुर से सम्बन्धित 2 याचिकायें†

श्री रोशन लाल वर्मा-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से गाटा संख्या-291, 296, 297 तथा 298 कस्बा-निगोही, तहसील-तिलहर, जनपद-शाहजहांपुर के खातेदारों को उनकी जमीन का प्रचलित नियमावली की वर्तमान दर से मुआवजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में श्री सुशील कुमार पुत्र

† छापी नहीं गयी।

स्व0 श्याम सुन्दर व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहांपुर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करता हूँ।

2-जनपद शाहजहांपुर के ब्लाक निगोही के अंतर्गत ग्राम-पचदेवरा से खिरिया रसूलपुर तक कच्चे गड्ढ़ायुक्त मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुधीर कुमार व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहांपुर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करता हूँ।

[02:15] श्री मूलचन्द्र सिंह निरंजन, सदस्य विधान सभा की जनपद जालौन से सम्बन्धित याचिकायें†

श्री मूलचन्द्र सिंह निरंजन'

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र-219, माधौगढ़ की तहसील कोच के अन्तर्गत कोच नगर में आबादी भाग (मारकण्डेश्वर तिराहे से पंचानन तक) की सड़क निर्माण/चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रदीप कुमार गुप्ता व अन्य निवासीगण जनपद जालौन द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करता हूँ।

2-जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र-219, माधौगढ़ के अन्तर्गत विकास खण्ड-रामपुरा में ग्राम-जगम्मनपुर में आबादी भाग की सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम लखन व अन्य निवासीगण जनपद जालौन द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करता हूँ।

3-जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र-219, माधौगढ़ के अन्तर्गत विकास खण्ड-रामपुरा में यमुना नदी जुहीखा घाट एप्रोच की सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम कुमार गुप्ता व अन्य निवासीगण जनपद जालौन द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करता हूँ।

(समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के माननीय सदस्य वेल से सरकार विरोधी नारे लगाते रहे, जिससे सदन में व्यवधान बना रहा)

श्री राकेश प्रताप सिंह-

(वेल से)

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता विरोधी दल का माइक बंद कर दिया गया है। कृपया इसे चालू करवा दीजिये।

श्री अध्यक्ष-

देखिये माननीय नेता प्रतिपक्ष जी का माईक क्यों बंद है।

नेता विरोधी दल का माइक बंद होने की शिकायत पर श्री अध्यक्ष द्वारा दिखवाने के निर्देश

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

माननीय अध्यक्ष जी, अब आपके हस्तक्षेप करने से माइक चालू हुआ है। वह कौन सी ऐसी शक्ति है कि जिससे बिना आपके हस्तक्षेप के नेता विरोधी दल का माइक बंद हो जाये।

---

† छापी नहीं गयी।

जो भी यह शक्ति है उसको दण्डित करें। यह लोकतंत्र है और लोकतंत्र का मजाक विधान सभा में क्यों उड़ाया जा रहा है। आपके निर्देश के बिना मेरा माइक कैसे बंद कर दिया गया। सरकार कानून-व्यवस्था का जवाब नहीं दे रही है, शर्म नहीं कर रही है और इस्तीफा नहीं दे रही है इसलिये मैं आपने दल के सदस्यों के साथ सदन का बहिष्कार करता हूँ।

(समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बर्हिगमन कर गये, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य वेल से सरकार विरोधी नारे लगाते रहे जिससे व्यवधान बना रहा)

श्री बाबू राम पासवान, सदस्य विधान सभा की जनपद पीलीभीत से सम्बन्धित 2 याचिकायें†

श्री बाबूराम पासवान-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से जनपद पीलीभीत के ब्लाक पूरनपुर के अन्तर्गत ग्राम कबीरपुर कंसगजा से चकपुर, तहसील-अजीतपुर बिलहा, शाहजहांपुर सीमा तक गड्ढ़ायुक्त कच्चे मार्ग का डामरीकरण कराये जाने व पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बलवन्त कुमार व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करता हूँ।

2-जनपद पीलीभीत के ब्लाक पूरनपुर के अन्तर्गत ग्राम रमपुरा के गुरुद्वारा के पास से ग्राम पिपरिया मजरा के राधास्वामी सत्संग आश्रम तक 6.0 किमी गड्ढायुक्त कच्चे मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुच्चा सिंह व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करता हूँ।

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

(वेल से)

माननीय अध्यक्ष जी, कांग्रेस विधान मण्डल के नेता को अरेस्ट किया गया है लेकिन इस पर सरकार का जवाब नहीं आया है। प्रदेश में प्रजातंत्र की हत्या हो रही है और सरकार जवाब देने से भाग रही है। मेरा आपसे अनुरोध है कि कृपया इस घटना पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी जवाब दिलवा दीजिये।

श्री अध्यक्ष-

माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी जवाब दे रहे थे लेकिन समाजवादी पार्टी के लोग बीच में आकर व्यवधान करने लगे। अब हम आगे बढ़ गये हैं।

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

(वेल से)

माननीय अध्यक्ष जी, लोकतंत्र की हत्या की जा रही है और इस सदन के माननीय सदस्य को बिना किसी वजह के अरेस्ट किया गया है। हमारी राष्ट्रीय नेता को भी अरेस्ट कर लिया

---

† छापी नहीं गयी।

गया है जबकि यह शांतिपूर्ण तरीके से जा रही थी। इस गंभीर घटना पर सरकार का जवाब न आने के कारण मैं अपने दल के सदस्यों के साथ सदन से बर्हिगमन करती हूँ।

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्य श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' अपने दल के सदस्यों सहित सदन से बहिर्गमन कर गयी)

श्री अध्यक्ष-

इसमें कुछ नहीं है।

[02:20] कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन का कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

अब मैं कार्य-मंत्रणा समिति को सिफारिश पढ़ रहा हूं।

श्री लाल जी वर्मा-

माननीय अध्यक्ष जी, कृपया मुझे सुन लीजिये। यह मेरे क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण मामला है।

श्री अध्यक्ष-

वर्मा जी, आप अपनी बात बाद में रख लीजियेगा, क्योंकि मैं कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश पढ़ने के लिए खड़ा हो गया हूँ। विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 17 जुलाई, 2019 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 18 जुलाई, 2019 से दिनांक 26 जुलाई, 2019 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की है। तद्नुसार 18 जुलाई, 2019 से दिनांक 26 जुलाई, 2019 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नवत् है :-

18 जुलाई, 2019	गुरुवार	-	निधन के निदेश
19 जुलाई, 2019	शुक्रवार	-	औपचारिक कार्य, अध्यादेश, अधिसूचनायें नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरस्थापन 2-असरकारी दिवस (आधा) अन्य सरकारी कार्य यदि कोई हों।
20 जुलाई, 2019 शनिवार एवं 21 जुलाई, 2019 दिन रविवार को बैठक नहीं होगी।			
22 जुलाई, 2019	सोमवार	-	निधन के निदेश, विधायी कार्य, अन्य कार्य यदि कोई हों
23 जुलाई, 2019	मंगलवार	-	वित्तीय वर्ष 2019-20 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतीकरण, विधायी कार्य

24 जुलाई, 2019	बुधवार	-	वित्तीय वर्ष 2019-20 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार और मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुरस्थापन, उस पर विचार और उसका पारण 2-विधायी कार्य
25 जुलाई, 2019	गुरुवार	-	विधायी कार्य, अन्य कार्य
26 जुलाई, 2019	शुक्रवार	-	विधायी कार्य, असरकारी दिवस

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, से सदन सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिशों के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव मा0 संसदीय कार्यमंत्री जी ने आज सदन में प्रस्तुत किया है उससे यह सदन सहमत है।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, मुझे अभी-अभी सूचना मिली है कि मेरी टाण्डा विधान सभा क्षेत्र में अम्बेडकर नगर के श्री रामचन्द्र जायसवाल जी बी0एस0पी0 कार्यकर्ता हैं इनकी आज ही अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी है। मैं चाहता हूँ कि इस पर सरकार तत्काल कार्यवाही करे।

श्री अध्यक्ष-

सरकार के पास अभी तो इसकी सूचना नहीं होगी, लेकिन आपने कह दिया है तो संसदीय कार्य मंत्री जी इसका संज्ञान लेंगे क्योंकि सूचना तो अभी आपके पास आई है।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, लेकिन उस पर कार्यवाही तो हो क्योंकि अपराधी तो अपराधी हैं उनको पकड़ने की कार्यवाही तो होनी चाहिए। इतना संसदीय कार्य मंत्री जी नहीं कहेंगे तो कैसे काम चलेगा ?

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, हम इसको दिखवा लेंगे।

[02:21] उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2019†

कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

---

† दिनांक 16-08-2019 के आसाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट ने छापा है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करता हूं।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा अधिकरण विधेयक, 2019[††]

कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करता हूं।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा अधिकरण विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा अधिकरण विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा अधिकरण विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-28 हो चुकी है।

श्री शैलेन्द्र यादव 'ललई'-

मान्यवर, इस पर मेरा सुन लीजिए।

श्री संजय गर्ग-

मान्यवर, मेरा भी सुन लीजिए।

श्री अध्यक्ष-

शेष नियम-56 को सुनने के बाद जो पहला वाला था, हमने निरस्त कर दिया था। उस समय आप लोग शोर में सुन नहीं पाये होंगे। नियम-56 पर ग्राह्ता पर जो चर्चा हुई उसको और उसके अलावा शेष सूचनाओं को हमने उसी समय निरस्त कर दिया था। आगे दे दीजिएगा जिससे आगे की नोटिस में आ जायेगा। हमने आश्वासन दे दिया है तो आगे ले लेंगे।

---

†† दिनांक 16-08-2019 के आसाधरण गजट के विधायी परिशिष्ट छापा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्मारक विश्वविद्यालय घोषित करते हुये केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने विषयक डा0 नीरज बोरा द्वारा दिनांक 19 मई, 2017 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

डा0 नीरज बोरा-

मान्यवर, ''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि भारतीय स्वातंत्र्य समर में उल्लेखनीय योगदान तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्मारक विश्वविद्यालय घोषित करते हुए केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद-फिरोजाबाद के विश्व प्रसिद्ध कांच उद्योग में गर्म कॉच की भट्ठियो एवं बर्नरो पर काम करने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिये एक विशिष्ट स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किये जाने विषयक श्री मनीष असीजा द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत संस्करण पर जारी चर्चा

श्री मनीष असीजा-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद-फिरोजाबाद के विश्व प्रसिद्ध कॉच उद्योग में गर्म कॉच की भट्ठियों एवं बर्नरो पर काम करने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किया जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद कुशीनगर के सेवरही दुदही एवं तमकुहीराज के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को जनहित में संयुक्त चिकित्सालय का दर्जा प्रदान कर सारी चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान किये जाने विषयक श्री अजय कुमार लल्लू द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री अध्यक्ष-

श्री अजय कुमार लल्लू जी नहीं हैं। इसको ड्राप करते हैं।

श्री सुखदेव राजभर-

माननीय अध्यक्ष जी, उनकी तबियत खराब है। उनके संकल्प प्रस्ताव पर चर्चा को आगे के लिए जारी रख दें।

श्री अध्यक्ष-

तो उन्होंने आपसे पूछ लिया है।

श्री सुखदेव राजभर-

उनके बगल में बैठते हैं इतना तो हम बोल ही सकते हैं।

श्री अध्यक्ष-

नेता कांग्रेस कह रही हैं कि उनकी गिरफ्तारी हुयी है और आप बता रहे हैं कि वह बीमार हैं।

श्री सुखदेव राजभर-

मान्यवर, वह पड़ोसी हैं उनका जारी कर दें।

श्री अध्यक्ष-

चलिये राजभर जी की बात हम लोग काट नहीं सकते, माननीय अध्यक्ष रहे हैं। इस संकल्प पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र-131 कटरा के अन्तर्गत ग्रामीण युवाओं के लिये स्पोर्ट्स स्टेडियम की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस'-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद-शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र-131, कटरा के अन्तर्गत ग्रामीण युवाओं के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम की स्थापना करायी जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद फिरोजाबाद में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु 400 के0वी0 क्षमता के विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष असीजा, द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री मनीष असीजा-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद-फिरोजाबाद में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु 400 के0वी0 क्षमता के विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना करायी जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद प्रतापगढ़ के गरीब बेरोजगारों के पलायन को रोकने हेतु उद्योग/लघु उद्योग तथा कुटीर उद्योग की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में डा0 आर0के0 वर्मा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

डा0 आर0के0 वर्मा-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद-प्रतापगढ़ के गरीब बेरोजगारों के पलायन को रोकने हेतु उद्योग/लघु उद्योग तथा कुटीर उद्योग की स्थापना की जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, जो संकल्प प्रस्ताव पहले आ चुका है। उनको आप अपने स्तर से ही जारी करने की बात कर दें क्योंकि उसमें रहना जरूरी नहीं है। आप भी जारी रख सकते हैं। जो नया प्रस्ताव है उस पर आप देख लें।

श्री अध्यक्ष-

एक लाइन बोल लेते हैं तो फोटो आ जाता है।

श्री लाल जी वर्मा-

इस पर आलरेडी चर्चा जारी है।

श्री अध्यक्ष-

जारी तो तभी हो पायेगा जब कन्टेंट आयेगा।

जनपद कुशीनगर के तमकुहीराज विधान सभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर के मनझरिया स्केप व सिद्धपुरा स्केप को नहर का स्वरूप देते हुये पक्का कराये जाने विषयक श्री अजय कुमार लल्लू द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री अध्यक्ष-

यह श्री अजय कुमार लल्लू जी का है। इस पर चर्चा जारी रहेगी।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी जनपद के माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की एक अन्य खण्डपीठ की स्थापना किये जाने विषयक श्री संजय गर्ग द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री संजय गर्ग-

मान्यवर, ''यह सदन केन्द्र सरकार के सिफारिश करता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के निवासियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाये जाने हेतु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी जनपद के माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की एक अन्य खण्डपीठ की स्थापना की जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र-131 कटरा के अन्तर्गत नगर पंचायत कटरा को नगर पंचायत बनाये जाने विषयक श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प (निरस्त)

श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस'-

मान्यवर, मैं इस संकल्प को वापस लेता हूं।

श्री अध्यक्ष-

तो ठीक है, यह ड्राप हो गया।

प्रदेश के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले आवास विहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराये जाने विषयक श्रीमती नीलम करवरिया द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्रीमती नीलम करवरिया-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले आवास विहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाये।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद फिरोजाबाद में बड़ी संख्या में कैंसर रोग से पीड़ित नागरिकों को उपचार हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में एक कैंसर अस्पताल/विंग/यूनिट की स्थापना कराये जाने विषयक श्री मनीष असीजा द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री मनीष असीजा-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद-फिरोजाबाद में बड़ी संख्या में कैंसर रोग से पीड़ित नागरिकों को उपचार हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में एक कैंसर अस्पताल/विंग/यूनिट की स्थापना करायी जाये।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

औद्योगिक रूप से पिछड़े जनपद गोरखपुर में नये उद्योगों की स्थापना के लिये पूर्व मुख्य मंत्री द्वारा बनाई गई नीति गीडा के अन्तर्गत नये उद्योगों के लिये भूमि अधिग्रहीत कर उपलब्ध कराये जाने विषयक श्री फतेह बहादुर सिंह द्वारा दिनांक 21 दिसम्बर, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री फतेह बहादुर सिंह-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि औद्योगिक रूप से पिछड़े जनपद गोरखपुर के नये उद्योगों की स्थापना के लिये पूर्व मुख्य मंत्री द्वारा बनाई गई नीति गीडा के अन्तर्गत नये उद्योगों के लिये भूमि अधिग्रहीत कर उपलब्ध करायी जाये।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद झांसी के गुरुसराय कस्बे में एक राजकीय महाविद्यालय की स्थापना कराये जाने विषयक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा दिनांक 21 दिसम्बर, 2018 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री जवाहर लाल राजपूत-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद झांसी के गुरुसराय कस्बे में एक राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा के अन्तर्गत एक उप मण्डी की स्थापना कराये जाने विषयक श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 2019 को प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस'-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद-शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा के अन्तर्गत एक उप मण्डी की स्थापना कराई जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

खेती में प्रयोग किये जा रहे खतरनाक रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों से होने वाले भयंकर रोगों जैसे कैंसर, हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं पक्षाघात की जागरूकता विषयक जानकारी शिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल किये जाने विषयक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री जवाहर लाल राजपूत-

मान्यवर, ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि खेती में प्रयोग किये जा रहे खतरनाक रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों से होने वाले भयंकर रोगों जैसे कैंसर, हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं पक्षाघात की जागरूकता विषयक जानकारी शिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल की जाय।''

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इस पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद-प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र-सोरांव में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु 25 पानी की टंकियां स्थापित कराये जाने विषयक डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज द्वारा प्रस्तुत संकल्प (व्यपगत)

(डा0 जमुना प्रसाद सरोज का नाम पुकारे जाने एवं उनके अनुपस्थित रहने पर)

श्री अध्यक्ष-

श्री जवाहर लाल राजपूत जी अपना संकल्प प्रस्तुत करें।

ऊर्जा विभाग एवं पावर कम्पनियों द्वारा बिना किसी अनुबन्ध के किसानों की जमीनों से हाईटेंशन लाइनें बिछा कर करोड़ों की कमाई कराने के एवज में सम्बन्धित किसानों को मासिक किराया, मुफ्त बिजली कनेक्शन एवं विद्युत दुर्घटना में समुचित मुआवजा दिलाये जाने विषयक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री जवाहर लाल राजपूत-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से यह संकल्प प्रस्तुत करता हूं कि ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में ऊर्जा विभाग एवं पावर कम्पनियों द्वारा बिना किसी अनुबन्ध के किसानों की जमीनों से हाईटेंशन लाइनें बिछा कर करोड़ों की कमाई करने के एवज में सम्बन्धित किसानों को मासिक किराया, मुफ्त बिजली कनेक्शन एवं विद्युत दुर्घटना में समुचित मुआवजा दिलाया जाय।''

श्री अध्यक्ष-

इस संकल्प पर चर्चा जारी रहेगी।

लखनऊ-सीतापुर रेल प्रखण्ड पर भिठौली के पास पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अण्डरपास का निर्माण कराये जाने विषयक डा0 नीरज बोरा द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

डा0 नीरज बोरा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से यह संकल्प प्रस्तुत करता हूं कि ''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि जनहित में लखनऊ-सीतापुर रेल प्रखण्ड पर भिठौली के पास पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अण्डरपास का निर्माण करवाया जाय।''

श्री अध्यक्ष-

इस संकल्प पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद-बांदा के विधान सभा क्षेत्र तिन्दवारी की तहसील पैलानी के ग्राम-जसपुरा में एक फायर स्टेशन की स्थापना कराये जाने विषयक श्री बृजेश कुमार प्रजापति द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री बृजेश कुमार प्रजापति-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से यह संकल्प प्रस्तुत करता हूं कि ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद-बांदा के विधान सभा क्षेत्र तिन्दवारी की तहसील फैलानी के ग्राम-जसपुरा में एक फायर स्टेशन की स्थापना कराई जाय।''

श्री अध्यक्ष-

इस संकल्प पर चर्चा जारी रहेगी।

जनपद-वाराणसी के सेवापुरी में गंगातीरी गायों के उपचार हेतु पशु चिकित्सालय का निर्माण कराये जाने विषयक श्री नीलरतन सिंह 'नीलू' द्वारा प्रस्तुत संकल्प पर जारी चर्चा

श्री नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू'-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से यह संकल्प प्रस्तुत करता हूं कि ''इस सदन का सुनिश्चत मत है कि जनपद-वाराणसी के सेवापुरी में गंगातीरी गायों के उपचार हेतु पशु चिकित्सालय का निर्माण कराया जाय।''

श्री अध्यक्ष-

इस संकल्प पर चर्चा जारी रहेगी।

अब हम नियम-51 की सूचनायें लेते हैं।

[02:23] नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 19-07-2019 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 68 सूचनायें प्राप्त हुईं। जो वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुयीं :-

पहली सूचना डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल की जनपद गोरखपुर में सीवर सिस्टम डालने में की गई अनियमितताओं के सम्बन्ध में है।

दूसरी सूचना श्री मनीष असीजा की जनपद फिरोजाबाद में नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में हैं।

तीसरी सूचना श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव की जनपद लखनऊ में नगर निगम सीमा के अन्तर्गत आवासीय कालोनियों के बीच चल रही डेयरियों से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है।

चौथी सूचना श्री राजीव तरारा की जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र धनौरा के बछरायूं में अवैध रूप से संचालित स्लाटर हाउस को बन्द कराये जाने के सम्बन्ध में है।

पांचवीं सूचना श्री संजय गर्ग की जनपद सहारनपुर में शहर के बीचों-बीच स्थित बस अड्डों को शहर के बाहर किये जाने के सम्बन्ध में है।

छठवीं सूचना श्री राकेश प्रताप सिंह की जनपद अमेठी के विकास खण्ड गौरीगंज व विकास खण्ड मुसाफिरखाना में 14वें वित्त आयोग की धनराशि आवंटन में की गई अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है।

निम्नलिखित सूचनायें केवल वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुयीं :-

पहली सूचना श्री श्याम सुन्दर शर्मा की जनपद नोएडा में महाप्रबन्धक (अधिशासी अभियंता) के पद पर तैनात श्री प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा की जा रही अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है।

दूसरी सूचना श्री मनोज कुमार पाण्डेय की जनपद रायबरेली के विकास खण्ड ऊंचाहार में कल्याणी से अड्डा सड़क मार्ग तथा अन्य कतिपय मार्गों का निर्माण/मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में है।

तीसरी सूचना श्री शैलेन्द्र यादव 'ललई' की जनपद जौनपुर की विधान सभा क्षेत्र शाहगंज में राजकीय पुरुष चिकित्सालय की बाउन्ड्रीवाल तोड़ने के प्रकरण में दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के सम्बन्ध में है।

चौथी सूचना श्री अनिल सिंह की जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र पुरवा के विकास खण्ड बिछिया के अन्तर्गत कतिपय मार्गों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है।

निम्नलिखित सूचनायें ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत हुयीं :-

पहली सूचना श्री सीताराम वर्मा की जनपद सुल्तानपुर के अन्तर्गत कटका से मायंग मार्ग पर स्थित रामगंज बाजार से नन्दापुर-रतापुर मार्ग एवं नाली का निर्माण/मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में है।

दूसरी सूचना डा0 अनीता लोधी राजपूत की जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र डिबाई के नरौरा में राजकीय कन्या इण्टर कालेज में मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में है।

तीसरी सूचना डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी की जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील डुमरियागंज में राप्ती नदी पर बने पुल के एप्रोच बोल्डरिंग तथा पक्के ठोकर बनाये जाने के सम्बन्ध में है।

चौथी सूचना श्री भूपेश चौबे की जनपद सोनभद्र के कतिपय विभागों में अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में है।

पांचवीं सूचना श्री देवेन्द्र कुमार निम की जनपद सहारनपुर के रामपुर मनिहारन में हिंडन नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है।

छठवीं सूचना श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले) की जनपद मेरठ के विधान सभा क्षेत्र कैन्ट में नालों की सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में है।

सातवीं सूचना डा0 डी0सी0 वर्मा की जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र मीरगंज के अन्तर्गत विभिन्न नदियों पर कटान की रोकथाम किये जाने के सम्बन्ध में है।

आठवीं सूचना श्रीमती सुषमा पटेल की जनपद जौनपुर के थाना सुजानगंज अन्तर्गत ग्राम सभा सर्वेमऊ, निवासिनी एकता तिवारी का दिनांक 24-04-2019 को अपहरण के उपरान्त पुलिस द्वारा कार्रवाई किये जाने के प्रकरण की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है।

नौवीं सूचना श्री राम चन्द्र यादव की जनपद अयोध्या के अन्तर्गत अमानीगंज-सैदपुर-कामाख्या मार्ग पर बेतवा नाले पर रपटा पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है।

दसवीं सूचना श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा की जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के अन्तर्गत सड़कों का चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में है।

ग्यारहवीं सूचना श्री महेन्द्र प्रताप सिंह की चिकित्सा विभाग द्वारा पी0एच0सी0 के प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति सी0एच0सी0 पर किये जाने में की गई अनियमितता की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है।

बारहवीं सूचना श्री तसलीम अहमद की जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के चन्दनपुरा में कतिपय मार्गों का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में है।

तेरहवीं सूचना डा0 नीरज बोरा की लखनऊ विकास प्राधिकरण की जानकीपुरम योजना में जलभराव समस्या के सम्बन्ध में है।

चौदहवीं सूचना श्री रमेश चन्द्र मिश्रा की जनपद जौनपुर के पहितियापुर में पीली नदी के किनारे स्थित बहरा पार्क के सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में है।

पन्द्रहवीं सूचना पंडित राधाकृष्ण शर्मा की जनपद बदायूं के तहसील बिलसी में परिवहन डिपो की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में है।

निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनायें अस्वीकार की गईं :-

क्रम	नाम	क्रम	नाम
1	श्री अनिल कुमार मौर्य	23	श्री आजाद अरिमर्दन
2	श्री दयाराम चौधरी	24	श्री हरीराम
3	श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही	25	श्री राम नरेश रावत
4	श्री महेन्द्र पाल सिंह	26	श्री विरेन्द्र कुमार यादव
5	डा0 श्याम बिहारी लाल	27	श्री आशुतोष उपाध्याय
6	श्री अवस्थी बाला प्रसाद	28	श्री संजय प्रताप जायसवाल
7	श्री प्रभात कुमार वर्मा	29	श्री वीरेन्द्र सिंह राणा
8	श्री योगेश वर्मा	30	श्री राम प्रताप सिंह
9	श्री रजनीकान्त मणि त्रिपाठी	31	श्री विपिन कुमार डेविड
10	श्री अगयश राम सरन वर्मा	32	श्री वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस'
11	श्री संजय	33	डा0 आर0 के0 वर्मा
12	श्रीमती विमला सिंह सोलंकी	34	श्री अमिताभ बाजपेयी
13	श्री जवाहर लाल राजपूत	35	श्री बम्बा लाल
14	श्री पूरन प्रकाश	36	श्री मसूद अख्तर
15	श्री प्रमोद उटवाल	37	श्री नरेश सैनी
16	श्रीमती अनीता कमल	38	श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'
17	श्री नफीस अहमद	39	श्री असलम अली
18	श्री उमाशंकर सिंह	40	श्री बृजभूषण राजपूत
19	श्री रोशन लाल वर्मा	41	श्री रवीन्द्र जायसवाल
20	श्री लालजी वर्मा	42	श्री महेश त्रिवेदी
21	श्री राम अचल राजभर	43	डा0 अरूण कुमार
22	श्री हाकिम लाल बिन्द		

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा की गई पी0सी0एस0 2015 की भर्ती की सी0बी0आई0 जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य (स्थगित)

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मेरा अनुरोध है कि यह वक्तव्य स्थगित रहेगा।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है।

जनपद श्रावस्ती के तहसील भिनगा के ग्राम दयाली में राप्ती नदी के किनारे खनन हेतु की गई ई-टेण्डरिंग में हुयी अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री श्याम धनी द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, शासनादेश सं0-1875/86-2017-57 (सा)/2017 टी0सी0, दिनांक 14-08-2017 के अन्तर्गत प्रदेश में नदी जल में उपलब्ध बालू, मौरंग, बजरी आदि...

श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय मंत्री (श्री स्वामी प्रसाद मौर्य)-

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाये।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(मुख्य मंत्री का वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

[के क्षेत्रों को ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से परिहार पर स्वीकृत करने के निर्देश पर जनपद में उपलब्ध बालू खनन क्षेत्रों के भूखण्डों की जांच सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/तहसीलदार से कराकर प्राप्त आख्या/सूचना के आधार पर ई-निविदा सह ई-नीलामी की कार्यवाही की गयी है।

ग्राम-दयाली, तहसील-भिनगा, जिला-श्रावस्ती में स्थित गाटा सं0-117 व 118 के सम्बन्ध में 05 वर्षीय बालू खनन पट्टों के व्यवस्थापन से पूर्व तहसील स्तर से जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट प्राप्त की गयी थी। उप जिलाधिकारी भिनगा की आख्या दिनांक--27-07-2017 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ग्राम-दयाली, परगना व तहसील-भिनगा, जनपद-श्रावस्ती में स्थित खतौनी खाता सं0-611 की गाटा सं0-117/17.288 हे0 व 118/3.338 हे0 पानी दर्ज अभिलेख है, जिस पर पूर्व में राप्ती नदी बह रही थी। वर्तमान में दोनों गाटा संख्या समतल है तथा राप्ती नदी अलग (उत्तर तरफ) बह रही है, जिसमें बालू उपलब्ध है।

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

उपरोक्त बालू क्षेत्र के सम्बन्ध में 04 सदस्यीय टीम गठित कर जिलाधिकारी कार्यालय के आदेश सं0-106/ई-टेण्डर/2017, दिनांक-21-12-2017 के द्वारा संयुक्त जांच भी करायी गयी है, जिसके अन्तर्गत दिनांक-22-12-2017 को अधिकारियों द्वारा स्थलीय जांच कर संयुक्त जांच आख्या पत्र सं0-180/डी0एल0आर0सी0-जांच-2017, दिनांक-22-12-2017 प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त जांच आख्या के बिन्दु सं0-2 में स्पष्ट रूप से उल्लिखित किया गया है कि ग्राम-दयाली में उपलब्ध साधारण बालू की गुणवत्ता/क्वालिटी नदी तल में उपलब्ध अन्य ब्लाकों से अच्छी है जिसके कारण बाजार में इस क्षेत्र के बालू/मोरम की मांग अधिक होने के कारण, इसका बाजार में मूल्य ग्राम कोड़री, डेहरिया एवं ग्राम-मनिकौरा, कोड़री में उपलब्ध साधारण बालू/मोरम से अधिक है।

उक्त के अतिरिक्त ई-निविदा सह ई-नीलामी की शर्तों में यह स्पष्ट उल्लिखित है कि निविदा में भाग लेने से पूर्व बोलीदाता द्वारा स्वयं स्थल का निरीक्षण किया जायेगा।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि ग्राम-दयाली, तहसील-भिनगा, जिला-श्रावस्ती में स्थित गाटा सं0-117 व 118 में बालू उपलब्ध है। क्षेत्र में बालू उपलब्धता के दृष्टिगत शासनादेश दिनांक 14-08-2017 के अन्तर्गत बालू खनन पट्टा 05 वर्ष (दीर्घकालीन) के लिये ई-निविदा सह ई-नीलामी के माध्यम से उत्तर प्रदेश खनिज (परिहार) नियमावली-1963 के अध्याय-4 के अन्तर्गत निविदा का प्रकाशन दिनांक 24-12-2017 को कराकर ई-निविदा सह ई-नीलामी की कार्यवाही नियमतः की गयी है। विज्ञप्ति के बिन्दु सं0-21 के प्रस्तर (2) एवं लेटर ऑफ इन्टेंट दिनांकित 07-02-2018 के प्रस्तर-2 का श्रीमती आरती सिंह द्वारा जानबूझ कर उल्लंघन किये जाने की स्थिति में श्रीमती आरती सिंह, मे0 जय अम्बे सप्लायर्स की अर्नेस्टमनी रु0-67,02,150.00 सरकार के पक्ष में जिलाधिकारी द्वारा जब्त कर लिया गया है।

इस प्रकार जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार कायवाही किये जाने के कारण शिकायत निराधार है।]

जनपद रायबरेली के ग्राम बल्ला हरचन्दपुर नवोदय मार्ग पर 400 के0वी0 विद्युत गृह स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में श्री राकेश सिंह द्वारा, नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर ऊर्जा मंत्री का वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, 400 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र रायबरेली एवं तत्सम्बन्धी लाइनों का निर्माण माह दिसम्बर, 2016 में स्वीकृत किया गया।....

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाये।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(ऊर्जा मंत्री का वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

[जिसकी स्वीकृत लागत 375.28 करोड़ है। उक्त उपकेन्द्र निर्माण हेतु आवश्यक भूमि के क्रय हेतु माह अगस्त, 2017 में जनपद रायबरेली में ग्राम कसेहटी परगना एवं तहसील सदर स्थित भूमि का चयन किया गया था। तदोपरान्त मा0 विधायक, हरचन्दपुर विधान सभा क्षेत्र द्वारा माह सितम्बर, 2017 में ग्राम बावन बल्ला बुजुर्ग में नवोदय विद्यालय मार्ग पर पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने से अवगत कराया गया। इस तथ्य के दृष्टिगत कि उपकेन्द्र निर्माण हेतु चयनित भूमि पर सम्पूर्ण परियोजना की लागत सापेक्षतः न्यून हो, उपकेन्द्र के निर्माण हेतु माह जनवरी, 2018 में ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला, तहसील महाराजगंज स्थित भूमि का चयन किया गया। जिलाधिकारी, रायबरेली द्वारा जिला भूमि क्रय समिति के निर्णय से अवगत कराते हुये पत्रांक-1456/एसटी-एडीएम (वि0स0)/भूमि/विद्युत/2018, दिनांक 06-07-2018 द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि भविष्य में ग्राम समाज की भूमि प्राप्त होने की दशा में संस्तुति प्रेषित की जायेगी। तत्पश्चात् जिलाधिकारी, रायबरेली द्वारा माह जुलाई, 2018 (पत्रांक-173/डी0एल0आर0सी0/2018, दिनांक 18-07-2018) में इस उपकेन्द्र के निर्माण हेतु तहसील सलोन के ग्राम सिरसिरा में भूमि की उपलब्धता से अवगत कराया गया।

अवगत कराना है कि उपकेन्द्र के निर्माण हेतु भूमि का चयन ''भूमि चयन समिति'' द्वारा किया जाता है एवं उक्त समिति की अनुशंसा पर तकनीकी एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण के आधार पर उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 द्वारा उपकेन्द्र स्थल को स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस प्रकरण में भूमि चयन समिति द्वारा तहसील मलोन के ग्राम सिरसिरा में उपलब्ध भूमि पर उपकेन्द्र निर्माण के सम्बन्ध में स्पष्ट समिति की आख्या दिनांक 20-07-2018 का परीक्षण निदेशकों की समिति द्वारा कराया गया। भूमि चयन संस्तुति न होने के कारण मुख्य अभियन्ता (विद्युत) एवं मुख्य अभियन्ता (जनपद) को स्थलीय निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य अभियन्ता (विद्युत) एवं मुख्य अभियन्ता (जनपद) द्वारा क्रमशः दिनांक 21-07-2018 तथा दिनांक 22-07-2018 को प्रस्तुत आख्या पर निदेशकों की समिति द्वारा यह मत स्थिति किया गया कि उपकेन्द्र के निर्माण हेतु भूमि के चयन का वस्तुनिष्ठ आधार तकनीकी एवं वाणिज्यिक है एवं चयनित भूमि उपलब्ध समस्त विकल्पों के सापेक्ष अनुकूलतम होना चाहिए। समिति द्वारा यह मत भी स्थिति किया गया कि प्रश्नगत उपकेन्द्र की ग्राम सिरसिरा स्थित भूमि पर निर्माण की स्थिति में सम्बन्धित पारेषण लाइनो का अभिविन्यास इस प्रकार का होगा कि वर्तमान में जिन 400 के0वी0 लाइन का लीलो उपकेन्द्र पर किया जाना प्रस्तावित है उस लाइन के द्वितीय परिपथ का लीलो भी भविष्य की आवश्यकतानुसार इस उपकेन्द्र पर किया जा सकता है तथा इस स्थिति में लगभग रु0 36.28 करोड़ की अतिरिक्त बचत होने की सम्भावना है एवं ऐसी स्थिति में भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत भी ग्राम सिरसिरा में प्रश्नगत उपकेन्द्र का निर्माण वाणिज्यिक दृष्टिकोण से अधिक

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

उचित होगा। प्रश्नगत उपकेन्द्र से सम्बन्धित 220 के0वी0 लाइनों के सम्बन्ध में श्री समिति द्वारा यह मत स्थिर किया गया कि उन पर प्रयुक्त चालकों एवं लम्बाई के दृष्टिगत ग्राम सिरसिरा स्थित भूमि पर उपेन्द्र का निर्माण अधिक उचित होगा तथा उपलब्ध विकल्पों के अन्तर्गत पूर्व चयनित हरचन्दपुर की भूमि के सापेक्ष तहसील सलोन के ग्राम सिरसिरा स्थित भूमि पर 400 के0वी0 उपकेन्द्र का निर्माण कार्य समीचीन मानते हुये तद्नुसार संस्तुत किया गया। यहां अवगत कराना है कि उपकेन्द्र की लागत को छोड़ते हुये (प्रत्येक स्थल पर समान होने के कारण) ग्राम कसेहटी स्थित भूमि पर उपकेन्द्र निर्माण की स्थिति में लागत रु0 203.42 करोड़ होगी, ग्राम बावन बल्ला बुजुर्ग स्थित भूमि पर उपकेन्द्र निर्माण की स्थिति में लागत रु0 181.05 करोड़ होगी एवं ग्राम सिरसिरा स्थित भूमि पर उपकेन्द्र निर्माण की स्थिति में लागत रु0 158.63 करोड़ होगी। उपकेन्द्र निर्माण के लिये स्थल का चयन तकनीकी एवं वाणिज्यिक आधार पर किया गया है लिंक मार्ग पर मोड़ों के सम्बन्ध में स्पष्ट संस्तुति न दिये जाने के दृष्टिगत प्रथम दृष्टतया दोषी अधिकारियों के विरुद्ध जांच संस्थित कर आरोप पत्र निर्गत किया जा चुका है। भविष्य में पारेषण उपकेन्द्र के निर्माण हेतु भूमि चयन के लिये दिशा-निर्देष माह सितम्बर, 2018 में निर्गत कर दिये गये हैं।

मुख्य मार्ग से ग्राम सिरसिरा स्थित भूमि को जोड़ने वाले लिंक मार्ग में 13 मोड़ हैं, जिनका वांछित चौड़ीकरण कराया जा चुका है तथा वह लिंक मार्ग 400 के0वी0 ट्रान्सफार्मर ले जाने के लिये उपयुक्त हो गया है। उपकेन्द्र के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था मे0 बी0जी0आर0 एनर्जी को दिनांक 16-05-2019 को भूमि हस्तान्तरित की जा चुकी है। उपकेन्द्र निर्माण का कार्य प्रगति पर है एवं निर्माण कार्य माह मई, 2021 तक पूर्ण होना लक्षित है।]

जनपद शाहजहांपुर की कतिपय तहसीलों में राजस्व विभाग द्वारा स्थानान्तरण नीति में की जा रही अनियमितताओं के सम्बन्ध में श्री रोशन लाल वर्मा द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, इस सम्बन्ध में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ एवं जिलाधिकारी, शाहजहांपुर से प्राप्त...

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाये।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(मुख्य मंत्री का वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

[आख्यानुसार परिषदादेश संख्या-9644/12-10ई/2008, दिनांक 20-06-2008 में उल्लिखित प्राविधानों के तहत कोई भी कर्मचारी अपने सम्पूर्ण सेवाकाल में किसी तहसील विशेष में 10 वर्ष से अधिक समय तक तैनात नहीं रहेगा। कतिपय लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी तहसील के विभिन्न पटलों पर कार्य करते हुए 10 वर्ष से अधिक से कार्रत हैं। चूंकि वर्तमान में जनपद में कलेक्ट्रेट/तहसील में अधिकांश पद रिक्त हैं। शासनादेश संख्या-1/3/96-का-4-2017, कार्मिक अनुभाग-4, लखनऊ, दिनांक 03 मई, 2017 स्थानान्तरण नीति के प्रस्तर-11 के खण्ड-6 में धारित व्यवस्था के अनुसार समूह 'ग' के कार्मिकों का प्रत्येक 03 वर्ष के उपरान्त पटल परिवर्तन करने की व्यवस्था की गयी है, साथ ही प्रस्तर-8 प्राविधानित किया गया है कि 02 वर्ष में सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को उनके गृह जनपद/इच्छित जनपद में तैनात करने पर विचार किया जाए। वर्तमान में 135 पदों की स्वीकृति के सापेक्ष 95 कर्मचारी कार्यरत हैं, एवं 40 पद रिक्त चल रहे हैं, जिसमें 52 कर्मचारी विभिन्न पटलों पर 03 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत हैं। कार्यरत कर्मचारियों में से 16 कर्मचारियों की पदोन्नति की जा चुकी है। शासनादेश दिनांक 03 मई, 2017 में निहित प्रावधानों के तहत 20 प्रतिशत की बाध्यता के कारण इनका स्थानान्तरण नहीं किया जा सका। इनके स्थानान्तरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शासनादेश संख्या-1258/1-9-2004-116-एल0सी0/2002, दिनांक 21-06-2004 के प्रस्तर-4 में यह प्राविधान है कि ''लेखपाल एक लेखपाल क्षेत्र में अधिकतम 3 वर्ष तथा तहसील में 10 वर्ष रह सकते हैं, दोबारा उसी लेखपाल क्षेत्र में तब तक न तैनात किया जाए जब तक कि लेखपाल-क्षेत्र छोड़ने की तिथि से कम से कम 05 वर्ष व्यतीत न हो चुके हों। जिलाधिकारी, शाहजहांपुर द्वारा वर्ष 2018-19 में जनपद में 10 वर्ष से अधिक अवधि से एक ही तहसील में कार्यरत स्थानान्तरण नीति से आच्छादित समस्त लेखपालों को अन्यत्र तहसील में स्थानान्तरित किया जा चुका है''। वर्तमान में 23 राजस्व कर्मी (लेखपाल/राजस्व निरीक्षक) 10 वर्ष से अधिक एक ही तहसील में कार्यरत हैं, जिनका स्थानान्तरण प्रक्रियाधीन है।]

जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली में कार्पोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी के अन्तर्गत सामाजिक कार्य करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री दलवीर सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर ऊर्जा मंत्री का वक्तव्य

ऊर्जा मंत्री (श्री श्रीकान्त शर्मा)-

मान्यवर, 16x660 मे0वा0 हरदुआगंज विस्तार परियोजना हेतु केन्द्र सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा निर्गत पर्यावरणीय अनापत्ति की शर्त एवं कालान्तर...

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाये।

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है इसे पढ़ा हुआ मान लिया गया।

(ऊर्जा मंत्री वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

[में आदेश सं0 F.No.22.622017/IA.III दिनांक 01-05-2018 द्वारा निर्गत गाइडलाइन्स के अनुपालनार्थ परियोजना लागत में परियोजना निर्माण के साथ निकटवर्ती क्षेत्र में कारपोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सी0एस0आर0)/कारपोरेट इन्वायरमेंट रिस्पान्सिबिलिटी (सी0ई0आर0) के मद के तहत परियोजना लागत का 0.4 प्रतिशत यथा रु0 22 करोड़ का बजटीय प्रावधान किये जाने का अनुमोदन निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 07-03-2019 को प्रदान किया जा चुका है। परियोजना द्वारा कारपोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सी0एस0आर0)/ कारपोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सी0ई0आर0) के तहत प्रस्तावित सामाजिक कार्यों हेतु जिलाधिकारी, अलीगढ़ द्वारा संस्तुत तथा निगम की सी0एस0आर0/सी0ई0आर0 समिति द्वारा अनुमोदित रु0 1690.53 लाख की कार्ययोजना का अनुमोदन भी निदेशक मण्डल की 181वीं बैठक दिनांक 31-05-2019 में प्रदान किया गया है।

उपरोक्त सन्दर्भित कार्य योजना में से ग्राम जटपुरा एवं ग्राम नगौला में आर0सी0सी0 नाले का निर्माण के कार्य हेतु रु0 49.66 लाख की लागत का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य हेतु रु0 50.00 लाख की धनराशि परियोजना को फरवरी, 2019 में ही निर्गत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 नेडा से प्राप्त प्रस्ताव के सापेक्ष विभिन्न ग्रामों में रु0 94.66 लाख के लागत पर 400 नग सोलर स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य हेतु उ0प्र0 नेडा से कराये जाने हेतु जुलाई, 2019 में अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है जिस पर कार्यवाही प्रगति पर है। परियोजना के आसपास के विभिन्न 40 ग्रामों में रु0 621 करोड़ की लागत पर 8600 मी0 सी0सी0 सड़क के निर्माण कार्य के लिए निविदा आमंत्रण हेतु जुलाई, 2019 में अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है जिस पर भी कार्यवाही प्रगति पर है। अन्य कार्य हेतु परियोजना द्वारा विस्तृत प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 कारपोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सी0एस0आर0)/कारपोरेट इन्वायरमेंट रिस्पान्सिबिलिटी (सी0ई0आर0) के तहत सामाजिक कार्यों को कराये जाने हेतु प्रतिबद्ध है जिसके लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही उत्पन्न की जा रही है।]

प्रदेश के तहसीलों में आनलाइन खतौनी दर्ज किये जाने में की जा रही अनियमितताओं के सम्बन्ध में श्री राकेश प्रताप सिंह द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर मुख्य मंत्री का वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, इस सम्बन्ध में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद्, उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त आख्या से अवगत कराया गया है कि प्रदेश की तहसीलों में कम्प्यूटर पर ऑनलाइन खतौनी दर्ज करने में...

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाये।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है इसे पढ़ा हुआ मान लिया गया।

(वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

[की जा रही अनियमितताओं को दूर किये जाने हेतु राजस्व परिषदादेश संख्या-02/07/2019, दिनांक 14 फरवरी, 2019 द्वारा परिषदादेश में जारी व्यवस्थानुसार ही खतौनी जारी करने/अद्यतन करने हेतु समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिये जा चुके हैं।

जिलाधिकारी, अमेठी से प्राप्त आख्या में अवगत कराया गया है कि नायब तहसीलदार गौरीगंज द्वारा दिनांक 20-12-2016 को गाटा सं0-467/0.1950 हे0 470/2.1050 हे0 व 586/2.5130 हे0 कुल रकबा 4.8130 हे0 को संशोधन प्रक्रिया से खतौनी के विवरण कालम 7-12 में आदेश कर अभिषेक कुमार चन्द्र पुत्र सत्य प्रकाश चन्द्र का नाम दर्ज कर दिया गया, साथ ही साथ उपरोक्त ग्राम के अन्य विलोपित खातों को भी दुरुस्त करते हुए खतौनी को त्रुटिरहित कर दिया गया है।

खतौनी में खातों को अनुचित, नियम विरुद्ध व लापरवाही पूर्ण तरीके से विलोपित करने वाले लेखपाल श्रीमती रीता गुप्ता व राजस्व निरीक्षक कार्यालय श्री राम लखन सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है। खातेदार श्री अभिषेक कुमार चन्द्र के प्रार्थना-पत्र दिनांक 22-12-2018 के क्रम में कुल 216 कुन्तल धान को मैनुअली क्रय करने हेतु जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया था किन्तु अभिषेक कुमार चन्द्र द्वारा जिला विपणन अधिकारी से धान विक्रय हेतु सम्पर्क नहीं किया गया। तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी, गौरीगंज, जनपद अमेठी की सूचनानुसार श्री अभिषेक कुमार सिंह का धान सड़ा नहीं है।]

श्री राकेश प्रताप सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाए लेकिन मैं इसमें कुछ कहना चाहता हूं। मान्यवर, ये पूरे प्रदेश के किसानों से जुड़ा मामला था, इसमें मैंने एक गांव का उदाहरण दिया था कि एक ग्राम पंचायत में 66 लोगों की ऐसी खतौनी है जिसको ऑनलाइन न होने की वजह से, उनका खाता व रकबा न चढ़ने की वजह से, उनके गेहूं की खरीद नहीं हो पायी और गेहूं की खरीद के बाद धान की भी खरीद नहीं हो पायी। ऐसे लाखों किसान पूरे प्रदेश के थे और मेरी विधान सभा में हजारों किसान इस तहसील में थे। इसमें मैंने एक ग्राम सभा का उदाहरण दिया। इसमें जो जवाब आया है मैं उससे सहमत नहीं हूँ, यह गलत जवाब आया है

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

कि अभिषेक कुमार चन्द्र का धान सड़ा नहीं है और उसके लिए मैनुअल विपणन अधिकारी को उपजिलाधिकारी गौरीगंज द्वारा खरीद के लिए आदेश कर दिया गया था। जब पूरे प्रदेश में शासन की सीधे गाइडलाइन थी और शासनादेश था कि जब तक खतौनी ऑनलाइन नहीं होगी और ऑनलाइन आवेदन नहीं करेगा तब तक विपणन केन्द्रों पर उसके धान का क्रय नहीं किया जाएगा। मुझे इसकी जानकारी है और मेरे पास उसकी कॉपी भी है जिसमें उपजिलाधिकारी ने विपणन अधिकारी अमेठी को धान खरीद के लिए मैनुअल आदेश भी किया है। उस आदेश के सापेक्ष विपणन अधिकारी ने लिखित रुप से उस धान को खरीदने से मना कर दिया और उस पर लिखित आदेश कर दिया कि मैं इस धान को इस तरह से उपजिलाधिकारी के लिखित आदेश से खरीद नहीं कर सकता जब तक खतौनी को ऑनलाइन नहीं किया जाएगा और उस किसान का ऑनलाइन आवेदन नहीं होगा।

श्री अध्यक्ष-

आप पूछना क्या चाहते हैं ?

श्री राकेश प्रताप सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, मुझे दो मिनट समय दें यह किसानों का मामला है। जो जवाब आया है कि श्री अभिषेक चन्द्र का धान सड़ा नहीं है और उसके लिए विपणन को लिखित रूप से मैनुअल खतौनी के माध्यम से धान खरीदने के लिए आदेशित कर दिया गया था। मैनुअल रूप से किया गया लेकिन विपणन अधिकारी ने उसी मैनुअल रूप से मैनुअल वापस कर दिया कि मैं धान नहीं खरीद सकता हूं। उस किसान का पौन तीन सौ कुण्टल धान दरवाजे पर सड़ गया। वहां से जवाब आ रहा है कि उनका धान नहीं खरीदा गया और विपणन अधिकारी से अभिषेक चन्द ने संपर्क नहीं किया। यदि अभिषेक कुमार चन्द से संपर्क नहीं किया तो विपणन अधिकारी ने लिखा-पढ़ी में आदेश कैसे जारी किया कि मैं धान नहीं खरीद सकता। इसका मतलब अभिषेक चन्द ने विपणन अधिकारी से संपर्क किया लेकिन उसका धान नहीं खरीदा गया। मान्यवर, इस सदन में इस मुद्दे को मैंने उठाया, आपकी कृपा रही। इस पर सरकार को पिछले सदन में ही वक्तव्य देना था लेकिन सरकार ने स्थगन मान लिया और सरकार का जवाब नहीं आ पाया। किसानों को हाईकोर्ट की शरण में जाना पड़ा, वे दौड़ते रहे। चौदह बार उन्होंने एप्लीकेशन दिया, कई तहसील दिवसों में उन्होंने एप्लीकेशन दिया लेकिन किसानों की कहीं नहीं सुनी गयी। जब हाईकोर्ट की शरण में किसान गए तब जाकर उस खतौनी की फीडिंग हुई। किसानों का धान नहीं खरीदा गया। इसके लिए मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि जिन उप जिलाधिकारी, गौरीगंज और तहसील गौरीगंज के राजस्व अधिकारियों की गलती से उनका धान सड़ा है क्या सरकार उसका मुआवजा देने पर विचार करेगी ? सीधे-सीधे लिख दिया जा रहा है

कि धान नहीं सड़ा है और दोषी के खिलाफ, जिस उप जिलाधिकारी गौरीगंज की कमियों से वो खतौनी नहीं फीड की गयी उसके खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी ? मैं आपके माध्यम से कार्रवाई की मांग करता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

माननीय अध्यक्ष जी, आपके समक्ष उत्तर है, उसका जो तीसरा पैराग्राफ है, उस पर हम आपका कृपापूर्वक ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं। खतौनी में खातों को अनुचित, नियम विरुद्ध व लापरवाहीपूर्ण तरीके से विलोपित करने वाले लेखपाल, श्रीमती रीता गुप्ता व राजस्व निरीक्षक, श्री राम लखन सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है। मान्यवर, जो लोग जिम्मेदार थे, उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। इसलिए मैं माननीय सदस्य से चाहूंगा कि उन्हें इस पर संतुष्ट हो जाना चाहिए। चूंकि सामान्यतया सस्पेंशन होता है और सस्पेंशन के वह महीने, 02 महीने, 04 महीने के बाद बहाल हो जाते हैं। लेकिन प्रतिकूल प्रविष्टि उनके प्रमोशन के लिए काम आयेगी, उन्हें हर वक्त इस बात के लिए याद रहेगा और वर्षों तक यह सालती रहती है कि मेरी प्रतिकूल प्रविष्टि है, इसलिए मेरा प्रमोशन नहीं हो पाया। इसलिए यह ऐसी सजा है, जितना उन लोगों ने अपराध किया, उसके हिसाब से उनको सजा मिल गयी। रही बात धान की मान्यवर, उत्तर की जो आखिरी दोनों लाइनें हैं, उन पर भी हम आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी, गौरीगंज, जनपद-अमेठी की सूचना अनुसार श्री अभिषेक कुमार सिंह का धान सड़ा नहीं है, मान्यवर, हम आपके संज्ञान में यह भी ला दें। यह सही है कि धान की कीमत जो सरकारी खरीद 1750/- रुपये थी, ऑफ सीजन में उससे कहीं ज्यादा रेट मार्केट में है। मुआवजे की बात तो अपनी जगह है, अगर सरकार लेती तो उन्हें 1750/- रुपये ही मिलते। चूंकि मार्केट में बेच लिया गया होगा, इसलिए उसकी कीमत और ज्यादा मिल गयी होगी, इसमें उनका फायदा ही हुआ, कोई नुकसान नहीं हुआ है।

श्री राकेश प्रताप सिंह-

मान्यवर, संसदीय कार्य मंत्री जी का जो जवाब आ रहा है, वह सरकार का ही जवाब है, वह एक तरह से उचित नहीं लग रहा है।

श्री अध्यक्ष-

इन्होंने दण्डित तो कर दिया।

श्री राकेश प्रताप सिंह-

मान्यवर, संसदीय कार्य मंत्री जी का कहना है कि मार्केट में रेट ज्यादा था इसलिए किसान ने उसे मार्केट में बेच लिया होगा। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय संसदीय कार्य

मंत्री जी से सिर्फ इतनी मांग करता हूं कि इसमें दो चीजों की जांच करा ली जाए, एक तो उप जिलाधिकारी, गौरीगंज, अमेठी ने जो मैनुअल आदेश किया, उन्हें किन परिस्थितियों में वह मैनुअल आदेश करना पड़ा, त्वरित तौर पर उस खतौनी को क्यों नहीं ठीक कर दिया गया, हाईकोर्ट तक किसानों को जाना पड़ा। दूसरा उनका धान सड़ा या नहीं सड़ा, इसकी भी आप जांच करवा लें। मान्यवर, पूरे प्रदेश और पूरे देश में सरकार ने यह डंका बजाया कि मैंने लक्ष्य से दोगुना धान की खरीद की है। अगर धान की कीमत मार्केट में सरकारी रेट से ज्यादा थी तो यह धान किसका खरीदा गया, क्यों किसानों ने वहां बेचा? अगर मार्केट में कीमत ज्यादा थी तो किसान बिल्कुल वहां नहीं बेचते।

कृषि, कृषि विकास एवं कृषि अनुसंधान मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-

मान्यवर, अगर सरकार धान की खरीद नहीं कराती तो मार्केट में धान का रेट नहीं बढ़ता, यह सरकार की खरीददारी का ही परिणाम है।

श्री राकेश प्रताप सिंह-

मान्यवर, एक-एक चीज उसने डेटवाइज दिया है कि कब मैं जिलाधिकारी से मिला, कब उप जिलाधिकारी से मिला और इसमें तीन बार मैं व्यक्तिगत रूप से जिलाधिकारी के यहां बैठ चुका था, लेकिन जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन सुनने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए मुझे उसे यहां उठाना पड़ा और यहां उठाने के बाद भी इस काम को नहीं किया गया। जब किसान हाईकोर्ट गए, तब जाकर खतौनी ठीक हुई है, तो सरकार इस पूरे प्रकरण की जांच करवा ले और दोषी के खिलाफ कार्रवाई कर दे।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, माननीय सदस्य अवगत होंगे, अक्टूबर-नवम्बर में नया धान आता है, उस समय की धान की कीमत और फरवरी-मार्च की कीमत बिल्कुल अलग-अलग होती है, तो इतना ज्यादा धान खरीदा गया। मान्यवर, हमारा काम तिजारत करना नहीं है, सरकार का काम कोई कामर्शियल एक्टीविटीज के लिए नहीं है, इसलिए है कि किसानों का शोषण न हो, किसानों को उचित मूल्य मिल जाए और मार्केट बूस्ट कर जाए, इस उद्देश्य से हम धान खरीदते हैं। इसी उद्देश्य से ही हमारी धान की खरीद होती है। इसलिए मेरा यह कहना है कि जो फरवरी की घटना आप बता रहे हैं तो फरवरी में निश्चित रूप से धान की कीमत बढ़ गयी थी और इसलिए नुकसान की बात नहीं है। लेकिन जहां तक आपने जांच की बात कही है, हम मान्यवर, उसको जरूर दिखवा लेंगे।

प्रदेश के राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों एवं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन का भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम चन्द्र यादव द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर आयुष मंत्री का वक्तव्य

आयुष, अभाव सहायता एवं पुनर्वास मंत्री (श्री धर्म सिंह सैनी)-

उक्त सूचना के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-5052/96 -आयुष-2-2017-50/2014, दिनांक 08-12-2017 के द्वारा होम्योपैथिक विभाग.....

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, वक्तव्य को पढ़ा मान लें।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इसे पढ़ा मान लिया जाए।

(वक्तव्य आयुष मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

[के राजकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों में समूह-घ के रिक्त पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने हेतु उत्तर प्रदेश इण्डस्ट्रियल कन्सल्टेट लिमिटेड (UPICO) को मैन पावर आउटसोर्सिंग नामित किया गया। तद्क्रम में उत्तर प्रदेश इण्डस्ट्रियल कन्सल्टेंट लिमिटेड (UPICO) द्वारा चयनित 1034 कार्मिकों को प्रदेश के विभिन्न राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों एवं प्रदेश के राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों में तैनात किया गया है। तत्समय आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात कार्मिकों के पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने हेतु आय-व्ययक में धनराशि की व्यवस्था नहीं थी। शासनादेश संख्या-2466/96-आयुष-2-2018-28(बी)/2018, दिनांक 07-08-2018 द्वारा पुनर्विनियोग के माध्यम से रु0 03.80 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी। उक्त स्वीकृत धनराशि को होम्योपैथिक निदेशालय के पत्र दिनांक 10-08-2018 द्वारा सम्बन्धित जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों तथा राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के प्राचार्य को आवंटित किया गया।

उक्त परिधिगत अधिकारियों द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से अधीनस्थ तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति के आधार पर बिल तैयार कर श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार कार्मिकों को देय पारिश्रमिक की धनराशि कोषागार के माध्यम से यूपिको के खाते में हस्तांतरित की गयी। जहां तक कार्यरत कार्मिकों को रु0-1000/- किसी को रु0- 4000/- किसी को रु0-

---

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

6000/- व किसी कार्मिक को अभी तक भुगतान न किये जाने का प्रश्न है, के सम्बन्ध में स्थिति यह है कि यूपिकों के माध्यम से चयनित सेवा प्रदाता एजेन्सियों के द्वारा सम्बन्धित कार्मिकों को उनकी उपस्थिति के अनुसार श्रम विभाग द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक में से EPF व ESIC की नियमानुसार कटौती करके सम्बन्धित कार्मिकों के खाते में आनलाइन स्थानान्तरण किया गया। आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात समूह 'घ' के कार्मिकों को पी0एफ0 का कोई प्राविधान नहीं है। उक्त कार्मिकों को वेतन भुगतान करने के उपरान्त उनका EPF व ESIC खाता खोल दिया गया है। जिसका उल्लेख सैलरी शीट से स्पष्ट है। राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, अयोध्या तथा राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, आजमगढ़ में किया गया पारिश्रमिक भुगतान का विवरण संलग्न है।†

उक्त वर्णित स्थिति से स्पष्ट है कि शासन द्वारा निर्गत बजट को निदेशालय स्तर से अधीनस्थ जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों एवं राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के प्राचार्यों को आवंटित किया गया है एवं उनके स्तर से यूपिको के खाते में उनके देयक के अनुसार कोषागार के माध्यम से धनराशि स्थानान्तरित की गयी जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं की गयी।]

---

† आगे पृष्ठ संख्या-52(2) पर।

Distirct Homeopaithic Hospital & Medical College Faizabad

Salary Sheet Month of Feb 2018

S.No	Name of Candidate	UAN No.	ESIC No.	Month Days	Total Duties Day	Basic Salary	Total Duties Salary	EPF @ 12% Deduct	ESI @ 1.75% Deduct	Net Payable Salary
1	JAYANT KUMAR	101381033449	3012156546	28	9	8,140.51	2,617.00	314.00	46.00	2,257.00
2	VINOD KUMAR	101380995262	3012158923	28	9	8,140.51	2,617.00	314.00	46.00	2,257.00
3	CHANDRA PAL VERMA	101381033454	3012156578	28	9	8,140.51	2,617.00	314.00	46.00	2,257.00
4	GAURAV YADAV	101381033514	3012156691	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
5	ABHIMANIYU YADAV	101381033412	3012156678	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
6	RAM TEJ YADAV	101416500952	3012156514	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
7	VIKAS	101381033372	3012156703	28	8	7,400.46	2,114.00	254.00	37.00	1,823.00
8	KALAWATI	101381033420	3012156761	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
9	SHEEMA	101381033338	3012156706	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
10	BEBI SINGH	101381033113	3012156623	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
11	NILAM	101381033329	3012156774	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
12	CHANDRA PRAKASH	101380995291	3012156730	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
13	DUDH NATH	101381033522	3012159098	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
14	RAVI KUMAR	101415994163	3012156797	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
15	LALLAN YADAV	100055451291	3012156835	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00
16	JAGDAMBIKA PRASAD	101382007435	3012156645	28	9	7,400.46	2,379.00	285.00	42.00	2,052.00

Salary Sheet Month of Mar 2018

1	NIRANJAN SINGH	101380995243	30131158893	31	4	7,400.46	955.00	115.00	17.00	823.00
2	SACHIN KUMAR	101380995236	3012159498	31	4	8,140.51	1,050.00	126.00	18.00	906.00
3	JAYANT KUMAR	101381033449	3012156546	31	31	8,140.51	8,141.00	977.00	142.00	7,022.00
4	VINOD KUMAR	101380995262	3012158923	31	31	8,140.51	8,141.00	977.00	142.00	7,022.00
5	CHANDRA PAL VERMA	101381033454	3012156578	31	31	8,140.51	8,141.00	977.00	142.00	7,022.00
6	DEVI PRASAD		3012156846	31	12	7,400.46	2,865.00	344.00	50.00	2,471.00
7	GAURAV YADAV	101381033514	3012156691	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
8	ABHIMANIYU YADAV	101381033412	3012156678	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
9	RAM TEJ YADAV	101416500952	3012156514	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
10	VIKAS	101381033372	3012156703	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
11	KALAWATI	101381033420	3012156761	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
12	SHASHI SINGH	101380995270	3012156568	31	12	7,400.46	2,865.00	344.00	50.00	2,471.00
13	SHEEMA	101381033338	3012156706	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
14	BEBI SINGH	101381033113	3012156623	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
15	NILAM	101381033329	3012156774	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
16	SUNIL KUMAR	101380995289	3012156662	31	26	7,400.46	6,207.00	745.00	109.00	5,353.00
17	RISHI KESH	101381033465	3012156820	31	27	7,400.46	6,446.00	774.00	113.00	5,559.00
18	CHANDRA PRAKASH	101380995291	3012156730	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
19	SUNIL KUMAR YADAV	101382007419	3012156586	31	12	7,400.46	2,865.00	344.00	50.00	2,471.00
20	DUDH NATH	101381033522	3012159098	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
21	RAVI KUMAR	101415994163	3012156797	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
22	AMARJEET	101382007461	3012156610	31	26	7,400.46	6,207.00	745.00	109.00	5,353.00
23	LALLAN YADAV	100055451291	3012156835	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
24	JAGDAMBIKA PRASAD	101382007435	3012156645	31	31	7,400.46	7,400.00	888.00	130.00	6,382.00
25	AMIT KUMAR	101218529508	3012156799	31	4	7,400.46	955.00	115.00	17.00	823.00

Salary Sheet Month of Apr 2018

1	NIRANJAN SINGH	101380995243	30131158893	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
2	SUNIL KUMAR	101380995258	3012158858	30	22	8,374.77	6,141.00	737.00	107.00	5,297.00
3	SACHIN KUMAR	101380995236	3012159498	30	30	8,374.77	8,375.00	1,005.00	147.00	7,223.00
4	JAYANT KUMAR	101381033449	3012156546	30	30	8,374.77	8,375.00	1,005.00	147.00	7,223.00
5	VINOD KUMAR	101380995262	3012158923	30	30	8,374.77	8,375.00	1,005.00	147.00	7,223.00

.No	Name of Candidate	UAN No.	ESIC No.	Month Days	Total Duties Day	Basic Salary	Total Duties Salary	EPF @ 12% Deduct	ESI @ 1.75% Deduct	Net Payable Salary
6	PUSHPENDRA CHAURASIYA		3012156536	30	30	8,374.77	8,375.00	1,005.00	147.00	7,223.00
7	CHANDRA PAL VERMA	101381033454	3012156578	30	30	8,374.77	8,375.00	1,005.00	147.00	7,223.00
8	DEVI PRASAD		3012156846	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
9	GAURAV YADAV	101381033514	3012156691	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
10	ABHIMANIYU YADAV	101381033412	3012156678	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
11	RAM TEJ YADAV	101416500952	3012156514	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
12	VIKAS	101381033372	3012156703	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
13	KALAWATI	101381033420	3012156761	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
14	SHASHI SINGH	101380995270	3012156568	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
15	SHEEMA	101381033338	3012156706	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
16	BEBI SINGH	101381033113	3012156623	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
17	NILAM	101381033329	3012156774	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
18	SUNIL KUMAR	101380995289	3012156662	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
19	SHUBHAM SINGH	101381081730	3012159059	30	5	7,613.42	1,269.00	152.00	22.00	1,095.00
20	RISHI KESH	101381033465	3012156820	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
21	CHANDRA PRAKASH	101380995291	3012156730	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
22	SUNIL KUMAR YADAV	101382007419	3012156586	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
23	DUDH NATH	101381033522	3012159098	30	30	7,613.42	7,613.00	914.00	133.00	6,566.00
(वित्त मंत्री का केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

[कोषागारों के सहायक लेखाकारों के नियुक्ति प्राधिकारी सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी हैं। चूंकि संवर्ग जिला स्तरीय है, अतः कार्मिकों को एक जनपद के कोषागार से दूसरे जनपद के कोषागार में स्थानान्तरण का कोई नियम विद्यमान नहीं है।

पूर्व में कई सहायक लेखाकारों को एक कोषागार से दूसरे कोषागारों में दोनों जनपदों के जिलाधिकारियों की अनापत्ति एवं अन्य जिले के कोषागार में जाने पर सबसे कनिष्ठ होने का शपथ-पत्र लेने के उपरान्त उनकी पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत स्थानान्तरण की कार्यवाही की गयी है।

अवगत कराना है कि ''उ0प्र0 कोषागार लेखा (अराजपत्रित) सेवा नियमावली'' बनाये जाने का प्रस्ताव निदेशक, कोषागार उ0प्र0 से प्राप्त हुआ है, जिस पर विचार किया जा रहा है।]

उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक बनाये जाने हेतु न्यायोचित निर्णय लिये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती जय देवी द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर बेसिक शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 सदस्य द्वारा दी गयी उक्त सूचना के संबंध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा...

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इस वक्तव्य को पढ़ा मान लें।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इसे पढ़ा माना जाता है।

[बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया]

[के सार्वभौमिकरण एवं प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापक-छात्र अनुपात को संतुलित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा शासनादेश दिनांक 26-05-1999 व 01 जुलाई, 2001 द्वारा शिक्षामित्र योजना के अन्तर्गत प्रदेश में लगभग 1.70 लाख शिक्षामित्र नियुक्त किये गये थे। शिक्षामित्र पद पर चयन हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट निर्धारित थी। इनके संविदा-नियुक्ति 11 माह हेतु की जाती थी। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (N.C.T.E.) की अनुमति से, जो

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

शिक्षामित्र उ0प्र0 बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली 1981 के अनुसार स्नातक योग्यताधारी थे, उनको दूरस्थ विधा से द्विवर्षीय बी0टी0सी0 ट्रेनिंग करायी गई। शिक्षामित्रों की बी0टी0सी0 ट्रेनिंग पूर्ण होने तथा परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् R.T.E. Rules-2011 एवं उ0प्र0 (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 में संशोधन किया गया और अनिवार्य योग्यता टी0ई0टी0 से छूट प्रदान करते हुए वर्ष 2014 में सहायक अध्यापक पद पर समायोजन का निर्णय लिया गया और 1.37 लाख शिक्षामित्रों का सहायक अध्यापक पद पर समायोजन किया गया।

उ0प्र0 बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 में सहायक अध्यापक के पद पर चयन/नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता टी0ई0टी0 धारित न होने के कारण 1.37 लाख शिक्षामित्रों के सहायक अध्यापक पर समायोजन को मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 25-07-2017 द्वारा निरस्त कर दिया गया। उक्त आदेश के अनुपालन में उन्हें शिक्षामित्र पद पर प्रत्यावर्तित किया गया तथा वर्तमान सरकार द्वारा रु0 3500/- से बढ़ाकर रु0 10,000/- प्रतिमाह मानदेय का भुगतान 11 माह हेतु किये जाने का निर्देश दिये गये।

''उ0प्र0 बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981'' में दिनांक 09 नवम्बर 2017 को बीसवां संशोधन करते हुए उन्हें वेटेज (प्रत्येक वर्ग के लिए 25 अंक अधिकतम 25 अंक) दिये जाने की व्यवस्था की गयी। मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 25-07-2017 के अनुपालन में सहायक अध्यापक के 68500 पद पर प्रथम चयन हेतु उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी0) का आयोजन दिनांक 15 अक्टूबर 2017 को कराया गया। तत्पश्चात सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा मई-2018 में आयोजित की गयी। उक्त परीक्षा के आधार पर लगभग 7000 शिक्षामित्र सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त हो चुके हैं।

पुनः सहायक अध्यापक के 69000 पद पर द्वितीय चयन हेतु उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गयी एवं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा दिनांक 06-11-2019 को सम्पन्न हो चुकी है, जिसका परिणाम शीघ्र घोषित होने की सम्भावना है। द्वितीय चयन हेतु आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा में लगभग 48500 शिक्षामित्र उत्तीर्ण हैं, जिनके द्वारा सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा दिनांक 26-12-2018 में प्रतिभाग किया गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात सहायक अध्यापक के पद पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। उक्त भर्ती माननीय न्यायालय के समक्ष सम्प्रति विचारधीन है।]

जनपद सिद्धार्थनगर के विधान सभा क्षेत्र इटवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में जलभराव एवं चहारदीवारी के पुनः निर्माण के सम्बन्ध में डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

अधीक्षण अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 17-07-2019...

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इस वक्तव्य को पढ़ा मान लें।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इसे पढ़ा माना जाता है।

(चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

[द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिद्धार्थनगर द्वारा प्रश्नगत कार्यों का आगणन तैयार कर उपलब्ध कराया गया है, जिसका महानिदेशालय द्वारा परीक्षण करने के उपरान्त रु0-29,71,099/- (रुपया उन्तीस लाख इक्हत्तर हजार निन्यानबे मात्र) का औचित्यपूर्ण पाया गया। महानिदेशालय के पत्र संख्या-9178/14फ/नि0अ0/2019-20 दिनांक 17-07-2019 द्वारा प्रश्नगत आवश्यक कार्यों की तकनीकी स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है। वित्त नियन्त्रक, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ से बजट आवंटन प्राप्त होने के उपरान्त कार्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही सम्पादित करा लिया जायेगा।]

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा में स्थित सहकारी चीनी मिल तिलहर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, फंड का भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री वीर विक्रम सिंह ''प्रिंस'' द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 सदस्य ने अपनी सूचना में उल्लेख किया है कि विधान सभा क्षेत्र कटरा, जनपद शाहजहांपुर में स्थित.....

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इस वक्तव्य को पढ़ा मान लें।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इसे पढ़ा माना जाता है।

(चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री का केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

[दि किसान सहकारी चीनी मिल तिलहर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों श्री तेजेन्द्र पाल सिंह, गन्ना सेन्टर इन्चार्ज, श्री सुभाष सिंह, मैन्युफैक्चरिंग विभाग के कर्मचारी व श्री युसुफ, रसायन

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

विभाग के मैग्मा मजदूर को आज तक ग्रेच्युटी, फण्ड की धनराशि न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है तथा अपनी पुत्रियों का विवाह समय से न कर पाने के कारण उनके समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गई है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दि किसान सहकारी चीनी मिल तिलहर शाहजहांपुर के प्रश्नगत तीनों कर्मचारी इस मिल में अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं, जिनके कुल सेवानिवृत्तिक देयों का विवरण निम्नवत है :-

(1) श्री तेजेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, गन्ना सेन्टर इन्चार्ज, दिनांक 30-09-2016 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। श्री सिंह को देय ग्रेच्युटी राशि रु0 1,91,505.00 के भुगतान हेतु चेक संख्या-021221 दिनांक 13-02-2019 जारी किया जा चुका है।

(2) श्री सुभाष सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह, रसायन विभाग दिनांक 30-11-2017 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। श्री सुभाष सिंह को देय ग्रेच्युटी राशि रु0 1,21,557.00 के भुगतान हेतु चेक संख्या-021224 दिनांक 14-02-2019 जारी किया जा चुका है।

(3) श्री युसुफ पुत्र श्री रमजानी, रसायन विभाग दिनांक 30-12-2017 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। श्री युसुफ को देय ग्रेच्युटी राशि रु0 1,21,557.00 के भुगतान हेतु चेक संख्या-021223 दिनांक 13-02-2019 जारी किया जा चुका है।

इस प्रकार उपरोक्त तीनों कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति सम्बन्धी देयों का भुगतान कर दिया गया है।]

जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद के संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में डा0 मुकेश वर्मा द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का केवल वक्तव्य

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-51 के अन्तर्गत यह सूचना दी गयी है कि .....

श्री लाल जी वर्मा-

मान्यवर, इस वक्तव्य को पढ़ा मान लें।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इसे पढ़ा माना जाता है।

(चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का केवल वक्तव्य संसदीय कार्य मंत्री ने दिया जो पढ़ा हुआ माना गया)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

[''विधान सभा 98-शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद में संयुक्त चिकित्सालय में डाक्टरों की बेहद कमी है। डाक्टरों की कमी होने के कारण प्रसव के लिये आने वाली महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार जो रोगी रेफर किये जाते हैं वह रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। इस तरह गरीब बेसहारा लोग इलाज के लिये दर-दर भटकते रहते हैं। जनहित में डाक्टरों की नियुक्ति अति आवश्यक है। अतः नियम-51 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोकमहत्व के इस प्रश्न पर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए वक्तव्य दिलाये जाने की मांग करता हूं।''

2-इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद के पत्र दिनांक 17-07-2019 द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला संयुक्त चिकित्सालय, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद में चिकित्साधिकारी के स्वीकृत 17 पदों के सापेक्ष 04 नियमित चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनमें एक महिला चिकित्सक है। उक्त के अतिरिक्त कार्यात्मक आवश्यकता के दृष्टिगत 01 स्त्री रोग विशेषज्ञ अनुबंध के आधार पर कार्यरत है।

3-जिला संयुक्त चिकित्सालय, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद में चिकित्सकों की कमी के दृष्टिगत कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 18-07-2019 द्वारा 07 चिकित्साधिकारियों जिनमें 01 सर्जन, 01 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 01 पैथलाजिस्ट, 01 फिजीशियन, 01 महिला चिकित्साधिकारी तथा 02 ई0एम0ओ0 सम्मिलित हैं, की तैनाती कर दी गयी है। इस प्रकार उक्त चिकित्सालय में कुल 11 चिकित्सक नियमित रूप से तैनात हो गये हैं।]

[02:47] नियम-301 के अन्तर्गत सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 19.07.2019 को नियम-301 की कुल 53 सूचनाएँ प्राप्त हुईं, जिसमें 21 माननीय सदस्यों की सूचनाएं स्वीकार की गईं।

पहली सूचना डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल की है **(अनुपस्थित)**। दूसरी सूचना डॉ0 सतीश चन्द्र द्विवेदी की जनपद सिद्धार्थ नगर के विधान सभा क्षेत्र इटवा के ब्लॉक भनवापुर में राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज खुलवाए जाने के सम्बन्ध में है। तीसरी सूचना श्री (डॉ0) श्याम बिहारी लाल की जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र फरीदपुर के ग्राम पंचायत भुता में राजकीय इण्टर कॉलेज खुलवाए जाने के सम्बन्ध में है। चौथी सूचना श्री देवेन्द्र कुमार निम की जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन के ग्राम नलहेड़ा गुर्जर, चांदनपुर मार्ग पर सूरी सिंह देवता के पास पुल का निर्माण कराए जाने के सम्बन्ध में है। पांचवीं सूचना डॉ0 डी0सी0 वर्मा की जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र मीरगंज अन्तर्गत एन0एच0-24 से टेक्सटाइल पार्क

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

तक रोड का चौड़ीकरण कराए जाने के सम्बन्ध में है। छठी सूचना श्री अगयश राम सरन वर्मा की जनपद पीलीभीत की बीसलपुर तहसील के अन्तर्गत बस अड्डे का उच्चीकरण कराए जाने के सम्बन्ध में है। सातवीं सूचना श्री मनीष असीजा की जनपद फिरोजाबाद में ट्रॉमा सेण्टर के लिए आधुनिक उच्च क्षमतायुक्त एम0आर0आई0 मशीन एवं सम्बन्धित मानव संसाधन उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में है। आठवीं सूचना डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा की जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद में मोहल्ला आदर्श नगर के अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कराए जाने के सम्बन्ध में है। नौवीं सूचना श्री अम्बरीश सिंह पुष्कर एडवोकेट की जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मोहनलालगंज में राजकीय नलकूप की स्थापना कराए जाने के सम्बन्ध में है। दसवीं सूचना श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा की जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के कतिपय अस्पतालों में डॉक्टर, स्टाफ एवं अन्य सुविधाएँ यथाशीघ्र चालू कराए जाने के सम्बन्ध में है। ग्यारहवीं सूचना डॉ0 अनीता लोधी राजपूत की है **(अनुपस्थित)**। बारहवीं सूचना श्री अनिल सिंह की जनपद उन्नाव के विकास खण्ड हिलौली के अन्तर्गत दुन्दपुर नहर पुलिया का चौड़ीकरण कराए जाने के सम्बन्ध में है तथा तेरहवीं सूचना श्री अमिताभ बाजपेयी की उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम द्वारा जेल में राशन सप्लाई में राशन माफियाओं का हस्तक्षेप रोके जाने के सम्बन्ध में है। चौदहवीं सूचना श्री बम्बा लाल दिवाकर की जनपद उन्नाव के ब्लॉक मियाँगंज से पनापुर, भखरा खेड़ा में पुलिया का निर्माण कराए जाने के सम्बन्ध में है। पन्द्रहवीं सूचना श्री तसलीम अहमद की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नजीबाबाद की किसान सहकारी चीनी मिल के प्रदूषित जल से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है। सोलहवीं सूचना श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव की जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम के कतिपय गॉवों में विद्युत की समस्याओं का निराकरण कराए जाने के सम्बन्ध में है। सत्रहवीं सूचना श्री योगेश वर्मा की है **(अनुपस्थित)**। अठारहवीं सूचना श्री रोशल लाल वर्मा की जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर में कतिपय मार्गों का डामरीकरण कराए जाने के सम्बन्ध में है। उन्नीसवीं सूचना डॉ0 नीरज बोरा की है **(अनुपस्थित)**। बीसवीं सूचना श्री रामचन्द्र यादव की जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली के अन्तर्गत तमसा नदी पर स्थायी पुलियाओं का निर्माण कराए जाने के सम्बन्ध में है। इक्कीसवीं सूचना श्री संजय गर्ग की प्रदेश में भूगर्भ जल के बढ़ते संकट के निराकरण हेतु गठित उत्तर प्रदेश जल प्रबन्धन एवं नियामक आयोग को सक्रिय कराए जाने के सम्बन्ध में है।

श्री अध्यक्ष-

जो चार माननीय सदस्य अनुपस्थित हैं, उनके स्थान पर अस्वीकृत सूचनाओं में से निम्न माननीय सदस्यों की सूचनाएं क्रमानुसार ली जाती हैं :-

श्रीमती अनीता की जनपद अम्बेडकर नगर के विधान सभा क्षेत्र आलालापुर के जन्दुआई कला बिजली घर में एक अतिरिक्त फीडर निकसपुर के नाम से लगवाए जाने के सम्बन्ध में है।

श्रीमती सुनीता की जनपद गाजीपुर के विधान सभा क्षेत्र जमानिया के ताड़ीघाट बारा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में है।

श्री जितेन्द्र वर्मा की जनपद आगरा के विधान सभा क्षेत्र फतेहाबाद के ग्राम पतईयापुरा में प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत कराए जाने के सम्बन्ध में है।

श्री अनिल पाराशर की जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र कोल के कतिपय ब्लॉकों में नलकूपों की स्थापना कराए जाने के सम्बन्ध में है।

(स्वीकृत सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गईं और संलग्न हैं)

श्री अध्यक्ष-

निम्नलिखित माननीय सदस्यों की सूचनाएँ अस्वीकार कर दी गईं-

1. श्री अवस्थी बाला प्रसाद
2. श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल
3. श्री किशन लाल राजपूत
4. श्री संजय
5. श्री जवाहर लाल राजपूत
6. श्री पूरन प्रकाश
7. श्री राजीव तरारा
8. श्री नफीस अहमद
9. श्री दयाराम चौधरी
10. श्री संजय प्रताप जायसवाल
11. श्री बीरेन्द्र सिंह राणा
12. श्री विपिन कुमार डेविड
13. डॉ0 आर0के0 वर्मा
14. श्री राकेश प्रताप सिंह
15. श्री मसूद अख्तर
16. श्री नरेश सैनी
17. श्री असलम अली
18. डॉ0 अरुण कुमार
19. श्री रमेश चन्द्र मिश्र
20. श्री लालजी वर्मा

21. श्री राम अचल राजभर
22. श्री हाकिम लाल बिन्द
23. श्री आजाद अरिमर्दन
24. श्री बृज भूषण राजपूत
25. श्री उमा शंकर सिंह
26. श्री रवीन्द्र जायसवाल
27. श्रीमती जय देवी
28. श्रीमती बिमला सिंह सोलंकी
29. डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल
30. डॉ0 अनीता लोधी राजपूत
31. श्री योगेश वर्मा
32. डॉ0 नीरज बोरा

जनपद सिद्धार्थनगर के विधान सभा क्षेत्र इटवा के ब्लाक भनवापुर में राजकीय कन्या इण्टर कालेज खुलवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

डा0 सतीश चन्द्र द्विवेदी-

[महोदय, सूच्य है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र 305-इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के भनवापुर ब्लाक के अन्तर्गत लड़कियों की शिक्षा के लिए कोई कन्या इण्टर कालेज नहीं है। यहां एक राजकीय कन्या इण्टर कालेज, खोलने से भनवापुर ब्लाक के गांवों की लड़कियों को सुविधा प्राप्त होगी। अभी इन क्षेत्रों के लड़कियों को दूरस्थ स्थानों पर शिक्षा के लिए जाना पड़ता है। जनहित/छात्राओं के हित में भनवापुर विकास खण्ड के ग्राम तरहर में एक राजकीय कन्या इण्टर कालेज खोला जाना अति आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय, लोक महत्व के इस महत्वपूर्ण विषय पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए राजकीय कन्या इण्टर कालेज खोले जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद बरेली विधान सभा क्षेत्र फरीदपुर के ग्राम पंचायत भुता में राजकीय कन्या इण्टर कालेज खुलवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

डा0 श्याम बिहारी लाल-

[महोदय, अवगत कराना है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र 122-फरीदपुर जनपद बरेली के अन्तर्गत विकास खण्ड भुता के ग्राम पंचायत भुता में राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना किया

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जाना जनहित में अत्यन्त आवश्यक है। 20 हजार की जनसंख्या वाले इस गांव में वर्तमान में केवल प्राईमरी स्कूल है और कोई भी सरकारी स्कूल नहीं है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय, लोक महत्व के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए विकास खण्ड भुता में ग्राम पंचायत भुता में राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना कराये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूँ।]

जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन के ग्राम नलहेडा-गुर्जर चांदनपुर मार्ग पर सूरी सिंह देवता के पास पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री देवेन्द्र कुमार निम-

[महोदय, मेरी विधान सभा रामपुर मनिहारन में गांव नलहेडा-गुर्जर, चांदनपुर मार्ग पर सूरी सिंह देवता के पास पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिस कारण से यहां कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है क्योंकि यह पुल कई गांव का मुख्य मार्ग है। जनहित में इस पुल का निर्माण किया जाना नितान्त आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुये कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद बरेली के विधान सभा क्षेत्र मीरगंज अन्तर्गत एन0एच0-24 से टेक्सटाइल पार्क तक रोड का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

डा0 डी0सी0 वर्मा-

[महोदय, अवगत कराना है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील मीरगंज में एन0एच0-24 (फतेहगंज पश्चिमी) से टेक्सटाइल पार्क तक लगभग 4 कि0मी0 रोड का चौड़ीकरण कराया जनहित में अति आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व एवं जनहित के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कराये जाने हेतु एन0ए0-24 से टेक्सटाइल पार्क तक रोड का चौड़ीकरण कराये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद पीलीभीत के तहसील बीसलपुर के अन्तर्गत बस अड्डे का उच्चीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अगयश राम सरन वर्मा-

[महोदय, जनपद पीलीभीत के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बीसलपुर से जनपद मुख्यालय बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत तथा नगर पालिका परिषद गोला (लखीमपुर खीरी) सभी

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

समान दूरी पर होने के कारण नगर पालिका परिषद बीसलपुर केन्द्रीय स्थल है। नगर बीसलपुर तीन राष्ट्रीय राजमार्गों से भी सम्बद्ध है। प्रथम बीसलपुर-बरेली, द्वितीय पीलीभीत-शाहजहांपुर वाया बीसलपुर एवं तृतीय बीसलपुर-बेवर (जीटी मार्ग) वाया जलालाबाद, फतेहपुर आदि।

तहसील बीसलपुर अनेक पर्यटक स्थलों से भी आच्छादित है। राजाबेणु की पुत्री इला द्वारा बसाया गया गांव इलाहाबाद देबल तथा विशाल मन्दिर, राजा मौरध्वज द्वारा विकसित पाण्डयुग का शिवसरोवर तिलहर तथा सूर्यकुण्ड (महुआताल) बभरौली है। लगभग 50 राजकीय परिवहन बसों का आवागमन है। रेलवे स्टेशन बस अड्डा अनेकों व्यवसायिक प्रतिष्ठान तथा उत्तम कृषि बैंक, चार पुलिस स्टेशन, 5 पुलिस चौकियां, सहकारी संस्थाएं एवं उच्च शिक्षण संस्थान भी हैं। ऐसी स्थिति में उक्त बस अड्डे का उच्चीकरण डिपो एवं वर्कशाप के रूप में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय, लोक महत्व के इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कराकर अपेक्षित कार्रवाई कराने की कृपा की जाये।]

जनपद फिरोजाबाद में ट्रामा सेन्टर के लिए आधुनिक उच्च क्षमता युक्त एम0आर0आई0 मशीन एवं सम्बन्धित मानव संसाधन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री मनीष असीजा-

[महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर स्थित लगभग 27 लाख की जनसंख्या वाले श्रमिक बाहुल्य औद्योगिक जनपद फिरोजाबाद अपने कांच उत्पादों के लिए पूरे देशभर में विख्यात है। नगर फिरोजाबाद के वर्तमान में स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज (पूर्व में जिला अस्पताल) परिसर में निर्मित 12 शय्याओं की क्षमता का ट्रामा सेन्टर स्थापित है।

उक्त ट्रामा सेन्टर में एम0आर0आई0 मशीन की उपलब्धता न होने के कारण गम्भीर रूप से घायल रोगियों को तत्काल उपचार न मिल पाने और ऐसी स्थिति में एस0एन0 मेडिकल कालेज आगरा रेफर करने के कारण बड़ी संख्या में रोगियो/पीड़ितो को जीवन से हाथ धोना पड़ता है। यहां उल्लेखनीय है कि एम0आर0आई0 मशीन के अभाव में ट्रामा सेन्टर अपने यहां ''एक्यूट ट्रामा'' की परिस्थितियों में अपने उद्देश्यों की पूर्ति करने में पूरी तरह असफल सिद्ध हो रहा है।

अतः मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुये तत्काल प्रभाव से ट्रामा सेन्टर के लिए एक आधुनिक उच्च क्षमतायुक्त एम0आर0आई0 मशीन एवं सम्बन्धित मानव संसाधन उपलब्ध कराये जाने की मांग करता हूं।]

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद में मोहल्ला आदर्शनगर के अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री मुकेश चन्द्र वर्मा-

[महोदय, जनपद फिरोजाबाद अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद के मोहल्ला आदर्श नगर में अम्बेडकर पार्क में जल भराव होने से पार्क की स्थिति अत्यन्त जर्जर है। जिसके कारण कालोनीवासियों को सुबह शाम घूमने एवं बच्चों को खेलने-कूदने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त पार्क के सौन्दर्यीकरण को लेकर नगर पालिका स्तर पर कई बार अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया व शासन स्तर पर भी कार्रवाई हेतु प्रयास किया। लेकिन शासन-प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गयी है। जनहित में उक्त पार्क का सौन्दर्यीकरण होना अति आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मोहनलालगंज में राजकीय नलकूप की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अम्बरीश सिंह पुष्कर 'एडवोकेट'-

[महोदय, आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे विधान सभा क्षेत्र-176 मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के किसानों की अत्यंत ज्वलंत समस्या को बताना चाहता हूं कि क्षेत्र के विकास खण्ड मोहनलालगंज के गांवों के किसानों के लिए नहरें तो बनी हैं परन्तु अधिकांश नहरों में पानी नहीं आता है। जिससे क्षेत्र के किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। नहरों में पानी न आने से बर्बाद हो रही फसलों की सिंचाई के लिए नहर क्षेत्र/कमाण्ड हटवाकर जांच कराने के बाद राजकीय नलकूप स्थापित/लगवाये जाने से किसान खुशहाल होगा।

अतः इस जनहित एवं लोक महत्व के गम्भीर विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए विकास खण्ड मोहनलालगंज क्षेत्र में बनी नहरों से कमाण्ड हटवाकर सिंचाई के लिए अधिकाधिक संख्या में राजकीय नलकूप स्थापित करवाये जाने हेतु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये जाने की मांग करता हूं।]

जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के कतिपय अस्पतालों में डाक्टर, स्टाफ एवं अन्य सुविधायें यथाशीघ्र चालू कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा-

[महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के विषय की ओर दिलाना चाहता हूं कि जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के अन्तर्गत सी0एच0सी0 मिरा नगर,

---

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

पी0एच0सी0 बाबुपुर शेखपुर बिलौली, चांदपुर बाजार, पोखरा कलां, भुडकुडा, अहिबनपुर के अस्पतालों के भवन बनकर तैयार हैं। इसमें डाक्टर व अन्य स्टाफ के साथ-साथ अन्य सुविधायें यथाशीघ्र चालू कराये जाने की आवश्यकता है। यह लोक महत्व का है और जनहित से जुड़ा हुआ है।

अतः इस अविलम्ब लोक महत्व के विषय को सदन के संज्ञान में लाते हुए सरकार से वक्तव्य दिये जाने की मांग करता हूं।]

जनपद उन्नाव के विकास खण्ड हिलौली के अन्तर्गत दुन्दपुर नहर पुलिया का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अनिल सिंह-

[महोदय, जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र-167, पुरवा उन्नाव के विकास खण्ड-हिलौली अन्तर्गत, मौरावा-बछरावां-मुख्य मार्ग दुन्दपुर गांव के निकट दुन्दपुर नहर पुलिया अति संकरी एवं खाली है। जिससे क्षेत्रीय जनता को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है एवं उक्त पुलिया के संकरे के होने के कारण कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। क्षेत्रीय जनता द्वारा उक्त सकरी पुलिया का चौड़ीकरण कराए जाने का कई बार अनुरोध किया गया है पर अभी तक उक्त पुलिया का चौड़ीकरण नहीं किया गया है। जिससे क्षेत्रीय जनमानस में अत्यधिक आक्रोश व्याप्त है।

अतः इस सम्मानित सदन का एक अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।]

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम द्वारा जेल में राशन सप्लाई में राशन माफियाओं का हस्तक्षेप रोके जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अमिताभ बाजपेयी-

[महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के विषय की ओर दिलाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम द्वारा जेल में कैदियों के लिये राशन सप्लाई राशन माफियाओं के हाथों व्यक्तिगत रूप से अपनी चहेती फर्मों को लाभ पहुंचाने के लिये प्रति वर्ष राशन सप्लाई देने का कार्य सुचारु रूप चलता चला आ रहा है। जिसका आंकड़ा सरकार के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं क्योंकि राज्य कर्मचारी कल्याण निगम उन फर्मों से मिली भगत कर सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा है।

प्रति वर्ष 2,16,000 कु0 गेहूं/700 से 15,12,00,000

प्रति वर्ष 48,000 कु0 चावल/600 से 2,88,00,000

18,00,00,000 (अठारह करोड़ रुपये)

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जबकि भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष मार्केट से निर्धारित मूल रेट पर जेल में सप्लाई देने के लिये तय किया जाता है। जबकि जेल सप्लाई राशन इन फर्मों ने मार्केट रेट से अधिक क्यों लगा रखा है।

मार्केट रेट 1650 रु0/- कु0 से लेकर 1735 रु0/- कु0 रेट में है गेहूं का इसी प्रकार चावल का मार्केट रेट 2100 रु0/- कु0 से लेकर 2400/- कु0 का भाव रहता है।

मगर चहेतो फर्मों का जेल सप्लाई रेट गेहूं का 2350 कु0 दिया जाता है। इसी प्रकार चावल 2750 रु0/- कु0 के दामों को लगाकर जेल में राशन सप्लाई दी जाती है।

इस प्रकार जेल में दी जा रही गेहूं चावल की सप्लाई में 18 हजार करोड़ रुपये का चूना सरकार को लगाया जा रहा है।

इसी प्रकार फर्मों द्वारा जेल में गेहूं चावल की सप्लाई में लगाये जा रहे बोरों की कीमत 55 रुपये लगाई जाती है। नये बोरों के नाम पर मगर उसी जगह पुरानी बोरों की कीमत 10 लगी होती है, जिसमें कि सरकार को लगभग बोरों के नाम पर 20 लाख रुपये का चूना प्रति वर्ष लगाया जाता है। जोकि सभी आंकड़ों को देखते हुए जेल के राशनिंग माफियाओं की काली कमाई को आपके सामने प्रस्तुत कर रहा हूं।

अतः इस पर सरकार से वक्तव्य दिये जाने की मांग करता हूं।]

जनपद उन्नाव के ब्लाक मियागंज से पनापुर भखरा खेडा में पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री बम्बा लाल दिवाकर-

[महोदय, सदन अवगत कराना है कि **ग्राम सभा नौगवां ब्लाक मियागंज से पनापुर भखरा खेडा शीर्ष कनहर माइनर के किनारे-किनारे होते हुए मवई बृम्हनान की पुलिया तक 0 से 06 कि0मी0 सड़क अत्यधिक खराब है उस क्षेत्र की जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क के निर्माण कार्य से लगभग पचासों गांवों की जनता को आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह कार्य कराया जाना नितान्त आवश्यक है।** यह लोक महत्व का विषय है।

अतः आपसे अनुरोध है कि लोक महत्व के प्रश्न को स्वीकार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर **ग्राम सभा नौगवां, ब्लाक मियागंज पनापुर भखरा खेडा शीर्श कनहर माइनर के किनारे-किनारे होते हुए मवई बृम्हनान की पुलिया तक 0 से 06 कि0मी0 सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु आदेश देने का कष्ट करे।**]

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नजीबाबाद के किसान सहकारी चीनी मिल के प्रदूषित जल से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री तसलीम अहमद-

[महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र-17 नजीबाबाद के किसान सहकारी चीनी मिल की आसवनी इकाई लगभग दो वर्ष चालू हुई है। इकाई में पोल्यूशन बोर्ड के मानकों का पालन नहीं किया गया है। इकाई के उत्पादन के द्वारा बहुत मात्रा में गन्दा पानी निकलता है। जो कि केमिकल युक्त है। इकाई के द्वारा केमिकल युक्त पानी निकलता है। इकाई से लगी किसानों की जमीन में बह रहा है जिससे चारो ओर किसानों की फसल नष्ट हो रही है, और तीन-तीन फुट केमिकलयुक्त गन्दा पानी किसानों की जमीनों में भरा रहता है। गांवों में हाईजनिक बीमारियां फैल रही है और भविष्य में किसानों की कोई फसल पैदा नहीं हो पायी है। इकाई द्वारा निकलने वाले गन्दे पानी से लगभग 50 बीघा जमीन खराब हो चुकी है। बार-बार प्रदूषण बोर्ड को शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई इकाई के खिलाफ नहीं की गयी है और इकाई ने शिकायत के उपरान्त भी अपना केमिकलयुक्त पानी बन्द नहीं किया है और किसानों का दो वर्ष में जो नुकसान हुआ है उसका मुआवजा भी अभी नहीं दिया गया है।

मैं सदन के माध्यम से कार्रवाई किये जाने की मांग करता हूं।]

जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम के कतिपय गांवों में विद्युत की समस्याओं का निराकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव-

[महोदय, सन् 2009 में जब विधान सभाओं का परिसीमन हुआ था उस समय पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 20 गांव नगर निगम सीमा के अन्तर्गत ले लिए गये थे और जहां पर चुने हुए पार्षद भी हैं। इन क्षेत्रों में बांस-बल्लियों के सहारे विद्युत विभाग ने नागरिकों को बिजली के कनेक्शन दे दिये थे। पिछले विधान सभा सत्र में नियम 51 के अन्तर्गत मैंने सरकार का ध्यान आकर्षित किया था कि इन बांस-बल्लियों को हटाकर विद्युत पोल लगाये जायं एवं भविष्य में विद्युत पोल लगाकर ही बिजली के कनेक्शन दिये जायं। नियम 51 के मेरे ध्यानाकर्षण नोटिस के उत्तर में मुझे मुख्य अभियन्ता लेसा सिस गोमतीनगर, लखनऊ ने एक पत्र लिख करके मांग की है कि पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर बांस-बल्लियों को हटाकर विद्युत पोल लगाने में जो भी खर्च आयेगा उसका 2/3 हिस्सा विद्युत विभाग वहन करेगा और 1/3 हिस्सा विधायक को अपनी विकास निधि से देना होगा। क्षेत्रीय विकास निधि कम होने के कारण विधायकों के लिए यह कार्य सम्भव नहीं है। अतः जनहित में यह आवश्यक है कि सम्पूर्ण राशि सरकार द्वारा वहन किया जाय।

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए सम्पूर्ण शासन के द्वारा वहन किये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर में कतिपय मार्गों का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री रोशन लाल वर्मा-

[महोदय, अवगत कराना है कि जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र-133 तिलहर के अन्तर्गत जनहित में कच्चे, जर्जर एवं गड्ढा युक्त मार्गों का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में मार्ग निम्नवत् हैं :-

1-ग्राम बगडेर से कलन्दरगंज तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 01 कि0मी0, विकास खण्ड-सिधौली।

2-ग्राम कुइंया कीरतपुर से कलन्दरगंज तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 02 कि0मी0, विकास खण्ड-सिधौली।

3-खिरिया पाठक चौराहा से बगडेर तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 01 कि0मी0, विकास खण्ड-सिधौली।

4-पुवायां शाहजहांपुर रोड पर बडागांव से वीरमपुर तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 02 कि0मी0, विकास खण्ड-पुवायां।

5-ग्राम सकुलिया से जमालपुर तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 01 कि0मी0, विकास खण्ड-सिधौली।

6-ग्राम पिपरियादास से नहर पटरी पर जलालाबाद तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 01 कि0मी0, विकास खण्ड-सिधौली।

7-ग्राम जलालाबाद से बबौरी तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 1.5 कि0मी0, विकास खण्ड-सिधौली।

8-ग्राम कंजा से पिपरिया प्रहलाद तक डामरीकरण लम्बाई लगभग 02 कि0मी0, विकास खण्ड-सिधौली।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत इस अविलम्बनीय, लोक महत्व के इस प्रश्न पर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्रवाई करने की मांग करता हूं।]

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली के अन्तर्गत तमसा नदी पर स्थायी पुलियों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री राम चन्द्र यादव-

[महोदय, अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली के अन्तर्गत तमसा नदी के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। उक्त नदी के लगभग 8 जगहों पर लोक निर्माण विभाग के महत्वपूर्ण मार्ग पड़ रहा है जिन पर अविलम्ब पुलियों की निर्माण की आवश्यकता है। बरसात के कारण ग्रामीणों को नदी पार करने के लिए लकड़ी एवं बांस-बल्लियों से बने अस्थाई पुल से आना-जाना पड़ता है जोकि अत्यधिक बरसात होने के कारण अक्सर नष्ट हो जाते हैं जिससे आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उक्त लकड़ी के पुल के टूटने से छोटे स्कूली छात्रों की डूबने की भी घटना हो जाती है। इसलिए जनहित में स्थायी पुलियों का निर्माण कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए तमसा नदी पर पड़ने वाले सभी मार्गों पर पुल/पुलियों का निर्माण कराये जाने हेतु कार्रवाई करने की मांग करता हूं।]

प्रदेश में भू-गर्भ जल के बढ़ते संकट के निराकरण हेतु गठित उ0प्र0 जल प्रबन्धन एवं नियामक आयोग को सक्रिय कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री संजय गर्ग-

[महोदय, मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पूरे प्रदेश के सामने आज भू-गर्भ जल स्तर से हो रही गिरावट से भू-पयार्वरणीय संकट खड़ा है। केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के लगभग 280 विकास खण्ड अति दोहित, क्रिटिकल एवं सेमी क्रिटिकल श्रेणी में आ गये हैं। बढ़ते दोहन से विगत 10 वर्षों से नोएडा में प्रति वर्ग 1.10 मीटर गाजियाबाद में 93 से0मी0, वाराणसी में 68 से0मी0, कानपुर में 65 से0मी0, इटावा में 61 से0मी0, आगरा में 45 से0मी0 की दर से भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। शासन द्वारा कराये जा रहे तमाम उपायों के बावजूद भू-जल स्तर नहीं बढ़ पा रहा है। प्रदेश के फर्रुखाबाद, हमीरपुर और लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में भू-जल के अत्यधिक दोहन के फलस्वरूप वर्षाकाल में जमीन फटने (लैंड सब्सिडेंस) की घटनायें घटित हुई हैं। केन्द्रिय भू-जल बोर्ड के वैज्ञानिकों ने आने वाले वर्षों में लैंड सब्सिडेस की और घटनाओं की आशंका जताई है।

भूगर्भ जल के संकट को दूर करने के लिए शासन के लघु सिंचाई, जल विभागों, वन विभागों एवं ग्राम विकास विभागों द्वारा कराये जाने वाले कार्यों में आपसी तालमेल करते हुये

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जल संचयन के कार्यों के लिए एक समग्र दृष्टि एवं योजना की आवश्यकता है। अतः विश्व बैंक की संस्तुति के क्रम में 2014 में गठित उ0प्र0 जल प्रबन्धन एवं नियामक आयोग को पूर्ण रुप से सक्रिय कर तुरन्त गम्भीर प्रयास करने की आवश्यकता है।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय पर शासन के ध्यान को आकर्षित करते हुये निर्देशित करने की कृपा करें।]

जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र आलापुर के जन्दुआई कला बिजली घर में एक अतिरिक्त फीडर निकसपुर के नाम से लगवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्रीमती अनीता-

[महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर के अन्तर्गत जन्दुआई कला बिजली घर में एक अतिरिक्त फीडर निकसपुर के नाम से लगाये जाने की मांग काफी समय से की जा रही है। विद्युत फीडर न लगने के कारण इस क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से अधिभार अधिक होने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके कारण विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान हैं। बिजली विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई न होने से जनमानस में आक्रोश व्याप्त है।

अतः लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए जन्दुआई कला बिजली घर में एक अतिरिक्त फीडर निकसपुर के नाम से लगवाये जाने हेतु कार्रवाई करने की मांग करता हूं।]

जनपद गाजीपुर के विधान सभा क्षेत्र जमानिया में ताडीघाट बारा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्रीमती सुनीता-

[महोदय, जनपद गाजीपुर में ताडीघाट बारा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण अन्तर्गत सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है उक्त मार्ग लम्बाई लगभग 38 किमी तथा चौड़ाई 10 मीटर है। उक्त मार्ग पर पड़ने वाले ग्राम पंचायत रेवतीपुर में स्टेट बैंक रेवतीपुर से यूनियन बैंक रेवतीपुर तक लगभग 70 मीटर मार्ग की चौड़ाई मात्र 7 मीटर ही बन पायी है जिससे भविष्य में मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना है क्योंकि उक्त मार्ग बिहार प्रान्त को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय, लोक महत्व के इस प्रश्न पर आपके माध्यम से मार्ग के स्वीकृत चौड़ाई के अनुसार कार्य कराये जाने की मांग करता हूं।]

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद आगरा के विधान सभा क्षेत्र फतेहाबाद के ग्राम पतईयापुर में प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री जितेन्द्र वर्मा-

[महोदय, आगरा जिले के विधान सभा क्षेत्र फतेहाबाद में ग्राम पतईयापुर में प्राथमिक विद्यालय का भवन काफी पुराना एवं पूर्ण रूप से जर्जर है। जिसमें छात्र-छात्राएं एवं अध्यापकों को कभी भी कोई दुर्घटना होने का भय रहता है। छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुये जनहित में उक्त प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत करवाने का कष्ट करें।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के इस प्रश्न पर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्रवाई करने की मांग करता हूं।]

जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र कोल के कतिपय ब्लाकों में नलकूपों की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में, नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अनिल पाराशर-

[महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र अलीगढ़ जनपद कोल के ब्लाक लोधा के असिंचित गांव पडियावली, बडौली, फत्तेखा, हाजीपुर, चौदहा, मडराक, कोठिया शाहपुर, मनोहरपुर कायस्थ, न्होटी, आबूपुर, सहारनपुर, अहमदपुर, हसनपुर, आसना, मकरोला, ख्वाजा खेडिया, सिधारपुर आदि तथा ब्लाक धनीपुर के असिंचित क्षेत्र शहवाजपुर सिरावली, गडराना, भोपतपुर, हैवतपुर, कोछोढ़, बलीपुर, हाजीपुर फत्तेखा, भतुआ, सिकरना, पाली, रजापुर आदि गांव असिंचित क्षेत्र है। यहां पर सिंचाई की सुविधा न होने के कारण किसानों के सामने सिंचाई की समस्या होने के कारण फसल का सही उत्पादन नहीं हो पाता है जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। इन असिंचित क्षेत्रों में नलकूपों की स्थापना किया जाना जनहित में आवश्यक है।

अतः लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए उपरोक्त नलकूप लगाये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूँ।,

श्री लालजी वर्मा-

मा0 अध्यक्ष जी, इसमें हमारी भी एक सूचना थी, उसको नहीं लिया गया है।

(सदस्य श्री पूरन प्रकाश द्वारा खड़े रहने पर)

श्री अध्यक्ष-

आप क्या कह रहे हैं?

श्री पूरन प्रकाश-

मा0 अध्यक्ष जी, मैंने मथुरा का एक मामला नियम-51 में लगाया हुआ है।

नोट- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, यदि आपका मामला आज न आ पाया हो उसको सोमवार को ले लेंगे।

(श्री दयाराम चौधरी द्वारा खड़े होकर बोलने का प्रयास करने पर)

आपकी क्या बात रह गई है ?

श्री दया राम चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, मैंने नियम-301 में एक सूचना लगाई थी, हमारे यहां तीन-तीन अस्पताल हैं लेकिन वहां हार्ट का कोई डॉक्टर नहीं है।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, उसको देख लेंगे। अब हम उठते हैं, सोमवार, दिनांक 22-07-2019 को पूर्वाह्न 11.00 बजे फिर मिलेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन अपराह्न 02 बजकर 52 मिनट पर सोमवार, दिनांक 22 जुलाई, 2019 को अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक 19 जुलाई, 2019

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश।

नत्थी–ख

(देखिये नत्थी 'घ' अता0प्र0सं0–40 का उत्तर पीछे पृष्ठ 49 पर)

Directorate of Geology & Mining

5 Years Lease Details of Sand/Morrum (As LIVE ID F)

S.No	Name of Lessee	ADDRESS OF LESSEE	VILLAGE OF LEASE	GATA NO.	AREA (in Acre)	MOBILE NO.	ALLOTMENT DATE	EXPIRY DATE
			AGRA (Ordinary Sand Category- 1)					
1	[illegible] M/s MAHAKALI CONSTRUCTION	12/40 Nai Sarak [illegible] Road Khandauli AGRA	SWAMI	1 2	14 99	6395271946	1/11/2018	30/04/2023
2	[illegible] Kumar Brahmbh Herbal Pvt Ltd	A1 /123 LIT [illegible] Vatar 2 Sarabhand Fatehabad Gharondaa	AKBINIA	1175 5a	19 99	8860978553	28/05/2018	27/05/2023
3	[illegible]	Village Bhanta Post Bhabhan Gonda	AMADRA	1194 Mi	14 99	9559527154	20/05/2018	19/05/2023
4	Rajgopal Chaudhary	192/2 Vijay Nagar Colony Bhawan	KARMAHA	0/2	14 99	9990322111	15/06/2018	14/06/2023
			AMBEDKAR NAGAR (Ordinary Sand Category- 1)					
5	Manjeet Chawla	201 Preet Vihar New Delhi	GANESHPUR GAHIG	1b	19 54	7502206531	26/03/2018	25/03/2023
			AMBEDKAR NAGAR (Ordinary Sand Category- 1)					
6	Ajay Kumar	Ishwar Nagar Bhatgaon Tanda Ambedkar Nagar	GAURI NASINPUR	1 Mi	18 53	9120405835	19/12/2018	18/12/2023
7	Ashish Kumar Jaiswal	Bhabhan Basti	Mahalandpur Tappahavel	1Mi	25 94	9721239867	14/11/2018	13/11/2023
8	Neelam Singh	Katka Tahsilhas Sant Kabir Nagar	KARMAHI	2 mi	18 53	9695109017	1/18/2018	17-01-2023
9	Ram Bahadur	Chandrapur Nawabganj Gonda	MIZAMPUR	24Mi	12.47	7897934884	1/27/2018	26-01-2023
10	Shivju Singh	Maharishawa Gandhinagar Basti	Manjha Rajpur	1mi 2mi	17 29	9052757676	27/11/2018	26/11/2023
11	Shiv Prasad Chaudhary	Jalpurwa Gandhinagar Basti	AJMERI BAKSHAPUR	83MI	13 59	9170469399	3/1/2019	02/01/2024
			AURAIYA (Ordinary Sand Category- 1)					
12	ALOK KUMAR TRIPATHI PANDEY AND PANDEY BHC	VILLAGE AYANA AURAIYA	BEDHALPUR	99Mi 05	26.66	9458408922	19/12/2018	18/12/2023
			BAGHPAT (Ordinary Sand Category- 1)					
13	Ajit Singh Malhotra HSM Holdings	Nehru Ward Pipana Hoshangabad Madhya Pradesh	SAKHOND	620Mi 634M	47 98	7582200790	5/15/2018	14-05-2023
14	Manish Chauhan	Asilpur Khadkhadi	BADARKHA KHADER	1/2 /1	19.99	9837015489	2/23/2018	22-02-2023
15	Manulla Mehfuullah Kanchwala Apollo	11 CTS no 410 S.I.C.H S Ltd Chembur Mumbai	CHAPRAULI KHADAR	1/2	50	8815997385	18/06/2018	17/06/2023
			BAHRAICH (Ordinary Sand Category- 1)					
16	AJAY SINGH	126 LAXMANPURI FAIZABAD ROAD GHAZIPUR LUCKNOW	TAPE SIPAH	224BMI	25	9559661136	1/30/2018	29-01-2023
17	Manoj Singh	Nipanya Khodare Gonda	BHAURI	2296 kh	12.0043794	9838559919	4/16/2018	15-04-2023
18	Praveen Kumar	Rampur Raja Bahraich	MAJHA DARIYA BURD	1684 1688	25	6393439635	1/31/2018	30-01-2023
			BALLIA (Ordinary Sand Category- 1)					
19	Dadan Khan	Rayo Tnok Gonda	KHAIRAKHASH	593	11.9	7081540511	3/16/2018	15-03-2023
			BALRAMPUR (Ordinary Sand Category- 1)					
20	MADHUBALA	SHYAM COLONY BHAGWATI GANJ BALRAMPUR	PARSIYAGOSAI	330	6.39	6394906976	15/11/2018	14/11/2023
			BANDA (MORRUM)					
21	Achal Kumar Sharma Ms Gand Infra Developers	A 33 Krishna Bihar Railway Colony Quarar Aligarh UP	KHAPATIHA KALA	61/3	49.42	9369597018	14/02/2019	13/02/2024
22	Ajit Singh Jadoun Ms R S I Stone World Pvt ltd	E 7 M 708 Arera Colony Bhopal MP	LAHURETA	195/1 193	61.54	9026376634	28/11/2018	27/11/2023
23	Alok kumar Shukla Ms Falgun Giri	Kishanpur Khaga Fatehpur	CHANDAUR	2494	19.27	6429123124	1/12/2018	30/11/2023
24	Balkrishna Sharma Ms Choudhary Bent Udyog	Badfara Road Ambah Morena MP	SAADI KHADAR	4	32.12	7999970057	10/12/2018	09/12/2023
25	Devbrat Singh Silverline Automobiles	Mukhtayarganj Raghurajnagar Satna MP	SAADI KHADAR	176 117	113 66	7974555921	18/12/2018	17/12/2023
26	Devesh Mishra Starnet Marketing pvt ltd	12 type 3 CMRI Colony Dhanbaad	KOLAWALRAIPUR	721 723	49 42	9835142900	2/16/2018	15-02-2023
27	Gaurav kumar Sharma Ms Chaudhari Traders	Muraine Road Badfara Amwah Muraine	AMLOR KHADAR	7 176Mi	62 49	8423995827	10/12/2018	09/12/2023
28	Manish Kumar Gupta Ms Maa Jayanti Infrastructure	Choti Bazar Jharda Chauraha Banda	NIHALPUR SIYODHA	492/13	79.07	8423998151	16/11/2018	15/11/2023
29	RAJ KUMAR GUPTA	36 KHA KUCHA PARMESHWARI DAS RAMPUR	DURED	4881 4880	66 71	9839636753	6/12/2018	05/12/2023
30	Raman Sokhal	B 74 Shakti Apartmenet Sec 09 Rohini Delhi	DURED	5029	49.42	8081305424	23/02/2019	22/02/2024
31	Ramnaresh Sharma Jai Ambe Construction	Ward No 06 Drayworsan Road Kishori Dharmashala Ambah Morrame	SADI MADAN PUR	93/1L 98	45 96	7869794444	2/7/2018	6/2/2023
32	RANJEET SINGH	178 MISSION COMPOUND JHANSI	SADI MADAN PUR	92/6 92/7	7 46	6395056486	1/22/2018	21-01-2023
33	Ravindra Nath Singh Ms Prakash Infraventures	6/159 Vasit Khand Gomati Nagar Lucknow	KANWARA	337 Kh 3	59.3	8081632318	28/02/2019	27/02/2024
34	Renu Gupta Ms Giri Prakash Ram Avatar	128/34G H Block kidwai Nagar Kanpur	KHAPATIHA KALA	455	56 83	9369782376	18/02/2019	17/02/2024
35	Shiv Chandra Tripathi Tripathi Construction	Allahabad Road Gandhi Ganj Karvi Chitrakoot	TERA (B)	1766 2421	23 07	6307874027	30/10/2018	29/10/2023
36	Sudhir Kumar Ms Katyayni Natural Resources Ltd	Parev Bihata Patna Bihar	BHUREDI	1137 1137	91 42	8737047950	8/3/2019	07/03/2024
37	Sumant Gupta Ms Mallikarjun Associate	Gandhinagar Mahoba	MAHUTA	876kh 2676	53.89	6391079937	01/12/2018	30/11/2023
38	Tej bahadur Mishra Pk Tradersand Suppliers	Jaradi Kothi Police Line Banda	KISAORA	116g	44.47	6393323696	2/6/2018	5/2/2023
39	Upendra Kumar Gupta Ms Vamdev Glover Pvt Ltd	House no E 91 Shrinath bihar colony Flat no. 2 Chila Road Banda	Gancha	1971/1	34.71	8318882503	29/11/2018	28/11/2023
40	Vasudev Sharma Ms Vasudev Amar Ujala	Surajpura Nakhali Ater Bhind MP	PALHORA KHADAR	165 174	34.59	9170495305	10/12/2018	09/12/2023
41	Vipul Tyagi	House No 319 Noor Nagar Sihani Ghaziabad	JARAR	851 876	19 76	7309533574	30/10/2018	29/10/2023
42	Vinay Kumar	Saketpuri Road 1 Hanuman Nagar Patna Bihar	BILHARKA	05 09	61 77	9809532291	18/02/2019	12/02/2024
			BARABANKI (Ordinary Sand Category- 1)					
43	Anand Kumar	Mahadev Enterprises Satrikh Chauhat Road Barabanki	JHUHAMAU	1b2Mi 203M	12.94	9454767752	10/10/2018	09/10/2023
44	Arvind Kumar Singh	22 Priti Vihar Colony Near St Anthony College Nawabganj Barabanki	KARIMABAD MALAULI	1965 2044	18 24	7570004300	15/12/2018	14/12/2023

S.No	NAME	ADDRESS OF LESSEE	VILLAGE OF LEASE	GATA NO	AREA (in Acre)	MOBILE NO	ALLOTMENT DATE	EXPIRY DATE
47	[illegible]	Chhotepur Chakarsoal Nawabganj Gonda	Jagha Maramposi	549/1	25.41	9140080028	02/12/2018	4/11/2023
		BHADOHI (Ordinary Sand Category- 1)						
48	Pooja Sachdeva M/s Lalita Buildcon Pvt Ltd	69 Anand Lok New Delhi	KURDRAM TAHI	50	4.9824187	9536802369	1/10/2018	9/1/2024
49	Pooja Sachdeva M/s Lalita Buildcon Pvt Ltd	69 Anand Lok New Delhi	BHAIRIM PUR	162	16	9935924222	1/10/2018	30/04/2023
		BADAUN (Ordinary Sand Category- 2)						
50	Mandra Kumar	Chhotepur Sadatpur Udhamsingh Uttrakhand		42.221	13.12	8057491081	2/25/2018	24-04-2023
51	MOR SINGH YADAV	VILLAGE MEHMUDPUR SUNWADA KAGANI	BHIRAHEL	7 10 24 34	41.92	8057691016	4/24/2018	23-04-2023
		BULANDSHAHR (Ordinary Sand Category- 1)						
52	MOHD ALI	MOHAMMADABAD	UNCHA GAON KHADAR	01 Kanal 2	26.22	7500416360	3/2/2019	1/1/2024
		CHANDAULI (Ordinary Sand Category- 1)						
53	AJAY KUMAR SINGH	VILL/POST DHAUNTARA VARANASI	PURA VIJAY	2 G	60	8869943899	1/19/2018	18-01-2023
54	RAJESH PRASHAD YADAV	HOUSE NO 5 6/1/1 G 5 AKATHA	HASANPUR	2	25	8604494604	1/19/2018	18-01-2023
		CHITRAKOOT (MURRUM)						
55	Archana Devi	95/2 Sidhipur Karvi Chitrakoot	MAMSI BURURUG	218/1 234	4.84	7007785298	9/1/2019	8/1/2024
56	Kavach Kumar Tarmal M/s Prerna Vihan	3rd Floor 332 Vishal Chamber Sec 18 Noida Gbdnagar	CHANDI KHADAR	4 5 6	101.49	7007525039	9/1/2019	08/01/2024
57	RamaKant	115 Bagha Bisanda Banda	Sagar	7/1 100	8.95	9026082183	19/11/2018	18/11/2023
58	Shiv Chandra Tripathi Tripathi Construction	Allahabad Road Gandhi Ganj Karvi Chitrakoot	GADAULI	21	2.812	6394150627	6/11/2018	05/11/2023
		FAIZABAD (Ordinary Sand Category- 1)						
59	Sher Khan	Chaubepur Chakarsoal Nawabganj Gonda	BEGAMGANJ	22	14.82	8052829471	20/02/2018	19/02/2023
		FARRUKHABAD (Ordinary Sand Category- 2)						
60	SUBODH SHUKLA MS RC CONSTRUCTION	5/12 BAGH KUCHA FARRUKHABAD	BHAUPUR CHAURASI	970ka/1162	17.77	6391382915	24/05/2018	23/05/2023
61	Suresh Chandra Dem	Gautazeh Vichli Haldwani Nainital	GAGLAI MASHRAK	10	18.2	9125449806	12/10/2018	11/10/2023
		FIROZABAD (Ordinary Sand Category- 1)						
62	Ajay Pal Singh	Matsaina Sadar Firozabad	KODRA JALALPUR	1954/2	12.84	8958512151	6/10/2018	5/10/2023
63	Arvind Singh Rathore	Tulsi Nagar Kathgodam Haldwani Nainital Village of Lease Kutubpur Wazidpur		347	20.01	7535879011	23/04/2018	22-04-2023
64	Rajesh Sharma	2 450/1 Tulsi Nagar Haldwani Nainital	HARIHA	2534	20.84	7535880251	23/04/2018	22-04-2023
65	Sukhveer Singh	Kishandaspura Po Jalalpur Firozabad	MADHUA	1055/2	13.83	7535871911	21/04/2018	20-04-2023
66	Trilokchand Kushwaha M/s T C Builders	102 Tila Basti Chopaki Firozabad	NYAMAT PUR	1569Mi	19.76	6396926665	12/04/2018	11/4/2023
		GAUTAMBUDDH NAGAR (Ordinary Sand Category- 1)						
67	Raghwendra Dubey M/s Grit and Mori Infra Pvt Ltd	J 345 Rustampur Nanar Road Near Jagdish Hospital Gorakhpur	ASGARPUR JAGIR	483/2	46.96	9667930995	25/04/2018	24-04-2023
68	Suyash Jaiswal	Marwatiya Pandey Bazar Purani Basti Basti	YAKOOTPUR	1Mi 32Mi	17.74	9315303039	17/12/2018	16/12/2023
		GHAZIABAD (Ordinary Sand Category-1)						
69	Poonam Chauhan M/s Omkar Laxmi Shubham Pvt Ltd	H No 7 Chand Sarpanch Gali Sungarpur North West Delhi	NAURASPUR	1	4.47	9821068673	5/11/2018	04/11/2023
		GONDA (Ordinary Sand Category- 1)						
70	Ajay Kumar Singh Aradhya Enterprises	Pho 9 Ajay Nagar Kamta Chinhat Lucknow	SONOULI MUHAMMED PUR	6186 Ka	14.82	7600772266	1/5/2018	30-04-2023
71	Bheem Singh Kumar Construction Company	Pho 9 Ajay Nagar Kamta Chinhat Lucknow	SONOULI MUHAMMED PUR	6191 Cha	14.82	6386393348	1/5/2018	30-04-2023
72	Karan Bhushan Sharan Singh Nandini Infrastructure	Vishnoharpur Pargana Nawabganj Tarabganj Gonda	DURGA GUNJ	2769 Mi	59.3	7800890695	15/05/2018	14-05-2023
73	Mayapati Pandey APM Mining	APM Mining Block 431 E SFS Flats Third Floor Astha Kunj Sector 18 Rohini Delhi	PARAAS MAHVAAR	2081 2083	27.132171	6386031188	19/04/2018	18-04-2023
		GORAKHPUR (Ordinary Sand Category- 1)						
74	Amrendra Sahi	Belghat Gorakhpur	RATANPURA	Ghe	12.35	9196291711	3/4/2018	2/4/2023
75	Sheela Chand	MIG 121 Rapti Nagar Phase 1 Shahapur Gorakhpur Village of Lease Pathara Misr		Ghe	12.35	6386361447	18/04/2018	17-04-2023
		HAMIRPUR (MORRUM)						
76	Ajay Raj Sunil Sanjay Vaibhav Mahendra Samar	Near Hero Honda Showroom Kheda Karsi Hoshangabad M P	TIKAPUR	19/13	30.01	8318164038	28/05/2018	27/05/2023
77	Ajit Singh Malhotra Saurabh Purohit HSM Holdings	Nehru Ward Pipriya MP Village of Lease Kirua Betriya		22/30	60.02	6389069980	14/05/2018	13-05-2023
78	Anil Dixit Ms Kanha Construction Company	Geru Wale Bangla Tyagi Nagar Murar Gird Gwalio	BHEDI KHARKA	23/13	30.01	8770358868	7/12/2018	06/12/2023
79	Arun Kumar Rishabh Herbal Pvt Ltd	A1 /123 DLF Dilshad Vister 2 Sahibabad Pasauda	SHANKARIPIPAK	14/1	30.01	6394536430	15/01/2019	14/01/2024
80	Atulendra Singh Tomar Ms Shri Construction	129/10Civil Line Jhansi	SAHURAPUR	18/1	90.03	9098570163	07/12/2018	06/12/2023
81	Awadhesh kumar Ms Yadav and Sons	B 1/35 Sec LDA Kanpur Road Ashiyana Lucknow	BHEDI KHARKA	23/12	30.01	8004912944	11/12/2018	10/12/2023
82	Brijesh Chandra Ms Baba Bhole Nath Traders	Ghingpur Hari Nagar Sikandarpur Kannauj	BERI	10/36	30.01	6307316172	4/12/2018	03/12/2023
83	Brijesh Singh Ms New Mirzapur sand stone	Biseratpur Adalpura Mirzapur	BAKCHA KHADER	29/3	30.0109	8840943157	17/11/2018	16/11/2023
84	CHANDRABHAN SINGH	405KH NAYA PATEL NAGAR URAI	BHEDI KHARKA	23/19	30.01	9120997712	7/12/2018	6/12/2023
85	Deepak Bengal Ms MT International	10/435 Khalasi Lines Bhul Kanpur Nagar	CHIKASI	24/8	49.42	9839177021	15/01/2019	14/01/2024
86	Devendra Bhandari Ms AD Agro Foods PVT LTD	Flat B Second Floor Sagarmathu Apartment 18 M	KANDAUII	9/2	72.02	9026527776	7/12/2018	06/12/2023
87	Devendra Bhandari Ms AD Agro Foods PVT LTD	Flat B Second Floor Sagarmatha Apartment 18 MG Road Indore M P	Bithi	10/19	30.01	9026420783	1/12/2018	30/11/2023
88	Dharmendra Singh Tomar Ms New Eun Associate	101 Tansen Nagar Gwalior MP	CHANDWARI GHURAULI	26/3	60.02	9993799999	4/12/2018	03/12/2023
89	Giraj Kumar Sharma Ms Chaudhari Traders	Muraina Road Badfera Amwah Muraina	BHEDI KHARKA	23/8	60.02	9179610611	02/04/2018	1/4/2023

S.No	Name	ADDRESS OF LESSEE	VILLAGE OF LEASE	DATA NO	AREA (in Acre)	MOBILE NO.	ALLOTMENT DATE	EXPIRY DATE
94	[illegible]	Ward No 10 [illegible]	BIRUSI	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
95	[illegible]	A 170 VIKAS NAGAR SECTOR 4 [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	7/12/2018	[illegible]
96	[illegible]	172 CP [illegible]	CHANDWARI CHURAULI	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
97	[illegible]	2L Bhawani Nagar BHEL Gate No 1 [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
98	Rahul Gupta	15/74 7b Baba Iqbal Civil Lines Bara Gaon Kanpur Nagar	BIRI	[illegible]	[illegible]	[illegible]	25/01/2019	[illegible]
99	[illegible]	Sahkari Awas Nirman and Vitt Nigam Ltd [illegible]	CHANDWARI CHURAULI	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	14/01/2024
100	[illegible]	E 5/8 Greater Kailash Part 2 New Delhi	BERI	10/21	76.03	9260758162	4/2/2019	03/02/2024
101	Santosh Kumar Sachan	1/349 Vallabh Friend Gomtinagar Lucknow	BERI	10/33	50.01	8175910158	4/12/2018	03/12/2023
